वर्ष 10 अंक 174
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, गुरुवार
3 अप्रैल 2025
मूल्य: 4 रुपये


# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर





nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in


DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20



03 पुल ढहने की घटना: न्यायालय ने कहा-अधिकारी निलंबित.. 06 हुज़ूर आप कोई फ़ैसला करें तो सही!: ऋषभदेव शर्मा 11 मुंबई को छोड़कर अब गोवा के लिये खेलेंगे यशस्वी जायसवाल










# संसद पर भी था वक्फ का दावा, वक्फ संपत्तियों का सही प्रबंधन होता तो देश की तकदीर बदल जाती : रीजीजू

**नयी दिल्ली,** (भाषा) सरकार ने बुधवार को कहा कि अगर वह वक्फ संशोधन विधेयक नहीं लाती तो संसद भवन समेत कई इमारतें दिल्ली वक्फ बोर्ड के पास चली जातीं और कांग्रेस के शासनकाल में वक्फ संपत्तियों का सही से प्रबंधन होता तो केवल मुसलमानों की ही नहीं, बल्कि देश की तकदीर भी बदल जाती।

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को चर्चा और पारित कराने के लिए रखते हुए यह भी कहा कि इसके माध्यम से सरकार और वक्फ बोर्ड मस्जिद समेत किसी धार्मिक संस्था के किसी धार्मिक कामकाज में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ विपक्षी दलों के दावों को खारिज करते हुए कहा कि 1995 में जब कई संशोधनों के साथ व्यापक कानून बनाया गया था, तब किसी ने नहीं कहा था कि यह असंवैधानिक और गैरकानूनी है।

रीजीजू ने कहा, ''आज हम इसे सुधार कर ला रहे हैं तो यह असंवैधानिक लग रहा है। तर्कों पर बात कीजिए। जिन बातों का विधेयक से कोई लेनादेना नहीं, उन पर बात की जा रही है और लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि सरकार मस्जिद, दरगाह और मुसलमानों की संपत्तियों को छीन लेगी जो पूरी तरह गुमराह करने वाली बात है। रीजीजू ने साफ किया कि यह विधेयक पूर्वगामी प्रभाव से लागू नहीं होगा। उन्होंने इस विधेयक की जरूरत के कारण गिनाते हुए कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले 2013 में तत्कालीन संप्रग सरकार ने कुछ ऐसे कदम उठाए जिनसे कई संपत्तियां दिल्ली वक्फ बोर्ड के पास चली जातीं।

रीजीजू ने कहा कि 2013 में पहली बार वक्फ कानून में यह बदलाव किया गया कि इस देश में किसी भी धर्म का व्यक्ति वक्फ बना सकता है। उन्होंने कहा कि इनके अलावा ऐसे प्रावधान किए गए कि शिया वक्फ में शिया ही रहेंगे, सुन्नी वक्फ में सुन्नी ही रहेंगे तथा बाहर से कोई और नहीं आ सकता।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने कहा, ''एक धारा में तो यह तक लिखा गया कि वक्फ बोर्ड का कानून किसी भी



मौजूदा कानून के ऊपर रहेगा। इस देश में ऐसा कानून कैसे मंजूर किया जा सकता है।'' उन्होंने कहा कि दिल्ली स्थित इस संसद भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स समेत कई संपत्तियों पर दिल्ली वक्फ बोर्ड का दावा था।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से ऐन पहले 5 मार्च 2014 को उस समय की संप्रग सरकार ने आवासन और शहरी विकास मंत्रालय के अधीन 123 मुख्य संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित कर दिया। रीजीजू ने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा, ''कुछ दिन इंतजार करते। आपको लगा कि वोट मिलेंगे, लेकिन आप चुनाव में हार गए। ऐसे काम से वोट नहीं मिलता। देश की जनता समझदार है।''

रीजीजू ने कहा, ''आज हम ये संशोधन लेकर नहीं आते तो इस संसद भवन पर भी दावा किया जा रहा था। अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार नहीं आती तो न जाने कितने भवन वक्फ को चले जाते।'' उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे अधिक वक्फ संपत्ति भारत में है और इतनी अकूत जायदाद होने के बाद भी इतने सालों तक गरीब मुसलमानों के उत्थान के लिए, उनकी शिक्षा के लिए काम क्यों नहीं हुआ?

रीजीजू ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब मुसलमानों के हित में काम हो रहा है तो क्या आपत्ति है। सही तरीके से देश में वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन होता तो मुस्लिम समुदाय और देश दोनों की ही तकदीर बदल जाती।'' उन्होंने कहा कि 2006 में 4.9 लाख वक्फ संपत्ति देश में थीं और इनसे कुल आय मात्र 163 करोड़ रुपये की हुई, वहीं 2013 में बदलाव करने के बाद भी आय महज तीन करोड़ रुपये बढ़ी। रीजीजू ने कहा, ''देश इसे कभी मंजूर नहीं कर सकता। वक्फ संपत्तियों को बेकार नहीं पड़े रहने नहीं दिया जा सकता। गरीब और आम मुसलमानों के लिए इसका इस्तेमाल करना ही होगा।'' उन्होंने कहा कि आज देश में कुल 8.72 लाख वक्फ संपत्ति हैं।

रीजीजू ने कहा कि इस विधेयक में यह महत्वपूर्ण प्रावधान रखा गया है कि महिलाओं और बच्चों के अधिकार सुरक्षित करके ही वक्फ बनाया जा सकता है, वहीं आदिवासियों की जमीन को वक्फ संपत्ति नहीं बना सकते।

उन्होंने कहा कि इस कानून की सबसे दमनकारी धारा किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने के प्रावधान वाली थी जिसका इस्तेमाल कुछ लोग अपने फायदे के लिए करते थे, गरीबों के लिए नहीं। रीजीजू ने कहा कि कानून में ऐसी ही कुछ विसंगतियां थीं जिसके लिए यह विधेयक लाया जा रहा है।

रीजीजू के मुताबिक, विधेयक में वक्फ संपत्ति को संभालने वाले मुतवल्ली, उसके प्रशासन और उस पर निगरानी का एक प्रावधान है। रीजीजू ने कहा, ''किसी भी तरीके से वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्ति का प्रबंधन नहीं करता और उसमें हस्तक्षेप नहीं करता।'' उन्होंने कहा, ''सरकार और वक्फ बोर्ड कभी किसी धार्मिक कामकाज में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। विधेयक में किसी मस्जिद के प्रबंधन में हस्तक्षेप का प्रावधान नहीं है।'' उन्होंने विपक्षी सदस्यों से कहा, ''यह सामान्य तरीके से संपत्ति के प्रबंधन का मामला है। मुस्लिमों की जकात आदि धार्मिक भावनाओं से जुड़ी चीजों के बारे में पूछने वाले हम कौन होते हैं?

## भाजपा ने केरल के सांसदों से वक्फ विधेयक के समर्थन का अनुरोध किया; माकपा, आईयूएमएल ने विरोध किया

**तिरुवनंतपुरम/मदुरै,** (भाषा) केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस नीत यूडीएफ के प्रमुख घटक दल आईयूएमएल द्वारा बुधवार को केंद्र के वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करने का संकेतों के बीच भाजपा की प्रदेश इकाई ने राज्य के सांसदों से विधेयक का समर्थन करने का आग्रह किया।

माकपा की राज्य इकाई के सचिव एम वी गोविंदन ने स्पष्ट किया कि पार्टी सांसद संसद में विधेयक के खिलाफ मतदान करेंगे। इसी तरह का रुख अपनाते हुए इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के प्रमुख पनक्कड़ सैय्यद सादिक अली शिहाब थंगल ने कहा कि सभी धर्मनिरपेक्ष दलों ने संसद में विधेयक का विरोध करने का फैसला किया है।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि विधेयक पारित हुआ तो मुस्लिम लीग इसे अदालत में चुनौती देगी। आईयूएमएल के राष्ट्रीय महासचिव पी के कुन्हालीकुट्टी ने कहा कि यह कानून खतरनाक है क्योंकि यह केवल मुस्लिम समुदाय को प्रभावित नहीं करेगा।

## विशिष्ट शख्सियत

अपने पेशे में तो बहुत से व्यक्ति विशिष्ट होते हैं, जैसे कोई उत्कृष्ट अध्यापक, डॉक्टर, वकील, लेखक,पेंटर या बेहतरीन खिलाड़ी हो सकता है, लेकिन कुछ शख्सियत ऐसी भी होती हैं जो अपने पेशे में प्रसिद्ध होने के साथ साथ निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के रचनात्मक कार्य भी अत्यंत मनोयोग से करते हैं। इस श्रृंखला में हम देश भर से कुछ ऐसी ही विशिष्ट शख्सियत को प्रस्तुत कर रहे हैं जिनके विचार और कर्म अत्यंत प्रेरक और अनुकरणीय हैं।

रविवार 6 अप्रैल को इस श्रृंखला में आ रहे हैं वरिष्ठ लेखक, कार्टूनिस्ट, पेंटर और जल संरक्षक -**आबिद सुरती**

# वक्फ विधेयक : संयुक्त रणनीति बनाने के लिए 'इंडिया' गठबंधन ने की बैठक

**0नयी दिल्ली,** (भाषा) विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' ने मंगलवार को एकजुटता दिखाते हुए संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक का विरोध करने के लिए संयुक्त रणनीति पर चर्चा की। इस विधेयक को चर्चा और पारित कराने के लिए पहले लोकसभा में लाया जाएगा। विपक्षी दलों ने संसद भवन में बैठक की, जिसमें इस विवादास्पद विधेयक को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई।




बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और केसी वेणुगोपाल, समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव, राकांपा नेता सुप्रिया सुले, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी और आप के संजय सिंह शामिल हुए। बैठक में द्रमुक के टी आर बालू, तिरुचि शिवा और कनिमोई, राजद के मनोज कुमार झा, माकपा के जॉन ब्रिटास, भाकपा के संदोष कुमार पी, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन और वाइको भी उपस्थित थे।

खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सभी विपक्षी दल एकजुट हैं और वक्फ संशोधन विधेयक पर मोदी सरकार के असंवैधानिक एवं विभाजनकारी एजेंडे को हराने के लिए संसद के पटल पर मिलकर काम करेंगे।'' वहीं, गांधी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि संसद में लोकसभा और राज्यसभा दोनों के विपक्षी नेताओं की बैठक हुई। उन्होंने कहा, ''बैठक के दौरान हमने वक्फ विधेयक पर विस्तृत चर्चा की, जो कल संसद में पेश किया जाएगा।''

कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने कहा, ''हमें संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी है और यह विधेयक वास्तव में एक लक्षित कानून है। यह असंवैधानिक भी है। हम, 'इंडिया' गठबंधन में शामिल दल, जो संविधान में विश्वास करते हैं, विधेयक के खिलाफ मतदान करने जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह संविधान का स्पष्ट उल्लंघन है। संविधान में विश्वास रखने वाले लोग निश्चित रूप से इसका विरोध करेंगे।'' वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि ईसाई समुदाय की चर्चों के संबंध में चिंताओं का समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हम चाहते हैं कि मुनंबम वक्फ भूमि विवाद का मुद्दा सुलझ जाए।''

केरल के एर्नाकुलम जिले में लगभग 400 एकड़ भूमि को लेकर राज्य के वक्फ बोर्ड और भूमि के कब्जाधारकों 0के बीच विवाद ने तूफान खड़ा कर दिया है। तृणमूल सांसद बनर्जी ने कहा, ''हम चर्चा और मतदान में भी भाग लेंगे। हम चर्चा करना चाहते हैं लेकिन भाजपा ऐसा नहीं करना चाहती। हम संसद के पटल पर इस मामले पर चर्चा करना चाहते हैं।




# नक्सलियों के साथ बिना शर्त शांति वार्ता के लिए तैयार है छत्तीसगढ़ सरकार : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा



रायपुर (भाषा) छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि वह नक्सलियों के साथ बिना शर्त शांति वार्ता के लिए तैयार है।

शर्मा का बयान ऐसे समय में आया है जब कथित तौर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) ने कुछ शर्तों के साथ 'युद्ध विराम' की घोषणा करने की इच्छा जताई है। माओवादियों की शर्तों में नक्सल विरोधी अभियान और सुरक्षाबलों के नए शिविर स्थापित करने से रोकना शामिल है।

बुधवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित माओवादियों द्वारा जारी एक कथित बयान में माओवादियों ने केंद्र और राज्य सरकारों से शांति वार्ता के लिए अनुकूल माहौल बनाने को कहा है। माओवादियों की केंद्रीय समिति के प्रवक्ता अभय द्वारा 28 मार्च, 2025 को जारी किया गया यह कथित बयान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की छत्तीसगढ़ की निर्धारित यात्रा से दो दिन पहले सामने आया है। माओवादियों के कथित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए गृह विभाग भी संभालने वाले शर्मा0 ने कहा, ''सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि वह नक्सलियों के साथ बिना शर्त शांति वार्ता के लिए तैयार है तथा राज्य सरकार ने एक आकर्षक आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति पेश की है।'' उपमुख्यमंत्री ने कहा, ''उन्होंने (नक्सलियों ने) पहले भी इस बारे में (शांति वार्ता) कहा था, लेकिन कई नियम और शर्तें रखी थीं। माओवादियों ने ऐसी शर्तें रखी थीं कि सुरक्षाबलों को छह महीने तक शिविरों में रहना चाहिए और सुरक्षाबलों के नए शिविर नहीं बनाए जाने चाहिए। ऐसी सभी मांगों का कोई मतलब नहीं है और उन पर विचार नहीं किया जा सकता। अब उन्होंने अपने पत्र (बयान) में कहा है कि वे युद्ध विराम की घोषणा करेंगे। युद्ध विराम का कोई मुद्दा नहीं है। मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि ऐसी शब्दावली के साथ बातचीत कैसे होगी।''

उन्होंने कहा, ''मैं पहले भी कह चुका हूं और फिर कह रहा हूं कि राज्य और केंद्र सरकार एक भी गोली नहीं चलाना चाहतीं और पुनर्वास नीति इसी उद्देश्य से लाई गई है। बहुत से लोगों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्हें नीति का लाभ दिया जा रहा है। हम चाहते हैं कि नक्सली हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हों और खुशहाल जीवन जिएं। शर्मा ने कहा, ''हम चाहते हैं कि यह समस्या खत्म हो और बस्तर क्षेत्र के हर गांव में विकास हो।''

उन्होंने कहा, ''वे कहते हैं कि यदि सरकार सुरक्षाबलों के शिविरों का विस्तार नहीं करती तो वे युद्ध विराम की घोषणा कर देंगे। क्या युद्ध की स्थिति है? अगर वे वास्तव में बिना किसी शर्त के शांति वार्ता चाहते हैं तो सरकार सौ बार तैयार है। अगर आप (नक्सली) शांति वार्ता चाहते हैं तो आपको एक व्यक्ति या समिति भेजनी चाहिए।''

यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार शांति वार्ता के लिए समिति बनाएगी, शर्मा ने इनकार करते हुए कहा कि सरकार ने पहले भी ऐसी समितियां बनाई हैं, लेकिन अब वह ऐसा नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यदि नक्सली वास्तव में बातचीत करना चाहते हैं तो उन्हें कोई व्यक्ति या समिति भेजनी चाहिए।

माओवादियों द्वारा मूल रूप से तेलुगु में जारी कथित प्रेस नोट में कहा गया है कि केंद्र सरकार और (नक्सली हिंसा के खतरे का सामना कर रही) राज्य सरकारों ने संयुक्त रूप से क्रांतिकारी आंदोलन के खिलाफ 'कागर' अभियान शुरू किया है।

प्रेस नोट में कहा गया है कि केंद्र और राज्य सरकारों ने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ में माओवाद विरोधी अभियान तेज कर दिए हैं और पिछले 15 महीनों में 400 से अधिक माओवादी मारे गए हैं।

## प्रधानमंत्री ने 75 साल बाद वक्फ विधेयक पेश कर साहसिक कदम उठाया: हिमंत

गुवाहाटी (भाषा) असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक पेश करके एक साहसिक कदम उठाया है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने दिन में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को चर्चा और पारित कराने के लिए लोकसभा में रखा। शर्मा ने जोरहाट में संवाददाताओं से कहा, वक्फ विधेयक आज संसद में पेश किया गया। यह कानून भारत के लिए बहुत जरूरी था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 75 साल बाद एक साहसिक कदम उठाया है। मैं उन्हें बधाई देता हूं और धन्यवाद देता हूं। उन्होंने आशा जतायी की कि यह कानून संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित कर दिया जाएगा। विधेयक को सदन में पेश करते हुए रीजीजू ने कहा कि इस विधेयक का धर्म से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि यह केवल संपत्ति से संबंधित है। इस विधेयक की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने पड़ताल की थी और उसका फिर से मसौदा तैयार किया था।

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के शपथ समारोह को रोकने के लिए उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर



लखनऊ (भाषा) इलाहाबाद उच्च न्यायलय की लखनऊ पीठ में बुधवार को एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को शपथ दिलाने से रोकने का निर्देश देने की अपील की गई है। अदालत के सूत्रों ने यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति वर्मा को हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया था। राष्ट्रीय राजधानी के लुटियंस क्षेत्र में न्यायमूर्ति वर्मा के सरकारी आवास में 14 मार्च को आग लगने के बाद नकदी की जली हुई गड्डियां मिली थीं। विकास चतुर्वेदी द्वारा दायर जनहित याचिका पर चार अप्रैल को सुनवाई होने की उम्मीद है। चतुर्वेदी का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता अशोक पांडे ने तर्क दिया कि चूंकि भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने कथित तौर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को निर्देश दिया है कि वह नकदी मामले की जांच के दौरान न्यायमूर्ति वर्मा को कोई न्यायिक कार्य न सौंपें, इसलिए शपथ समारोह का कोई औचित्य नहीं है। याचिकाकर्ता ने केंद्र सरकार की 28 मार्च, 2025 की अधिसूचना को भी चुनौती दी है, जिसमें न्यायमूर्ति वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिश को स्वीकार किया गया था।

## हमारे मन और शरीर के क्रिया-कलाप का संचालन करते हैं 86 बिलियन न्यूरॉन



हमारे मस्तिष्क मे तकरीबन 86 बिलियन न्यूरॉन होते हैं यही हमारे कानसस/सब कानसस मन और शरीर के क्रिया-कलाप का संचालन /नियंत्रण करते हैं। इनमे से कुछ न्यूरॉन मिरर न्यूरॉन कहे जाते है इनका कार्य आपके आस पास हो रही गतिविधियों(मानसिक/शारीरिक)की कापी करना होता है तभी ऐसा होता है की हम अपने पास यदि किसी को हंसते, रोते ,खुश होते दुखी होते देखते हैं तो हम भी अनायास वैसा ही करने लगते है.यह मिरर न्यूरॉन की वजह से होता है। दरअसल यह ऊर्जा संचरण का प्रभाव होता है।हमारा मस्तिष्क और शरीर निरन्तर ऊर्जा का उत्सर्जन करता है यह ऊर्जा हमारे मन की भावनाओं,सोच और विचारों के अनुरूप होती है यह ऊर्जा हमारे आसपास मे विसरित होती है ठीक इसी प्रकार हमारे आसपास भी अन्य स्त्रोतों से उत्सर्जित ऊर्जा विद्यमान रहती है जो हमारे न्यूरॉन/मिरर न्यूरॉन को प्रभावित करती है।यह ऊर्जा के आदान-प्रदान से होता है।मतलब यह है कि हम जहां और जिन लोगों के साथ उठते बैठते हैं उनका चयन अत्यंत सावधानीपूर्वक करना चाहिए यदि आप ऐसे लोंगो के साथ उठते बैठते हैं जिनकी सोंच नकारात्मक, दुखों से भरी,उत्साह और आशाओं से रहित, आलस्य और कर्महीनता से भरी है तो धीरे आपके मिरर न्यूरॉन इनकी कापी करके आपको भी वैसा ही बना देंगे इसके उलट यदि आप प्रसन्न, उत्साहपूर्ण, आशावान ,सकारात्मक और जीवन्त लोगों के साथ रहते हैं तो आप भी धीरे धीरे वैसे ही होने लगेंगे।

कहा भी गया है शठ सुधरहिं सतसंगति पाये।

## मन निर्मल नहीं तो पुजा पाठ व्यर्थ - गुरुवर श्री सत्तन



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

श्रीदास हनुमान मंन्दीर परिसर में आयोजक धर्मेश यादव ने बताया कि संगीतमय 7 दिवसीय राम हनुमान चरित्र माहोत्सव मनाया गया शोभायात्रा एवं कथा राष्ट्रीय कवि पं. गुरुवर श्रीसत्यनाराया जी सत्तन के मुखारविंद से अमृत कथा का रसपान किया सेकडो कि संख्या मै माताएं बहने भक्तों ने कथा का अमृतरसपान किया इस अवसर पर साधु संत मंहत माहामण्डलेश्वपुजारीगणों एवं प्रिन्ट-मिडिला ईलेक्ट्रनिक मिडिया के पत्रकारों एवं सामाजीक धार्मिक व्यापारिक संगठनो एवं संसाद विधायक पूर्व विधायक माहापौर एलआईसी सदस्य पार्षदों आम जनमानस ने कथा का श्रवण किया इस अवसर पर सत्तन गुरु शिष्य मंडल एवं साहित्यकारों एवं कवियों ने भी कथा का रसपान किया गुरुवर श्रीसतन जी ने माहकालेश्वर ज्योतिलिंग पर रुद्र अभिषक के रुद्राक्ष प्रसाद भक्तो को वितरित किया । संगीतमय कथा एवं भजनों के श्री धर झरकर एवं उनकी पूरी संगीत टीम को भी बधाई दी

सत्तन शिष्य मंडल एवं साहित्य संस्था जागत जनता मंच जाजम की ओर से आयोजक श्री धर्मेश यादव एवं उनकी पूरी टीम भक्त मण्डली का सफल आयोजन कि बधाई एवं शुभ कामनाएं दी

## नीतीश कुमार सद्भावना और सामाजिक सौहार्द की राजनीति करतेः श्रवण कुमार

### विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए नीतीश सरकार प्रतिबद्धः सुनील कुमार

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



पटना(बिहार)।बुधवार को जद(यू) के प्रदेश कार्यालय,पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने प्रदेशभर से पहुंचे आम जनों की समस्याओं से रूबरू होकर उनके निष्पादन हेतु आवश्यक पहल की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उक्त अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता सह पार्टी कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ एवं प्रकोष्ठों के प्रभारी प्रो.नवीन आर्य चंद्रवंशी मौजूद रहे।इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आम जनों की समस्याएं सुनी जाती हैं तथा उनके विधि-सम्मत निवारण के लिए आवश्यक पहल की जाती है।उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों की मदद करना हमारी प्राथमिकता है।साथ ही,उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं से धर्मनिरपेक्षता का प्रमाणपत्र लेने की आवश्यकता नहीं है।पूरा बिहार भली-भांति जानता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सद्भावना और सामाजिक सौहार्द की राजनीति करते हैं।शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि बिहार बोर्ड ने देशभर में सबसे पहले मैट्रिक और इंटरमीडिएट का परिणाम घोषित किया।यह राज्य सरकार की शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।साथ ही,उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

## कैबिनेट मंत्री की अध्यक्षता में नगर निगम और बिजली विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फरीदाबादः सेक्टर 16ए सर्किट हाउस में बुधवार को कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में फरीदाबाद विधानसभा के समस्त नवनिर्वाचित पार्षदों, नगर निगम अधिकारियों एवं बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विपुल गोयल के साथ खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री राजेश नागर भी उपस्थित थें।

इस महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य सभी विभागों और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था, ताकि वार्डों के विकास कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके और फरीदाबाद के नागरिकों को उच्चस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक के दौरान नागरिक सुविधाओं की बेहतरी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली पूरी तरह से परिणाम-आधारित है, और उनके लिए वही अधिकारी व जनप्रतिनिधि महत्वपूर्ण हैं जो पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते हैं। उन्होंने नगर निगम और बिजली विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी पार्षदों के साथ तालमेल बनाकर कार्य करें और किसी भी विकास परियोजना को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। विपुल गोयल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी विकास कार्य वर्तमान में चल रहे हैं, उन्हें तय समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। यदि किसी भी कार्य में अनावश्यक देरी होती है, तो इसे संबंधित अधिकारी की लापरवाही मानी जाएगी और उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## कोटा में श्रीमती नीतू शर्मा योग करवा लोगों के जीवन में ऊर्जा प्रदान कर रही हैं



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

जियो और जीवन दो को सार्थक करने के लिए योग साधना केंद्र द्वारा हमारी ओम एनक्लेव सोसायटी परिसर के पार्क में प्रातः 6 से 7.30 बजे तक ऊजार्वान समर्पित श्रीमती नीतू शर्मा द्वारा उत्साह और उमंग से रोज सबको योग करवाती है ।उसके पश्चात 7.30 से 8.30 बजे तक वरिष्ठ नागरिकों को योग करवाती है । हृदय तल से साधुवाद ।

## एशलोन में बैंकिंग करियर और सुरक्षा पर वर्कशॉप



फरीदाबादः एशलोन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने एक शानदार और प्रभावशाली अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन किया। जिसमें बैंकिंग करियर के अवसरों, बैंकिंग सेवाओं और बैंकिंग फ्रॉड से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। इस वर्कशॉप का उद्देश्य छात्रों को बैंकिंग सेक्टर की बारीकियों से अवगत कराना और उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पीयूष गोयल, मैनेजर लीड, जिला फरीदाबाद, केनरा बैंक, फरीदाबाद थे, जिन्होंने अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करते हुए बैंकिंग उद्योग में करियर के अपार अवसरों पर प्रकाश डाला। इस वर्कशॉप में एशलोन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्रों, फैकल्टी मेंबर्स और बैंकिंग क्षेत्र में रुचि रखने वाले अनेक युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अत्यंत उत्साह और जिज्ञासा के साथ प्रश्न पूछे, जिनका पीयूष गोयल ने विस्तार से उत्तर दिया। एशलोन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रवक्ता, तरुण ने कहा कि संस्थान भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा ताकि छात्रों को उद्योग विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने का अवसर मिले।

## रामनवमी के दिन बंगाल में डेढ़ करोड़ हिंदू रैलियों में शामिल होंगे : शुभेन्दु अधिकारी



कोलकाता, दो अप्रैल (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के वरिष्ठ नेता शुभेन्दु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि छह अप्रैल को राज्य भर में आयोजित होने वाली रामनवमी रैलियों में करीब डेढ़ करोड़ हिंदू भाग लेंगे। मध्य कोलकाता में भाजपा कार्यालय के बाहर भाजपा युवा मोर्चा की रैली में अधिकारी ने हिंदुओं से आग्रह किया कि वे अपने घरों से बाहर निकलें और शोभायात्राओं में शामिल होकर जय श्रीराम के नारे को बुलंद करें।

उन्होंने कहा, रामनवमी के पवित्र दिन कम से कम डेढ़ करोड़ हिंदू सड़कों पर उतरेंगे। कृपया घर पर बेकार न बैठें। अपनी ताकत दिखाएं। दिखाएं कि हिंदू एकजुट हैं। यह स्वामी विवेकानंद, स्वामी रामकृष्ण और मां शारदा की धरती है। हम शांतिपूर्वक रामनवमी मनाएंगे।

अधिकारी ने पहले कहा था कि लगभग 2,000 रैलियों में एक करोड़ हिंदू भाग लेंगे, लेकिन बुधवार को उन्होंने यह आंकड़ा संशोधित कर डेढ़ करोड़ बताया।

रामनवमी रैलियों का विरोध करने पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, ह्यमाकपा को हिंदू हितों और पहचान की रक्षा करने में कोई दिलचस्पी नहीं है; वे जमीनी हकीकत से अलग-थलग हैं।

उन्होंने रामनवमी समारोह का विरोध करते हुए फलस्तीन के मुद्दे पर रैली आयोजित करने के लिए माकपा की आलोचना की।

अधिकारी ने कहा, पिछले चुनावों में शून्य सीट हासिल करने वाली माकपा जल्द ही बंगाल के राजनीतिक परिदृश्य से गायब हो जाएगी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा भाजपा को ह्यभारतीय जुमला पार्टीह्न कहे जाने की निंदा करते हुए अधिकारी ने कहा, उन्होंने न केवल बंगाल से विधानसभा और संसद में निर्वाचित भाजपा प्रतिनिधियों का अपमान किया है, बल्कि पिछले आम चुनाव में भाजपा का समर्थन करने वाले 2.33 करोड़ मतदाताओं का भी अपमान किया है।

## भाजपा नेता व सूफी गायक हंस राज हंस की पत्नी का 62 साल की उम्र में निधन



चंडीगढ़ - (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद और मशहूर सूफी गायक हंस राज हंस की पत्नी रेशम कौर का बुधवार को 62 साल की उम्र में निधन हो गया।

लंबे समय से बीमार कौर ने जालंधर के टैगोर अस्पताल में आखिरी सांस ली। उनके परिवार में पति और दो बेटे-युवराज हंस और नवराज हंस हैं।

कौर के भाई परमजीत सिंह ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को सफीपुर गांव में होगा।

हंस राज हंस ने पिछले साल भाजपा के टिकट पर फरीदकोट संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वह उत्तर-पश्चिम दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद रह चुके हैं।

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ व शिरोमणि अकाली दल नेता दलजीत सिंह चीमा सहित कई नेताओं ने कौर के निधन पर दुख जताया।

# पुल ढहने की घटना: न्यायालय ने कहा-अधिकारी निलंबित किये गए, बाद में वापस बुला लिये गए

**नयी दिल्ली,** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने पुल ढहने की घटनाओं को लेकर बिहार सरकार को आड़े हाथ लेते हुए बुधवार को कहा कि ऐसी घटनाओं के बाद कुछ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था लेकिन हंगामा शांत होने के बाद उन्हें वापस बहाल कर दिया गया।



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उस जनहित याचिका को पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर दिया जिसमें बिहार में हाल के महीनों में कई पुलों के ढह जाने का दावा करते हुए पुलों की सुरक्षा को लेकर चिंता जतायी गयी थी।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि पटना उच्च न्यायालय बिहार में पुलों के संरचनात्मक और सुरक्षा आडिट को सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों की मासिक आधार पर निगरानी कर सकता है।

पीठ ने कहा, ''पुल ढहने की घटना के बाद कुछ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था, लेकिन घटना पर हंगामा शांत होने के बाद उन्हें वापस बहाल कर दिया गया।''

शीर्ष अदालत ने वकील एवं याचिकाकर्ता ब्रजेश सिंह की ओर से दायर जनहित याचिका पर राज्य सरकार और उसके प्राधिकारियों द्वारा प्रस्तुत विस्तृत जवाब की भी आलोचना की।

पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता एवं वकील ब्रजेश सिंह, राज्य प्राधिकारियों और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को 14 मई को उच्च न्यायालय में उपस्थित होने को कहा, जब मामले की अगली सुनवाई की तारीख वहां निर्धारित की जाएगी।

इस मामले की संक्षिप्त सुनवाई में राज्य सरकार ने कहा कि उसने राज्य में लगभग 10,000 पुलों का निरीक्षण किया है।

उच्चतम न्यायालय की पीठ ने कहा, ''हमने जवाबी हलफनामे का अध्ययन किया है। हम मामले को पटना उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर रहे हैं। जवाबी हलफनामे में उन्होंने (राज्य के प्राधिकारियों ने) विस्तार से बताया है कि वे क्या कर रहे हैं।'' पिछले साल 18 नवंबर को शीर्ष अदालत ने बिहार सरकार और अन्य को इस मुद्दे पर जनहित याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया था।

इससे पहले, याचिकाकर्ता ब्रजेश सिंह ने बिहार में पुलों की जर्जर स्थिति को उजागर करने के लिए विभिन्न खबरों और अतिरिक्त दस्तावेजों को रिकार्ड में लाने की अनुमति मांगते हुए अदालत का रुख किया था।

उच्चतम न्यायालय ने 29 जुलाई, 2024 को याचिका पर बिहार सरकार और एनएचएआई सहित अन्य पक्षों से जवाब मांगा था।

जनहित याचिका में संरचनात्मक आडिट के लिए निर्देश देने तथा एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध किया था, जो उन पुलों की पहचान करेगा जिन्हें या तो मजबूत किया जा सकता है या ध्वस्त किया जा सकता है।

शीर्ष अदालत ने राज्य और एनएचएआई के अलावा, पिछले साल जुलाई में सड़क निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड अध्यक्ष और ग्रामीण कार्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी नोटिस जारी किया था। पिछले साल मई से जुलाई तक बिहार के सिवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में पुल ढहने की कुल 10 घटनाएं सामने आई थीं।

कई लोगों ने इन घटनाओं के पीछे संभावित कारण भारी वर्षा बताया है।

जनहित याचिका में राज्य में पुलों की सुरक्षा और लंबे समय तक उनके टिकाऊ रहने के बारे में चिंता जतायी गई है, जहां आमतौर पर मानसून के दौरान भारी बारिश और बाढ़ आती है।

याचिका में उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित करने के अलावा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार पुलों की वास्तविक समय पर निगरानी का अनुरोध किया गया है।

याचिकाकर्ता ने कहा कि बिहार देश में सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित राज्य है, जिसका कुल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र 68,800 वर्ग किलोमीटर है, जो इसके कुल भौगोलिक क्षेत्र का 73.06 प्रतिशत है।

## दिल्ली के द्वारका इलाके में गैराज में लगी आग, 11 कारें जलकर खाक

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के द्वारका सेक्टर-24 इलाके में बुधवार तड़के एक गैराज में आग लगने से 11 कारें जलकर खाक हो गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की नौ गाड़ियां भेजी गईं।

दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार तड़के लगभग तीन बजे द्वारका इलाके के धुल सिरस स्थित एक गैराज में आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि सुबह चार बजकर पांच मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग में 11 कारें और कुछ कल पुर्जे (स्पेयर पार्ट्स) जलकर खाक हो गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने बताया कि द्वारका सेक्टर-23 पुलिस थाने में तड़के तीन बजकर 12 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि गैराज के मालिक रितिक ने बताया कि 'श्री श्याम ऑटोमोबाइल' के पास खड़ी 10 से 12 कारों में आग लगी है।

## चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक का तबादला, बीएसएफ में उप महानिरीक्षक बनाये गये

**नयी दिल्ली,** (भाषा) केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक सुरेंद्र सिंह यादव को सीमा सुरक्षा बल में उप महानिरीक्षक के पद पर स्थानांतरित किया है। गृह मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है।



गृह मंत्रालय (एमएचए) ने मंगलवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1997 बैच के एजीएमयूटी कैडर के अधिकारी को केंद्र शासित प्रदेश से सीमा सुरक्षा बल में स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया है, जिसका मुख्यालय राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में है।

यादव को पिछले साल मार्च में चंडीगढ़ का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया था।

आदेश में कहा गया है कि यादव को 'केंद्र में अपना नया कार्यभार संभालने के लिए तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया जा सकता है।'

चंडीगढ़ में महानिरीक्षक के पद पर वर्तमान में तैनात 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी राज कुमार सिंह को गृह मंत्रालय ने अगले आदेश तक केंद्र शाषित प्रदेश में डीजीपी का कार्यभार संभालने का निर्देश दिया है।

नियमों के अनुसार, उप महानिरीक्षक स्तर से लेकर अतिरिक्त महानिदेशक स्तर के अधिकारियों को केस-टू-केस आधार पर पद को अस्थायी रूप से अपग्रेड या डाउनग्रेड करके चंडीगढ़ में डीजीपी के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

# रील देखने की लत दिमाग ही नहीं 'खराब' कर रही, आंखों को भी बीमार कर रही

नयी दिल्ली, (भाषा) चिकित्सक पहले ही एक-दो मिनट की रील (वीडियो) देखने की लत से दिमाग पर नकारात्मक प्रभाव को लेकर चिंता जता चुके हैं लेकिन अब उन्होंने इसके आंखों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को लेकर चेतावनी दी है।



चिकित्सकों का कहना है कि बहुत अधिक समय स्क्रीन पर व्यतीत करने से विशेष तौर पर इंस्टाग्राम, टिकटॉक, फेसबुक और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया मंचों पर लगातार रील देखने से सभी आयु समूहों में, खासतौर पर बच्चों और युवाओं में आंखों की समस्या में वृद्धि हो रही है। यह चेतावनी मंगलवार को दिल्ली के यशोभूमि स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आयोजित एशिया पैसिफिक एकेडमी ऑफ ऑप्थैल्मोलॉजी और ऑल इंडिया ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसाइटी की संयुक्त बैठक के दौरान प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञों ने दी।

एशिया पैसिफिक एकेडमी ऑफ ऑप्थैल्मोलॉजी (एपीएओ) 2025 कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. ललित वर्मा ने बहुत अधिक समय स्क्रीन देखने पर व्यय करने के कारण होने वाली 'साइलेंट एपिडेमिक ऑफ डिजिटल आई स्ट्रेन' (डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल से खामोशी से बढ़ती आंखों की बीमारी की महामारी) के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी की।

उन्होंने कहा, ''हम आंखों में खुश्की, निकट दृष्टि दोष, आंखों में दबाव और यहां तक कि शुरुआती दौर में ही भेंगापन के मामलों में तीव्र वृद्धि देख रहे हैं, खासकर उन बच्चों में जो घंटों रील देखते रहते हैं।''

डॉ.वर्मा ने कहा, ''हाल ही में एक छात्र लगातार आंखों में जलन और धुंधली दृष्टि की शिकायत लेकर हमारे पास आया था। जांच के बाद, हमने पाया कि घर पर लंबे समय तक स्क्रीन पर रील देखने के कारण उसकी आंखों में पर्याप्त नमी नहीं बन रही थी। उसकी आंखों में तुरंत दवा डाली गईं और 20-20-20 नियम का पालन करने की सलाह दी गई - यानि के हर 20 मिनट में 20 सेकेंड का ब्रेक लेकर 20 फुट दूर किसी चीज को देखने को कहा गया।''

आयोजन समिति के अध्यक्ष और ऑल इंडिया ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. हरबंस लाल ने मुद्दे की गंभीरता को समझाया। उन्होंने कहा कि छोटी, आकर्षक रीलें लंबे समय तक ध्यान खींचने और उसे बनाए रखने के लिए डिजाइन की गई हैं। डॉ.लाल ने कहा, '' लगातार स्क्रीन पर ध्यान केंद्रित करने से पलकें झपकने की दर 50 प्रतिशत कम हो जाती है, जिससे ड्राई-आई सिंड्रोम और एकोमोडेशन स्पाज्म (निकट और दूर की वस्तुओं के बीच फोकस बदलने में कठिनाई) की समस्या उत्पन्न होती है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि इस आदत पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो इससे दीर्घकालिक दृष्टि संबंधी समस्याएं और यहां तक कि आंखों में स्थायी परेशानी भी हो सकती है।''

डॉ. लाल ने आगे बताया कि जो बच्चे प्रतिदिन घंटों टीवी देखते हैं, उनमें प्रारंभिक निकट दृष्टि समस्या होने का खतरा होता है, जो पहले से कहीं अधिक तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वयस्कों को भी नीली रोशनी के कारण अक्सर सिरदर्द, माइग्रेन और नींद संबंधी विकार का सामना करना पड़ रहा है। डॉ.लाल ने कहा कि हाल के अध्ययनों के अनुसार, 2050 तक विश्व की 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या निकट दृष्टिदोष से ग्रस्त होगी, जो अपरिवर्तनीय अंधेपन का सबसे आम कारण है।

# न्यायालय ने अयोग्यता याचिकाओं पर नोटिस में देरी पर तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष से पूछे सवाल

**नयी दिल्ली,** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष से पूछा कि उन्होंने कांग्रेस में शामिल हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों की अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर नोटिस जारी करने में लगभग 10 महीने का समय क्यों लगाया?



न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के विधानसभा में दिए गए उस कथित बयान पर भी आपत्ति जताई कि कोई उपचुनाव नहीं होगा। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''यदि यह बात सदन में कही गई है, तो आपके मुख्यमंत्री दसवीं अनुसूची का मजाक उड़ा रहे हैं।'' संविधान की दसवीं अनुसूची दलबदल के आधार पर अयोग्यता के प्रावधानों से संबंधित है।

पीठ तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष द्वारा अयोग्य करार देने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर निर्णय लेने में कथित देरी से संबंधित दलीलों को सुन रही थी।

एक याचिका में तीन विधायकों को अयोग्य करार देने संबंधी तेलंगाना उच्च न्यायालय के नवंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी गई है, जबकि एक अन्य याचिका दल-बदल करने वाले शेष सात विधायकों को लेकर दायर की गई है।

पिछले साल नवंबर में उच्च न्यायालय की एक पीठ ने कहा था कि विधानसभा अध्यक्ष को तीनों विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर ''उचित समय'' के भीतर फैसला करना चाहिए। पीठ का फैसला एकल न्यायाधीश के नौ सितंबर, 2024 के आदेश के खिलाफ अपील पर आया। एकल न्यायाधीश ने तेलंगाना विधानसभा के सचिव को निर्देश दिया था कि वे अयोग्यता के अनुरोध वाली याचिका को चार सप्ताह के भीतर सुनवाई का कार्यक्रम तय करने के लिए अध्यक्ष के समक्ष रखें।

बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने सवाल किया, ''यदि अध्यक्ष कोई कार्रवाई नहीं करते हैं, तो इस देश की अदालतें, जिनके पास संविधान के संरक्षक के रूप में न केवल शक्ति है, बल्कि दायित्व भी है, शक्तिहीन हो जाएंगी?''

विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि पहली अयोग्यता याचिका 18 मार्च, 2024 को दायर की गई थी, इसके बाद पिछले साल क्रमशः दो अप्रैल और आठ अप्रैल को दो अन्य ऐसी याचिकाएं दायर की गईं। उन्होंने कहा कि पहली याचिका पिछले साल 10 अप्रैल को उच्च न्यायालय में दायर की गई थी।

जब पीठ ने अयोग्यता याचिकाओं पर नोटिस जारी करने में लगने वाले समय के बारे में पूछा तो वरिष्ठ अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय के समक्ष मामले के लंबित होने का हवाला दिया।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश ने केवल चार सप्ताह के भीतर कार्यक्रम तय करने का अनुरोध किया था।

मामले में दलीलें तीन अप्रैल को भी जारी रहेंगी। बीआरएस नेता पी. कौशिक रेड्डी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सी ए सुंदरम ने 25 मार्च को दलील में कहा कि मूल प्रश्न यह है कि क्या किसी न्यायालय के पास संवैधानिक प्राधिकारी को उसके संवैधानिक आदेश के अनुसार कार्य करने के लिए बाध्य करने की शक्ति, अधिकार है।

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर परिवार से आठ लाख की ठगी में फर्जी सैन्य अधिकारी गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) खुद को सैन्य अधिकारी बता सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर दिल्ली में एक परिवार से आठ लाख रुपये से अधिक की ठगी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।




अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुमित सिंह (28) के रूप में की गई है, जो दिल्ली के उत्तम नगर इलाके का निवासी है। उन्होंने कहा कि सुमित लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए लेफ्टिनेंट कर्नल की वर्दी पहननता था, फर्जी बैज एवं रबड़ की मुहर का इस्तेमाल करता था तथा उसने सेना के फर्जी दस्तावेज भी बनवा रखे थे।

पुलिस के मुताबिक, सुमित दिल्ली और उत्तर प्रदेश में भी इसी तरह की धोखाधड़ी के कई मामलों में शामिल रह चुका है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ लखनऊ में बलात्कार और धोखाधड़ी, जबकि हरदोई में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के जौनपुर के मूल निवासी सुमित ने कथित तौर पर कैंटीन का कार्ड खरीदा था और उसने रक्षा मंत्रालय के तहत फर्जी नियुक्ति पत्र भी जारी किए थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, "30 साल की एक महिला वकील की शिकायत के आधार पर गुलाबी बाग पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सुमित ने जुलाई 2024 में खुद को एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के रूप में पेश किया और उसे सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) में कानूनी पद दिलाने का वादा किया।"

अधिकारी के अनुसार, महिला वकील ने अपनी शिकायत में दावा किया है कि सुमित ने बाद में उसके भाई और पिता को भी इसी तरह की नौकरी की पेशकश की और भर्ती से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी करने के नाम पर उनसे मोटी रकम ऐंठी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने आवेदन शुल्क, मेस शुल्क, वर्दी किट और अन्य खर्चों के नाम पर पीड़िता और उसके परिवार से कथित तौर पर आठ लाख रुपये से अधिक की धनराशि हासिल की। उन्होंने बताया कि आरोपी ने झूठे बहाने बनाकर शिकायतकर्ता से कथित तौर पर 1.6 लाख रुपये का मोबाइल फोन भी लिया।

अधिकारी ने शिकायत के हवाले से बताया कि सुमित ने फर्जी नियुक्ति पत्र बनाए, गलत पहचान का इस्तेमाल किया और यहां तक कि शिकायतकर्ता पर उससे शादी करने का दबाव भी डाला। उन्होंने कहा, "धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ, जब पीड़ितों ने उसके दावों का सत्यापन किया और उसकी ओर से उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों में विसंगतियां पाईं।"

अधिकारी के मुताबिक, पुलिस ने सुमित को बिंदापुर में किराये के एक मकान से ढूंढ निकाला और उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने दावा किया कि सुमित ने पूछताछ में अपना अपराध कबूल कर लिया है।

अधिकारी के अनुसार, सुमित के पास से भारतीय सेना की रबड़ की दो फर्जी मुहर, लेफ्टिनेंट कर्नल स्तर के अधिकारी के चार बैज और एक वर्दी, एक कैंटीन कार्ड, तीन फर्जी नियुक्ति पत्र और ठगी की रकम से खरीदी गई एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## मकोका मामला: पूर्व विधायक की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए नौ अप्रैल की तारीख तय

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने मकोका मामले में आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक नरेश बालियान की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए बुधवार को नौ अप्रैल की तारीख तय की।

मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति विकास महाजन ने याचिका को न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ को स्थानांतरित कर दिया जो सांसदों और विधायकों के मामलों को देखते हैं।

मकोका मामले में बालियान को चार दिसंबर, 2024 को गिरफ्तार किया गया था। इस दिन एक निचली अदालत ने उन्हें कथित जबरन वसूली मामले में जमानत दी थी। बालियान का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता एम. एस. खान ने कहा कि पूर्व विधायक लगभग चार महीने से हिरासत में हैं और उन्होंने अदालत से पहले की तारीख देने का आग्रह किया। बालियान के वकील ने दलील दी कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है और मामला पूरी तरह से मनगढ़ंत है।

# मोदी सरकार को तेलंगाना में पिछड़ा वर्ग कोटा बढ़ाने वाले विधेयकों को मंजूरी देनी चाहिए : रेड्डी

नयी दिल्ली, (भाषा) तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बुधवार को मांग की कि मोदी सरकार शिक्षा, रोजगार और स्थानीय निकायों में पिछड़ा वर्ग (बीसी) के लिए आरक्षण बढ़ाकर 42 प्रतिशत करने वाले राज्य के विधेयकों को मंजूरी दे।



जंतर मंतर पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग कल्याण संघों द्वारा आयोजित एक विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार ने विधेयकों को जल्द मंजूरी देने के लिए केंद्र सरकार से कई बार अनुरोध किया लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने कहा, ''कई बार केंद्र से अनुरोध किया गया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसलिए हम यहां विरोध करने आए हैं।''

राज्य विधानसभा ने 17 मार्च को शैक्षणिक संस्थानों, रोजगार और ग्रामीण एवं स्थानीय शहरी निकायों के चुनावों में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को 23 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत करने के लिए दो विधेयक पारित किए।

इन विधेयकों को केंद्र की मंजूरी की आवश्यकता है क्योंकि प्रस्तावित पिछड़ा वर्ग आरक्षण, 50 प्रतिशत की सीमा को पार कर जायेगा।

रेड्डी ने पूछा, ''हमने आरक्षण विधेयक केंद्र को भेजा है। हम (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी से कह रहे हैं कि हम इसे गुजरात या उत्तर प्रदेश या मध्यप्रदेश में नहीं, बल्कि अपने राज्य में लागू करना चाहते हैं। अगर हम अपने राज्य में 42 प्रतिशत आरक्षण देना चाहते हैं, तो मोदी को इसे मंजूरी देने में क्या समस्या है?''

मुख्यमंत्री ने मोदी से राज्य सरकार की चिंताओं को सुनने और विधेयक को मंजूरी देने की अपील की। उन्होंने कहा, ''हम इसे लागू करने के लिए तैयार हैं, विधेयक को मंजूरी दें।''

रेड्डी ने कहा, '' मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि आप इसे पूरे देश में लागू करेंगे या नहीं। मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि आप इसे अपने गुजरात में लागू करेंगे या नहीं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के तौर पर हमने विधानसभा में इसे बढ़ाकर 42 प्रतिशत करने का फैसला किया है। आपको क्या समस्या है।'' उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार को केंद्र में सत्ता में रहकर राज्य पर हावी होने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।न


दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
43 YEARS
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook


# गिरवी रखी संपत्ति को धोखाधड़ी से बेचने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

नयी दिल्ली, दो अप्रैल (भाषा) दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक निजी बैंक में गिरवी रखी गई संपत्ति को धोखाधड़ी से बेचकर घर खरीदारों के साथ ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।



एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान मोशिन मोहम्मद (36) के रूप में हुई है और वह दरियागंज में एक संपत्ति की बिक्री से संबंधित धोखाधड़ी के मामले में शामिल था। यह संपत्ति पहले से ही एक निजी बैंक के पास गिरवी थी।

अक्टूबर 2021 में निजी बैंक की शिकायत पर ईओडब्ल्यू पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात), 409 (लोक सेवक या बैंकर द्वारा आपराधिक विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी) और 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया गया था।


पुलिस ने एक बयान में कहा कि जांच से पता चला है कि मांस निर्यात कंपनी एम.के. ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड ने 2016 में बैंक से 95 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा प्राप्त की थी और इसके लिए उसने 19सी, अंसारी रोड, दरियागंज स्थित अपनी संपत्ति को गिरवी रखा था।

उन्होंने बताया कि मोहम्मद ने कथित तौर पर मार्च 2018 से मई 2019 के बीच जमीन पर कई फ्लैटों के निर्माण की सुविधा प्रदान की और उसने संपत्ति के गिरवी होने के बारे में बताए बिना ही उन्हें खरीदारों को बेच दिया। इस धोखाधड़ी से उसने 13 करोड़ रुपये कमाए।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने निजी इस्तेमाल के लिए एक सहकारी बैंक में खोले गए खाते से 3.33 करोड़ रुपये भी कथित तौर पर निकाल लिए। उन्होंने बताया कि अधिकारियों से बचने के लिए वह बार-बार मोबाइल नंबर बदलता रहा था और अलग-अलग नामों से सिम कार्ड खरीदे थे।

अधिकारी ने बताया कि तकनीकी निगरानी के आधार पर मोहम्मद को निजामुद्दीन (पश्चिम) के एक होटल में ढूंढ निकाला गया और 26 मार्च को उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

मामले की जांच की जा रही है।

# नारी सुरक्षा के कानून बन रहे पुरुषों के लिए मुसीबत

## छेड़खानी के झूठे आरोप से आहत युवक ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में लिखे आरोपियों के नाम

नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी





बरेली। सरकार और समाज द्वारा नारी को अवला से शक्ति का दर्जा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे ताकि नारी समाज में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर स्वर्ण भारत के भविष्य का निर्माण कर सके और अपने जीवन को सुगम व सरल बना सके हर क्षेत्र में महिलाओं को प्रथम दर्जा दिया जा रहा है जिसके फल स्वरुप हर क्षेत्र में महिलाओं द्वारा उत्कृष्ट कार्य भी किया जा रहा है, मगर दूसरी और इसके विपरीत समाज में पुरुषों के शोषण की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है, मामला चाहे जो भी हो विवाद की स्थिति में समाज द्वारा महिलाओं को आगे कर पुरुष के अस्तित्व पर प्रसन्न चिन्ह लगा दिया जाता है।

ताजा मामला थाना सुभाष नगर क्षेत्र की राम सरन कॉलोनी में 20 वर्षीय लखनपाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतक के भाई सुधीर पाल ने बताया कि 19 मार्च को तीन मूर्ति बारात घर के पास पड़ोसी विपिन गुप्ता की बेटी से मामूली कहासुनी हो गई थी। इसके बाद विपिन गुप्ता ने लखनपाल समेत उसके पांचों भाइयों के खिलाफ सुभाष नगर थाने में छेड़खानी का मामला दर्ज करा दिया। इसी विवाद के चलते रास्ते में कल फिर झगड़ा हो गया, जिससे आहत होकर लखनपाल ने अपने घर में कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। जब परिवार के लोगों को इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस को मृतक लखनपाल का सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने विपिन गुप्ता, आदेश गुप्ता, बेबी, रामू और शानू को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिवार में मातम पसरा हुआ है। मां मुन्नी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

लखनपाल पांच भाइयों में सबसे छोटा था और टेंपो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था।

# योगी से मिलने की चाह में महिलाओं ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

## सुभाष नगर पुलिस ने थाने ले जाकर महिलाओं के साथ की अभद्रता और मारपीट



नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। राष्ट्रीय लोक दल ,, मथुरा क्षत्रिय अध्यक्ष मीरा चौधरी ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल को बरेली कॉलेज मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा थी, जहां कुछ महिला कार्यकर्ता मुख्यमंत्री से मिलने की गुहार लगा रही थीं।

इसी दौरान थाना बारादरी के इंस्पेक्टर भारी पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और पास बनवाने आईं महिलाओं को थाने ले गए। शिकायत में कहा गया है की पुलिस ने महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और मारपीट भी की। इस घटना को लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष मीरा चौधरी ने एसएसपी दफ्तर में शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जनसेवा केंद्रों पर हो रहा जमकर फर्जीवाड़ा, प्रशासन मौन

## जनसेवा केंद्रों पर बन रहे फर्जी आधार कार्ड, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड

नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी

जन सेवा केन्द्र
उत्तर प्रदेश
Common Service Centre (CSC)

बरेली। जनता की सेवा के लिए खोले गए जन सेवा केंद्र आजकल फर्जी कामों का अड्डा बन गए हैं, खबरों के माध्यम से लगातार ऐसी खबरें संज्ञान में आती रहती हैं जो लोकतांत्रिक देश में मतदान प्रक्रिया और सरकारी सुविधाओं को प्रभावित करती है।

थाना हाफिजगंज क्षेत्र के नगर पंचायत रिठौरा में फर्जी वोटर कार्ड और आधार कार्ड बनाए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि भोजीपुरा रोड पर स्थित कई जनसेवा केंद्रों से अवैध रूप से यह कार्य किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन केंद्रों से बिना किसी सत्यापन के एक ही मोबाइल नंबर से कई-कई वोटर कार्ड जारी किए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस फर्जीवाड़े की शिकायत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर भी की गई, लेकिन प्रशासन ने ओर से अभी तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नागरिकों का कहना है की यह गड़बड़ी चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है, जिससे निष्पक्ष चुनावों पर सवाल खड़े होते हैं।

## फर्जी वोटर पैदा कर रहे जनसेवा केंद्र, मतदान प्रभावित

आपको बताते चलें मानकों के विपरीत चल रहे ऐसे फर्जी जनसेवा केंद पर धड़ल्ले से आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल फर्जी वोटर कार्ड बनाने में किया जाता है। इस प्रक्रिया के जरिए कई लोगों को अवैध रूप से मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है।

इससे संबंधित किसी व्यक्ति ने एक्स पर शिकायत की। एक्स पर शिकायत होने के बाद बरेली पुलिस ने थाना भोजीपुरा पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है ,जल्द ही ऐसे जन सेवा केंद्र संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।

# मां ने पिता पर लगाया आठ माह की बच्ची को मारकर दफनाने का आरोप

## कोर्ट की अवहेलना करते हुए किया दूसरा निकाह, पुलिस नहीं सुन रही फरियाद, कप्तान से लगाई न्याय की गुहार

नेशनल एक्सप्रेस





बरेली। बरेली एक अजीबोगरीब मामला संज्ञान में आया जहां एक पत्नी ने अपने ही पति पर अपनी आठ माह की मासूम बच्ची को मारकर दफनाने का आरोप लगाया है और उसकी मां को यानी उसे सूचना भी नहीं दी गई। पीड़ित ने बताया पति से विवाद के चलते उसके पति ने 8 माह की बच्ची को जबरन मां से दूर रखा फिर दूसरी शादी करने के चक्कर में उसकी 8 माह की मासूम बच्ची को मारकर उसकी मौत की खबर भी छुपाई गई ।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें थाना फतेहगंज पश्चिमी के ग्राम धनतिया निवासी नाजुल पत्नी जुनैद ने बताया की उसका अपने पति जुनैद पुत्र इरशाद निवासी शेरगढ़ से पारिवारिक विवाद चल रहा है ,और प्रार्थनी मायके रह रही है। उक्त विवाद कोर्ट में विचाराधीन है एवं आठ माह की बच्ची मोमिना को जुनैद ने अपने पास रख लिया था जबकि कोर्ट ने मिलने का आदेश जारी किया था परंतु आरोपी ने प्रार्थनी को बच्ची से नहीं मिलने दिया।

इतना ही नहीं बिना बताए दूसरी महिला मुस्कान से निकाह भी कर लिया। महिला ने बताया कि 31 मार्च 2025 को देर रात व्हाट्सएप स्टेटस से ज्ञात हुआ कि बच्चे की हालत खराब है परंतु कॉल करने पर कोई जवाब नहीं दिया गया। जानकारी हुई है कि 1 अप्रैल को बच्ची की मौत हो गई और प्रार्थनी को बिना बताए उसकी आठ माह की मासूम बच्ची को दफना दिया गया है। जिसकी शिकायत करने थाने पहुंचे तो पुलिस ने भी डांट कर वहां से भगा दिया। महिला ने अपनी बच्ची की हत्या का आरोप लगाते हुए पति जुनैद उसका भाई मैसाद, बहनोई सोहिल व जुनैद की दूसरी पत्नी मुस्कान पर एसएसपी ऑफिस पहुंचकर न्याय की मांग की है।

# कहां है सरकार का हर घर शौचालय और महिला सुरक्षा

## शौच को गई महिला के साथ छेड़छाड़, आरोपी फरार



नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। थाना सिरौली क्षेत्र के एक गांव में शौच को गई महिला के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश जारी है। पीड़िता केअनुसार घटना 30 मार्च की है, जब वह शौच करने के लिए गई थी। लौटते समय गाव के ही ठाकुर दास ने उसे रास्ते में रोक कर दबोच लिया और जबरन छेड़छाड़ करने लगा। विरोध पर उसे जमीन पर गिरा लिया। इस दौरान महिला के शोर मचाने पर लोगों के पहुंचने पर आरोपी धमकी देता हुआ फरार हो गया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पिछले एक साल से उसे परेशान रहा था, लेकिन बदनामी के डर से वह चुप थी। अब हद पार होने पर उसने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। थान सिरौली पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी के सख्त निर्देश जन समस्याओं का निस्तारण शीघ्र हो

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान कलक्ट्रेट में सुनी जनसमस्याएं

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज प्रत्येक दिवस की भांति कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना और सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों का वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये।

जन समस्याओं को समस्त सम्बंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आमजन की शिकायतों को सुनकर शत प्रतिशत उनका निराकरण किया जाये। जनसुनवाई के दौरान कहा कि जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराएं।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान जो भी शिकायतें आ रही है उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं और शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट हो और आमजन को न्याय मिले।

# मौलाना बोले वक्फ संशोधन बिल से मुसलमान का कोई अहित नहीं

## अपना जनाधार खिसकता देख इस कानून को लेकर विपक्ष द्वारा उड़ाई जा रही तर्कहीन झूठी अफवाहे

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शाहबुद्दीन रजवी का वक्फ संशोधन बिल्कुल लेकर बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा यकीनन पार्लियामेंट से बिल पास हो जायेगा और हमें उम्मीद है इसे पास होने में कोई परेशानी नहीं होगी। आगे मौलाना ने कहा विपक्ष के लोग जरूर शोर करेंगे हाय तौबा करेंगे चूंकि उन्हें वोट बैंक की राजनीति करना है,वोट बैंक न खिसके इसके लिए विपक्ष हंगामा कर रहा है वास्तव में वक्फ संशोधन बिल से मुस्लिमों को कोई खतरा नहीं है ,मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के लोग और सियासी जमात के लोग मुस्लिमों को डरा, बहका रहे हैं, मैं मुस्लिमों को यकीन दिलाता हूं उनकी मस्जिदें, दरगाहे, ईदगाह कुछ भी छिनने वाला नहीं है भारत में रहने वाला चाहे किसी भी जाति या पथं से आता हो वह भारत का नागरिक है भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहां हर धर्म का सम्मान किया जाता है दुनिया भर के मुसलमान पर नजर डालें तो भारत में मुसलमान की स्थिति हर देश से बेहतर है ,इसलिए प्रत्येक मुसलमान को चाहिए बक्फ संशोधन बिल का स्वागत करें विपक्ष के द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान न दें।

# वैज्ञानिक विधि द्वारा गन्ना उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि विषय पर वेंकटेश्वरा विवि में सेमीनार आयोजित

## कम लागत में गन्ने की उन्नत वैज्ञानिक खेती के साथ-साथ गन्ना उत्पादों के खाद्य प्रसंस्करण द्वारा किसानों की आय दोगुनी नही बल्कि चार गुनी तक बढ़ सकती है:प्रो. (डा.) बक्शीराम यादव

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




■कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़, आर्गेनिक फार्मिंग, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी उद्योग समेत एग्रीकल्चर सेक्टर देश की मजबूत एवं स्थिर जीडीपी का आधार: श्री सुधीर गिरि

■वेंकटेश्वरा में जल्द ही मृदा परिक्षण लैब स्थापित होने से पश्चिमी यू.पी. के किसानों को जल्द ही अपनी भूमि की सेहत का परीक्षण कराकर इसे और अधिक उपजाऊ बनाने का मौका मिलेगा :डा. राजीव त्यागी

अमरोहा। श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक विधि द्वारा गन्ना उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता के रूप में कृषि शास्त्री प्रधान कृषि वैज्ञानिक डा. बक्शीराम यादव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्नत किस्मों के चयन एवं कीट रोग नियंत्रण द्वारा कम लागत में ज्यादा गुणवत्तापूर्ण गन्ने का उत्पादन होगा। इसके साथ ही गन्ना उत्पादों के खाद्य प्रसंस्करण से किसानों की आय ना सिर्फ दोगुनी बल्कि चार गुनी तक बढ़ायी जा सकती है। बुधवार को श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय के डा.सीवी रमन सभागार में वैज्ञानिक विधि द्वारा गन्ना उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि विख्यात कृषि वैज्ञानिक पदमश्री डा. बक्शीराम यादव, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, प्रधान कृषि वज्ञानिक एवं निदेशक वेंकेटेश्वरा कृषि स्कूल प्रो.(डा.) तेजपाल सिंह आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि विख्यात कृषि वैज्ञानिक एवं भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में किये गये शानदार कार्यों के लिए पदमश्री से सम्मानित डा. बक्शीराम यादव ने उपस्थित एग्रीकल्चर के छात्र-छात्राओं, विभिन्न प्रदेशों से आये कृषि वैज्ञानिकों एवं पश्चिमी यू.पी. के प्रगतिशील किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गन्ने की सबसे उन्नत किस्म / प्रजाति सीओ 038 (जिसको मैंने खुद 2009 में विकसित किया) के चयन एवं कीट रोग नियंत्रण द्वारा गन्ने की पैदावार को 100 टन प्रति हैक्टेयर तक पहुंचा दिया है, जिससे किसानों की आय दोगुनी से भी ज्यादा हो गयी है` हमें उन्नत खेती के साथ-साथ पशुपालन, आर्गेनिक फार्मिंग एवं फूड प्रोसेसिंग की ओर किसानों को ले जाना होगा। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. पीयूष पांडेय, डा. राजेश सिंह, डा. ज्योति सिंह, डा. माता प्रसाद, डा. लक्ष्मीकान्त, डा. शेषनाथ मिश्रा, डा. ब्रजकिशोर, डा. विनय कुमार सिंह, डा. अभिषेक सिंह, डा. चन्द्रकान्त, डा. वरुण त्रिपाठी, कौशल कुमार, उदित तिवारी एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बीएसडी एकेडमी के 45 बच्चों का स्पोर्ट्स स्कूल राई सोनीपत में चयन, प्रबंधन में खुशी



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/धनौरा। स्पोर्ट्स स्कूल राई सोनीपत ने शारीरिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया। जिसमें नगर के अमरोहा रोड़ स्थित बीएसडी एके-डमी के 46 में से 45 बच्चों का चयन हुआ। जिस पर बीएसडी एकेडमी प्रबंधक नितिन धारीवाल व निर्देशिका सुशीला देवी ने चयनित बच्चों का फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। सभी चयनित बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की चयनित होने वाले बच्चों में अवनी चौधरी, शानवी चौधरी, हिमान्या चौधरी, परिधि चौधरी, लक्की चौहान, मनीषा, रुद्राक्षी सिरोही, रिद्धि, वंश धारीवाल, युग चौधरी, अशद, अंश सिद्धु, अनुज, नित्या पाल, अंश पाल, भूमिका, सिद्धार्थ, कुशविंदर, अंशुमन, राज तिलक, रुद्र प्रताप चौहान, आयुष सिरोही, लक्ष्य सिंह, हरप्रीत, फैसल, प्रिंस, कार्तिक पाल, मोहम्मद जुनैद, वैभव भाटी, यशराज मलिक, ऐश्वर्या वर्धन, लक्ष्य कुशवाहा, देव कुशवाहा, प्रिंस चौधरी आदि छात्र व छात्राएं मौजूद रही।

### एप्पल क्लब ने मुस्लिम कमेटी के चेयरमैन मंसूर अहमद एडवोकेट का किया स्वागत



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/अमरोहा। एप्पल क्लब के जेरे एहतमाम मुस्लिम कमेटी के चेयरमैन एवं तहसील बार एसोसिएशन अमरोहा के पूर्व अध्यक्ष मंसूर अहमद एडवोकेट के उमराह की ज़ियारत से वापसी आने पर उनके आवास पर पहुंच कर उनको मुबारकबाद पेश की गई ।कार्यक्रम में सर्व प्रथम मंसूर अहमद एडवोकेट की गुलपोशी की गई। एप्पल क्लब के सदर कमर नकवी ने कहा कि रमजान शरीफ में उमरा करने की बहुत फजीलत है। हजरत मुहम्मद सल्ल0 ने फरमाया कि रमजान में उमरा करना ऐसा है कि जैसे मेरे साथ हज किया। मोहम्मद हुसैन एडवोकेट ने कहा कि ज्यारत ए उमरा बहुत बड़ी सआदत है ।हर मोमिन की दिली आरजू मक्का और मदीना जाने की होती है। पूर्व सभासद शकील अंसारी ने कहा कि अल्लाह पाक जिंदगी में हर मुसलमान को एक बार जरूर खाने काबा की जियारत नसीब फरमाए मंसूर अहमद एडवोकेट एडवोकेट ने एप्पल क्लब का आभार व्यक्त करते हुए सफर ए उमरा के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वहां जाकर मैंने खुद देखा कि मुसलमानों के बीच कोई ऊंच नीच की भावना नही है एक ही सफ में बादशाह और फकीर , अमीर गरीब सब बराबर बराबर बैठते हैं। जैसे अल्लाह के रसूल सल्ल0 ने आखिरी खुत्बा में फरमाया था कि ₹गोरे को काले पर, सय्यद को शेख पर, अरबी को अजमी पर, बादशाह को फकीर पर, बहैसियत इंसान कोई फजीलत हासिल नहीं, इस्लाम में फजीलत का सिर्फ.एक ही मेयार है और वो तकवा है । वहां पहुंच कर जो सुकून मिला वैसा कहीं नहीं है। मकका मोअज्जमा व मदीना मुनव्वरा का पूरा सफर इबादत ए इलाही में गुजरा। मैंने सभी लोगों और अपने मुल्क में अमन ओ अमान व तरक़्क़ी व खुशहाली की दुआएं की। इस अवसर पर अध्यक्ष कमर नकवी शकील अंसारी नदीम मेंबर जौहरी अली फजलें चौधरी हारून अहमद नौशाद वसीम आबाद अहमद राजा खान फैज हमजी अदनान मसरूर शहजाद अहमद अशरफ अली शाहनवाज पाशा सैफ एडवोकेट मोह हुसैन एडवोकेट गुफरान अली आदि लोग मौजूद रहे।

# रिकॉर्ड वसूली से अलीगढ़ का हुआ नाम रोशन

नेशनल एक्सप्रेस

फोटो नं0 104

अलीगढ़। वित्तीय वर्ष 2024-25 अलीगढ़ नगर निगम के लिए ऐतिहासिक व रिकॉर्ड संपत्ति कर वसूली के लिए हमेशा याद रख जाएगा वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्त होने पर रिकॉर्ड 152.81ः वसूली करने पर शासन द्वारा सराहना की गई। वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्ति में जहां वसूली 95.55 करोड़ थी तो वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के समाप्त होने पर वसूली बढ़कर 146.02 करोड़ हो गई इस प्रकार नगर निगम में वित्तीय वर्ष 2024 25 में 153ः संपत्ति कर की रिकॉर्ड वसूली अपने नाम दर्ज की है। निश्चित रूप से नगर निगम की संपत्ति कर की रिकॉर्ड वसूली से अलीगढ़ में चौमुखी विकास की राह आसान होगी तो वहीं शासन इस रिकॉर्ड वसूली के सापेक्ष दोगुनी धनराशि से विकास कार्यों के लिए अवमुक्त भी करेगा।



नगर निगम को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए संपत्ति कर वसूली को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले नगर आयुक्त विनोद कुमार ने बीतते वर्ष 2024 अगस्त 6 में नगर आयुक्त का चार्ज लिया तब अप्रैल से जुलाई 2024 तक वसूली 24.56 करोड़ थी नगर आयुक्त की सघन निगरानी व निरंतर समीक्षा के फलस्वरूप अगस्त से फरवरी 2025 तक वसूली 70.56 करोड़ हो गयी वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्त होने तक यह वसूली बढ़कर 121.46 करोड हो गयी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में वसूली लक्ष्य में इजाफा करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के समाप्त होने पर 146.02 करोड़ हो गई।

अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया अलीगढ़ नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष-2024-25 में कर मद में 8950.45 लाख व करेत्तर मद में 5651.10 लाख कुल धनराशि र14601.55 लाख की वसूली की गई है, जिसमें कैश के रूप में 4380.46 लाख व ऑनलाइन के माध्यम से 10221.09 लाख की वसूली प्राप्त हुई। गत वर्ष कर मद में 6521.83 लाख व करेत्तर मद में 3033.59 लाख कुल र9555.42 लाख वसूल किया गया था। इस प्रकार वित्तीय वर्ष-2024-25 में गत वर्ष के सापेक्ष वृद्धि का प्रतिशत कर मद में 137.24 एवं करेत्तर मद में 186.28 प्रतिशत कुल 152.81 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में सम्पत्ति कर की 56863 भवनों से वसूली की गई थी और इस वित्तीय वर्ष में 92975 भवनों से वसूली की गई है। इस प्रकार गत वर्ष की अपेक्षा वित्तीय वर्ष-2024-25 में 36112 अधिक भवनों से सम्पत्ति कर की वसूली की गई व 109479 भवन वसूली से छूट गए।

शासकीय सरकारी बड़े बकायेदार जिनका भुगतान प्राप्त हुआ जिनमे प्रमुख रूप से दीवानी कचहरी से रुपए 78.57 लाख, विकास भवन से रुपए 75.21 लाख, दीनदयाल अस्पताल से रुपए 72.94 लाख, परिवहन निगम से रुपए 42.87 लाख, मलखान सिंह अस्पताल (महिला) से रुपए 29.44 लाख, नलकूप खंड प्रथम से रुपए 28.54 लाख, नौरंगीलाल इन्टर कॉलेज से रुपए 26.27 लाख, कृषि उत्पादन मंडी समिति से रुपए 25.52 लाख, कलक्ट्रेट से रुपए 21.33 लाख, आई.टी.आई. कॉलेज से रुपए 19.52 लाख की राशि प्राप्त हुई। केन्द्रीय सरकारी बड़े बकायेदार जिनका भुगतान प्राप्त नहीं हुआ जिसमें रेलवे विभाग रुपए 786.81 लाख व जी.एस.टी. विभाग रुपए 230.30 लाख है। वहीं अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ से भुगतान प्राप्त हुआ रुपए र2725.21 लाख है। नगर आयुक्त व महापौर ने रिकॉर्ड वसूली करने पर नगर निगम राजस्व टीम के सभी अधिकारी व कर्मचारी को बधाई देते हुए सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

नगर आयुक्त ने कहा इस वित्तीय वर्ष रिकॉर्ड वसूली नगर निगम ने की जिसका श्रेय निश्चित रूप से अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव के नेतृत्व वाली राजस्व टीम, माननीय पार्षदों के सहयोग व अलीगढ़ नगरीय क्षेत्र के सम्मानित करदाताओं को जाता है जिन्होंने शहर के विकास के लिए दिल खोलकर नगर निगम संपत्ति कर जमा किया उन्होंने कहा जो लोग संपत्ति कर जमा करने से छूट गए हैं उनसे अपील की जाती है इस वित्तीय वर्ष में अपने संपत्ति कर को जमा कर शहर के विकास में भागीदार बने। महापौर प्रशान्त सिंघल ने नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा अलीगढ़ नगर निगम के सार्थक प्रयासों से रिकॉर्ड वसूली करने के कारण शहर के विकास को बल मिलेगा।

# समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से की कार्यवाही की मांग



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव/राज्यसभा सांसद दलित नेता रामजीलाल सुमन के ऊपर लगातार करणी सेना की ओर से निरंतर जान से मारने तथा सबक सिखाने जैसी धमकियां सोशल मीडिया के माध्यम से मिल रही है। 30 मार्च 2025 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बहादुर पुर कोटा अलीगढ़ निवासी मोहन चौहान ने खुले शब्दों में रामजीलाल सुमन को स्वयं गोली मारने की धमकी दी तथा मोहन ने कहा कि यदि मुझसे पहले कोई मेरा भाई उन्हें गोली मार दे तो मैं गोली मारने वाले को 25 लख रुपए का इनाम दूंगा।

इस संबंध में समाजवादी पार्टी महिला सभा की महानगर अध्यक्ष आरती सिंह द्वारा 30 मार्च को थाना क्वार्सी में आरोपी के खिलाफ तहसील देकर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की थी, जिस पर आज तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया, उसी के परिपेक्ष में सपा का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व जिला अध्यक्ष गिरीश यादव के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन से मिला और आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष गिरीश यादव, सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी समाजवादी पार्टी राजेश सैनी, जिला पंचायत सदस्य विजेंद्र सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य बबलू होलकर, सपा महिला सभा की महानगर अध्यक्ष आरती सिंह, महानगर उपाध्यक्ष राकेश यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय प्रजापति, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इगलास भूदेव सिंह कुंतल, विजय सिंह बघेल, कौशल बघेल, अनिल लोधी आदि प्रतिनिधि मंडल में शामिल रहे।

# विश्व हिंदू राष्ट्र परिषद के कार्यक्रम का हुआ आयोजन




नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। थाना महुआ खेड़ा क्षेत्र के बोनेर पर बुधवार को विश्व हिंदू राष्ट्र परिषद का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है, कार्यक्रम में दूर-दराज से हिंदूवादी व सनातनियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किया और संसद में वक्फ संशोधन बिल पास होने की मांग की गई। इसके साथ इस कार्यक्रम में दूर-दराज से आए हिंदू वीडियो ने भारत को हिंदू राष्ट्र बनने पर जोर दिया है। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे विश्व हिंदू राष्ट्र परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि प्रत्येक देश में आज हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं इसीलिए जल्द ही भारत को हिंदू राष्ट्र बनाया जाना चाहिए।

# वक्फ बिल पेश होने पर मुस्लिमों ने बांटे लड्डू





नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। वक्फ संशोधन बिल के पेश होने पर अलीगढ़ में मुस्लिमों ने खुशियां मनाई और पीएम मोदी की तस्वीर को लड्डू खिलाया। केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जहॉ एक ओर देश भर में मुस्लिम समाज के लोग इसका विरोध कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अलीगढ़ में मुस्लिमों ने ही इस बिल का दिल खोलकर स्वागत किया है। उन्होंने बिल पेश होने पर लड्डू बांटे और ढ़ोल बजाकर खुशियां मनाई।

दारा शिकोह फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद आमिर रशीद के साथ संगठन के पदाधिकारियों ने पहले पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर को लड्डू खिलाया, इसके बाद एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। उन्होंने हर आने जाने वालों को लड्डू खिलाकर बिल पेश होने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बिल गरीब और जरूरतमंद मुस्लिमों के हक में है।

फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद आमिर रशीद ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल 2024 जो मोदी सरकार ने संसद में पेश किया है, उसके लिए उनके फाउंडेशन के हर सदस्य ने दुआ मांगी है। उन्होंने कहा कि इस बिल के बाद वक्फ का पुराना काला कानून खत्म हो जाएगा और इसका अंत होगा। क्योंकि इस काले कानून की आड़ में बहुत सारे लोगों की जमीनें छीनी गई हैं और इस पर भू-माफियाओं ने अपना कब्जा कर लिया है। यह बिल आने के बाद किसी गरीब के ऊपर अत्याचार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह बिल तत्काल संसद में पास हो जाना चाहिए, इसके लिए उन्होंने अल्लाह से दुआ भी की है। मुस्लिमों के जश्न के दौरान बड़ी संख्या में फाउंडेशन के लोग मौजूद रहे। अध्यक्ष के साथ मुस्लिम धर्मगुरु चौ. हफराहीम हुसैन समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के लोग पहले इस बिल को समझे, इसके बाद सरकार का विरोध करें। किसी के बहकावे में आकर बिल्कुल भी माहौल खराब न करें। यह बिल मुस्लिमों के हक में ही है।

## न्यूज ब्रीफ

### भदरोई में दिखाई दिया मगरमच्छ, ग्रामीणों में मचा हडकंप

नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। गॉव के पास मगरमच्छ होने से ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है, ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को जानकारी दी। वन विभाग के दरोगा का कहना है कि गांव भदरोई में मगरमच्छ होने की सूचना मिली है। गॉव के लोगों से कहा गया है कि मगरमच्छ पानी से बाहर दिखाई पड़ें तो तत्काल खबर दें। टीम भेजकर उन्हें पकड़ा जाएगा। वन विभाग को जानकारी दी, गॉव भदरोई निवासी पुष्पेंद्र बघेल ने बताया कि मंगलवार की दोपहर कुछ किसान अपने खेतों की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गांव के कच्चे चकमार्ग के किनारे दो मगरमच्छ घूमते नजर आए। दो मगरमच्छ होने की खबर गांव में पहुंची तो तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ने का प्रयास किया तो चकमार्ग से चलकर खाई में भरे गहरे पानी में चले गए। वन विभाग के दरोगा धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि गांव भदरोई में मगरमच्छ होने की सूचना मिली है। गांव के लोगों से कहा गया है कि मगरमच्छ पानी से बाहर दिखाई पड़ें तो तत्काल खबर दें।

### ऊपर से निकल गई बुग्गी, युवक की मौत

नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। कोतवाली खैर के गॉव कुंवरपुर निवासी 45 वर्षीय बच्चू सिंह पुत्र सोहन सिंह गॉव गिडौरा स्थित ईंट भट्ठे पर अपनी बुग्गी से ईंट ढुलाई का काम करते थे। रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे बुग्गी में ईंटें लादकर भट्ठे के भंडारण क्षेत्र में जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर वह नीचे गिरे और उनके ऊपर से बुग्गी निकल गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए, हादसा होते ही वहॉ मौजूद लोग तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैर लेकर पहुंचे जहॉ डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया तो वहीं पुलिस ने मैक्स गाड़ी सहित चालक को हिरासत में ले लिया।

### प्रोफेसर एस.एम. खान द्वारा शैक्षणिक लेखन में कॉपीराइट पर व्याख्यान

नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर एस.एम. खान ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एकेडमिक प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली द्वारा शिक्षकों के लिए शोध पद्धति और शैक्षणिक लेखन पर आयोजित एक बहु-विषयक रिफ्रेशर कोर्स के अंतर्गत ह्यशैक्षणिक लेखन में कॉपीराइटह्न विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान दिया। प्रोफेसर खान ने शैक्षणिक प्रकाशनों में कॉपीराइट कानूनों और बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व को उजागर किया। उन्होंने विद्वानों के कार्यों की सुरक्षा, साहित्यिक चोरी को रोकने और अनुसंधान में नैतिक मानकों को बनाए रखने के तरीकों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। सत्र की एक प्रमुख विशेषता प्रोफेसर खान द्वारा एआई अनुप्रयोगों का प्रदर्शन था, जो शोध लेखों और परियोजनाओं में मौलिकता और प्रामाणिकता को सत्यापित करने में सहायक हैं। उन्होंने शैक्षणिक सामग्री के कॉपीराइट प्रमाणन के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया को भी समझाया, जिससे शैक्षणिक योगदान को कानूनी सुरक्षा मिल सके।

### प्रो0 नाजिश फातिमा एएमयू कोर्ट की सदस्य नियुक्त

नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जे.एन. मेडिकल कॉलेज के सूक्ष्म जीवविज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो0 नाजिश फातिमा को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कोर्ट का सदस्य घोषित किया गया है। वह तीन वर्षों की अवधि तक या जब तक वे संबंधित विभाग की अध्यक्ष बनी रहेंगी, तब तक इस पद पर बनी रहेंगी, यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हुई है।

### जनपद में कोई भी विद्यालय बिना मान्यता के संचालित न हो, अन्यथा की जाएगी कठोर कार्यवाही : जिलाधिकारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद । जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जनपद में बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के निर्देश प्रदान किए हैं, बिना मान्यता के संचालित हो रहे विद्यालयों को तत्काल बंद करने एवं अमान्य विद्यालयों में नामांकित छात्राओं को निकटतम परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश कराये जाने के निर्देश दिए हैं, शासन द्वारा भी निर्देशित किया गया है, कि बिना मान्यता प्राप्त कोई स्कूल न तो स्थापित हो और न ही संचालित किया जा सकता है।

# युवकों को कार में डालकर ले गये बदमाश

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। थाना लोधा क्षेत्र में देर शाम फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले तीन युवकों को बदमाश गाड़ी में अपहरण कर-के अपने साथ ले गए। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं युवकों के अपहरण से परेशान परिवार और गॉव के लोग थाने पहुंच गए। लोधा थाना क्षेत्र निवासी चंद्रपाल ने बताया कि उनका बेटा सौरभ, गांव में ही रहने वाला सौरभ पुत्र हेमेंद्र पाल सिंह और ट्रांसपोर्ट नजर में रहने वाला सुरेंद्र तीनों साथ में फाइनेंस कंपनी में काम करते हैं। मंगलवार शाम को वह घर की ओर लौट रहे थे, कार से आए कुछ बदमाशों ने उन्हें फिल्मी अंदाज में रोक लिया और सड़क पर ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी तीनों को कार में डालकर अपने साथ ले गए हैं। आसपास के लोगों ने उन्हें देखा, लेकिन इससे पहले कोई आरोपियों को रोकने की कोशिश करता, वह मौके से फरार हो गए। लोगों ने पुलिस को बताया कि तीनों लड़के गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक कार आकर उनके पास रुकी। उसमें से कुछ बदमाश उतरे। आरोपियों ने युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी और उन्हें पकड़कर खींच लिया। इसके बाद आरोपी तीनों युवकों को अपने साथ कार में डालकर साथ ले गए। उनके बच्चे फाइनेंस कंपनी में काम करते हैं। काम के दौरान किसी से कोई वाद विवाद हुआ हो तो उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। परिवार के लोगों ने पुलिस से गुहार लगाई है कि उनके बच्चों को जल्द से जल्द ढूंढ लिया जाए। क्योंकि उन्हें संदेह है कि उनके बच्चों के साथ कोई अनहोनी न हो जाए। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल नाकेबंदी करके तीनों युवकों की खोजबीन शुरू कर दी। वहीं पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए हैं, जिससे कि युवकों का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके। आरोपियों की गाड़ी जिस ओर गई है, पुलिस उस सारे क्षेत्र में दबिश दे रही है, लेकिन देर रात तक युवकों का पता नहीं चला।

# पांच अपराधियों पर लगा गैंगस्टर, लूट और चोरी जैसे कई मामलों में हैं नामजद

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। जनपद में लूट और चोरी जैसी घटनाएं करने वाले पाँच पेशेवर अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई। एसएसपी संजीव सुमन के निर्देश के बाद थाना क्वार्सी व थाना गांधीपार्क में अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग थानों में पहले से कई नामजद मुकदमें दर्ज हैं। यह पेशेवर अपराधी हैं और दिन-दहाड़े लूट और चोरी जैसी घटनाएं करना इनके लिए आम बात है। इन अपराधियों पर नकेल कसने के लिए गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। इसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी है।

एसएसपी के निर्देश के बाद क्वार्सी थाने में खालिद उर्फ पप्पू पुत्र शब्बीर हसन निवासी बरगद हाउस के पास थाना सिविल लाइन और रफत अली पुत्र स्व. अब्दुल गफ्फार निवासी इकरा कालोनी, न्यू सर सैय्यद नगर, डी-2 चतुर्थ तल ब्रिजीश रेजीडेन्सी थाना क्वार्सी को नामजद किया गया है। इसमें खालिद उर्फ पप्पू गैंग लीडर है, जबकि रफत अली गैंग का सदस्य है। वहीं गांधीपार्क थाने में कालू उर्फ देवेन्द्र पुत्र राजकुमार निवासी मायापुरी पला रोड़, सासनीगेट और मोहित उर्फ प्रियांशु पुत्र राकेश निवासी आगरा रोड सासनीगेट और कपिल पुत्र जयकिशन निवासी टीकाराम कालोनी कुंदन नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसमें देवेंद्र पुत्र राजकुमार गैंग लीडर हैं, जबकि दोनों अन्य आरोपी गैंग के सदस्य हैं।पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ ही इनकी तलाश में दबिश दी जा रही है। इसके साथ ही इनकी संपत्ति का व्यौरा भी जुटाया जाएगा। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने चोरी, लूट जैसी घटनाएं कर-के ही संपत्ति बनाई है।इनकी संपत्ति आमजनों को नुकसान पहुंचाकर एकत्रित की गई है।

इसलिए इनकी संपत्ति का रिकॉर्ड तैयार करके इसे जब्त किया जाएगा और इसका इस्तेमाल आमजनों के हित में किया जाएगा। अलीगढ़ पुलिस गैंगस्टर के अपराधियों की अब तक 100 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जब्त कर चुकी है।

# शिकोहाबाद नहर में डूबे युवक का शव आर्मी यूनिट ने निकाला बाहर

नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर



शिकोहाबाद । थाना क्षेत्र में सोमवार को नहर में डूबे युवक का शव आर्मी यूनिट ने बाहर निकाला मृतक का शव नहर में मौजूद पत्थरों में जाकर फस गया था ।

आपको बतादें कि 18 मृतक सर्जन मौडा कनेटा का रहने वाला था । वह सोमवार को गांव के लोगों के साथ बालाजी मंदिर पर नेजा चढ़ाने के लिए आया था नेजा चढ़ाने के बाद युवक अपने साथियों के साथ नहर में नहाने चला गया नहर में पानी न होने के कारण छीछामई गाव के पास नहर में बने एक गड्ढे में कूद गया जिससे वह पानी में डूब गया। जबकि मृतक के साथी डूबने से बाल बाल बच गए। सोमवार को पीएससी आगरा के गोताखोर ने अभियान शुरू किया। लेकिन कामयावी नहीं मिली मंगलवार को एनडीआरएफ को बुलाकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया लेकिन रात तक टीम को सफलता नहीं मिली युवक के कूदने के दौरान वह गड्ढे में मौजूद पत्थरों में जाकर उलझ गया था। जिसके चलते युवक का शव बाहर नहीं आ पाया मौके पर पहुचे शिकोहाबाद थाना प्रभारी प्रदीप कुमार की मौजूदगी में बुधवार को आर्मी के गोताखोरों ने लगभग साढ़े तीन घंटे के बाद शव को पत्थरो के बीच से निकालकर बाहर लाए। युवक का शव बरामद होते ही परिवार में चीख पुकार मच गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया ।

# जिलाधिकारी ने नवीन मंडी स्थल शिकोहाबाद का किया निरीक्षण



नेशनल एक्सप्रेस/ ब्यूरो विपिन कुमार

फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन ने नवीन मंडी स्थल शिकोहाबाद का निरीक्षण किया, इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया कि सभी किसानों को उनके क्रय किए गए गेहूं का भुगतान तुरन्त किया जाए तथा उनको किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पाए, जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीद दुगनी होनी चाहिए, जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित किसान सतीश कुमार निवासी नगला पोपी को फूल माला पहना कर गेहूं क्रय केंद्र पर उनका स्वागत किया, कुल 60 गेहूं क्रय केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 37 कोऑपरेटिव के हैं, जिलाधिकारी ने कहा कि इन क्रय केंद्रों पर कोई ऐसा सचिव कार्यरत न हो जो सेवानिवृत्ति या निलंबित हो, सभी सचिव कार्यरत होने चाहिए, मंडी स्थलों पर किसानों को पीने के लिए पेयजल इत्यादि उपलब्ध रहे, इस स्थल पर किसान केवरन सिंह, बृजेश कुमार एवं खुशी लाल सिंह उपस्थित थे, जिनको अपर जिलाधिकारी वि०/ रा० विशु राजा ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया, इस दौरान केंद्र पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी विजयेता सिंह, विपणन अधिकारी बृजेश गंगवार आदि उपस्थित रहे।

# शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने गए विवेक बंसल

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। देश के पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश की चीन से लगती सीमा टप्पल क्षेत्र के ग्राम खेड़िया बुजुर्ग निवासी विशाल कुमार डागुर नामक अग्निवीर शहीद हो गया था। शहीद अग्निवीर का पार्थिव शरीर आज जब उसके पैतृक गांव पहुंचा तो पूरे ग्राम खेड़िया बुजुर्ग में कोहराम मच गया चारों तरफ चीतकार हो रहा था। शहीद जवान विशाल डागुर को अपनी श्रद्धांजलि देने के लिए पूर्व विधायक विवेक बंसल ग्राम खेड़िया बुजुर्ग पहुंचे और शहीद जवान की शव यात्रा में शामिल हुए। इससे पूर्व विवेक बंसल ने शहीद विशाल के पिताजी जयप्रकाश व अन्य पारिवारिजनों से अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि विशाल ने अपनी शहादत देकर पूरे ग्राम एवं जनपद का ही नहीं पूरे देश का मस्तिष्क ऊंचा किया है। मैं इस शहीद जांबाज सिपाही को नमन करता हूं। इस अवसर पर विवेक बंसल के साथ उनके सहयोगियों में कांग्रेस जिला अध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, पार्षद बिजेन्द्र सिंह बघेल, सरदार अजीत सिंह, चौधरी वीरेंद्र सिंह, हिमांशु अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


## संपादकीय

# स्मार्ट सिटी कितनी हकीकत

**अब** अर्ज किया है कि स्थिति में हिमाचल के दो स्मार्ट शहर अपनी हस्ती का सामान लेकर आए हैं। देश ने करीब दस साल पहले सौ स्मार्ट सिटी के कदम चुने, तो वकालत के चश्मों ने सर्वप्रथम धर्मशाला देखा, फिर शिमला को निहारा और इस तरह हिमाचल में शहरीकरण को एक नए पहलू में अंगीकार किया गया। यह दीगर है कि इस फैसले में फासले बहुत रहे हैं और यही वजह है कि तीसरी मोहलत मार्च आते-आते गुजर गई और अब फिर अर्जियां खाली तख्तियों पर गुजारिश कर रही हैं। न धर्मशाला की परियोजनाएं और न ही शिमला की महत्त्वाकांक्षा में स्मार्ट सिटी अपनी जवानी में आई। एक मुकाबला इन दोनों शहरों के बीच व्यवस्था का भी रहा और खींचतान से समय की बर्बादी कर दी। प्रदेश की पहली स्मार्ट सिटी घोषित होते ही धर्मशाला को नाको चने चबाने के लिए भाजपा के सुरेश भारद्वाज अदालत सिर्फ इसलिए चल गए कि यह चयन शिमला की छाती पर मूंग दल रहा था। यही सुरेश भारद्वाज जब शहरी विकास मंत्री बनते हैं, तो शिमला स्मार्ट सिटी की पलकें खोलने के बजाय धर्मशाला के कई रोशनदान बंद करने लगे और इस अखाड़े में परियोजनाएं सिकुड़ गईं, राज्य सरकार की हिस्सेदारी बदल गई। अगर डबल इंजन सरकार की नीयत से भाजपा की तत्कालीन सरकार पैरवी करती तो अंग्रेजों के बसाए दो शहर हिमाचल के शहरी विकास को आगे के लिए एक मॉडल की हैसियत और शहरी आर्थिकी को प्रमाणित करते। भले ही सुरेश भारद्वाज धर्मशाला के इंटेग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल एरिया को दरी समझकर शिमला में बिछाने की कोशिश करते रहे, लेकिन इससे स्मार्ट सिटी का आधारभूत प्रारूप ही चोटिल हो गया। ऐसा नहीं इस दौरान सरवीण चौधरी भी कुछ समय शहरी विकास मंत्री रहीं, लेकिन वह धर्मशाला के तत्कालीन विधायक स्व. किशन कपूर के साथ व्यक्तिगत विवादों के कारण स्मार्ट सिटी परियोजना के महत्त्व को समझ ही नहीं पाईं।

आज जब पुनः दो स्मार्ट सिटी परियोजनाएं मुकम्मल होने की दरख्वास्त दे रही हैं, तो इसे राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भी समझना होगा। राष्ट्रीय स्तर पर अन्य 84 स्मार्ट शहरों में करीब पंद्रह हजार करोड़ के कार्य अधूरे हैं। हिमाचल में शिमला के बजाय धर्मशाला में कुछ हद तक परियोजनाओं के अर्थ दिखाई देते हैं, लेकिन दोनों ही शहरों में स्मार्ट सिटी के धन से सरकारों ने अपने विभागीय खर्च के वैकल्पिक मार्ग चुने हैं। मसलन शिमला में बीस तो धर्मशाला में 15 इलेक्ट्रिक बसों पर करोड़ों खर्च करके इन्हें बिना शर्त-बिना फर्ज अदा किए एचआरटीसी को सौंप दिया। क्या इससे शहरी या स्थानीय परिवहन सेवाओं में सुधार हुआ। धर्मशाला में अगर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत एक बहुआयामी बस स्टैंड विकसित होता, तो आय का संचार भी होता, लेकिन इसके बजाय एचआरटीसी की वर्कशाप में बारह करोड़ लगा दिए गए। स्मार्ट सिटी जोनल अस्पताल को मशीनें, स्कूलों के स्मार्ट रूम और उधर शिमला में एंट्री गेट, बुक कैफे और लोहे व कंक्रीट के जाल बुन रही थीं। शिमला में दो बस अड्डों व लिफ्टों का निर्माण, धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर का फुटबाल ग्राउंड व फूड स्ट्रीट जैसी परियोजनाएं सार्थक हो सकती हैं, लेकिन अभी भी रेहड़ी-फड़ी वाले फुटपाथों पर घमासान मचाए हुए हैं, ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था शहरी जीवन को अफरातफरी में फंसाए हुए हैं। बस स्टाप सिर्फ बनाए गए, सुविधा के लिए चलाए नहीं गए। कहना न होगा स्मार्ट सिटी के विजन को हिमाचल का शहरीकरण न कुछ सीख और न ही कुछ कर पाया। यह दीगर है कि अब शिमला-धर्मशाला में नगर निगमों के बाद होड़ यह है कि इनकी संख्या पटवारखानों की तरह बढ़ जाए, लेकिन परिकल्पना, बजट और आर्थिक स्रोत क्या होंगे, कोई नहीं जानता। कौनसा शहर किस रूप-किस प्रारूप में बेहतर नागरिक सुविधाओं और आर्थिक क्षमता में निखर सकता है, कोई कल्पना नहीं। बहुत पहले स्व. सुखराम ने मंडी शहर के केंद्रीय हिस्से की व्यथा को इंदिरा मार्किट की क्षमता में बदल दिया था। आज भी मंडी शहर की रुह यहीं आबाद होती है। हिमाचल में शहरीकरण को बेहतर ढंग और नीयत से समझने की जरूरत है, ताकि प्रदेश का हर शहर पर्यटन, मनोरंजन व नागरिक सुविधाओं से संपन्न हो। फिलहाल, शिमला और धर्मशाला के शहरी विकास को मॉडल बनाने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत है। केंद्र को यह समझाने की जरूरत है कि हिमाचल में ऐसी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए माकूल जमीन, निर्माण के मानदंड और वनापत्तियों से वर्षों जूझना पड़ता है।

# बदलते कश्मीर में एक साथ मनाई गई ईद और नवरेह



फिरोज़ बख़्त अहमद

**क**श्मीर के ऊपर एक फिल्मी गीत में मुहम्मद रफी ने गाया था, ''हर चेहरा यहां चांद, हर ज़र्रा सितारा/ यह वादी-ए-कश्मीर है, जन्नत का नज़्ज़ारा!'' आज उनकी बात सच हो गई क्योंकि लगभग चार दशकों की उथल-पुथल व आतंकवाद के बाद आज कश्मीर की वही पुरानी रौनक़ लौट आई, जिसके बारे में कहा जाता था यह कि विश्व के पूर्वी छोर का स्विटज़रलैंड है! नवरेह कश्मीरी पंडितों के नव वर्ष का एक त्यौहार होता है, जो हिंदू कैलेंडर के चैत्र मास के शुक्ल पक्ष का प्रथम दिवस होता है और इसे कश्मीर ही नहीं पूर्ण देश में मनाया जाता है। यह चांद के अनुसार, मार्च या अप्रैल में आता है और नवरात्रों के प्रथम दिवस पर समाप्त होता है। सूफ़ी संतों, जैसे, सैयद अली हमदानी, नंद ऋषि नूरुद्दीन वली, लालदेद व हब्बा खातून की कर्म स्थली कश्मीर आज उसी प्रकार से शांतिमय वातावरण में लौट गई है, जैसे उनके समय में हुआ करती थी। वह कश्मीर की ऋषि और सूफी परंपरा है जो यहां के इतिहास में मुसलमानों और पंडितों के साथ सिखों के दिलों को भी जोड़ती है।चूंकि इस बार ईद और नवरेह एक साथ ही पड़ गए तो जहां, जहां कश्मीरी हैं, भले ही वे किसी भी धर्म के हों, मिल कर नवरेह मनाते हैं, जिस में वाजवान और कश्मीरी चाय, कहवा की पार्टी होती है। इस बार एक साथ जिस धूमधाम के साथ नवरेह और ईद का त्यौहार मनाया गया, ईमानदारी से यह दसेक साल तक किसी ने सोचा भी नहीं था। एक तरफ हजरत बल दरगाह मैदान में हजारों मुस्लिम हजरात एक दूसरे के गले लगकर ईद की बधाइयां देते हैं और वहीं दूसरी तरफ क्षीर भवानी मंदिर में कश्मीरी पंडित नवरेह के पर्व पर घंटी बजाकर मां भवानी की आरती करते हैं। यह किसने सोचा था। एक दशक पहले जिस श्रीनगर में आतंक का बोलबाला था, वही श्रीनगर यदि अमन और कश्मीरियत की मिसालें प्रस्तुत कर रहा है, तो इसके लिए कश्मीर के आवाम के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, अजित डोभाल को भी साधुवाद देना पड़ेगा। मोदी को विशेषकर इस लिए भी क्रेडिट देना होगा कि जब 2014 में वे नए, नए प्रधानमंत्री बने थे तो बड़ा भयंकर सैलाब आया था कश्मीर में, जिसके लिए उन्होंने न केवल हजारों करोड़ की सहायता की थी, बल्कि भारतीय सेना नौसेना और वायु सेना के जवानों को भी कश्मीरियों की मदद पर लगा दिया था।एक सक्षम सरकार क्या होती है, एक संवेदना के साथ गवर्नेंस की पद्धति क्या होती है, यदि किसी को देखना है तो आज के कश्मीर को देख सकते हैं। 1989 से लेकर 2019 तक के दौर को जिसने भी देखा है, उसे यह विश्वास करना मुश्किल होता है, कि अलगाव के शोर के साथ रह रही 30 साल की नौजवान पीढ़ी और उनकी जिंदगी पर



खतरे के डर के साए में रह रहे उनके माता पिता के कश्मीर का यह सुखद बदलाव कैसे संभव हो पाया।आज कश्मीर में अमन है, लोगों में भारत के लिए जबरदस्त जज्बा है, और यह यकीन है कि अब कश्मीर आगे बढ़ चुका है और सचमुच भारत का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर है।

किसी ऐतिहासिक भूल पर स्यापा करने के बजाय, यदि भूल सुधारने का कोई दृढ़ विश्वास के साथ चलता है, तभी धरती के स्वर्ग की रौनक वापस आती है। यही विश्वास प्रधानमंत्री मोदी ने दिखाया, और इस विश्वास पर खरा उतरने का दृढ़ संकल्प गृह मंत्री अमित शाह ने किया और निरंतर उसी राह पर आगे भी बढ़ रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह कुछ ही दिनों में फिर से कश्मीर जा रहे हैं। उनकी इस यात्रा का मकसद हाल की कुछ आतंकी घटनाओं की समीक्षा और सुरक्षा एजेंसियों की रणनीति को और कसने की तो है ही, साथ ही वे इस ख्याल से भी जा रहे हैं कि कश्मीर के लोगों के लिए जो विकास की योजनाएं चल रही हैं, उसकी गति की भी जांच हो जाए और जनता के दुख सुख का प्रत्यक्ष अनुभव भी हो जाए। मोदी और शाह की जोड़ी ने सिर्फ कश्मीरी लोगों का दिल ही नहीं जीता है, बल्कि अजित डोभाल के साथ कश्मीर को लेकर पाकिस्तान और उसके समर्थक देशों द्वारा दशकों से चलाए जा रहे षड्यंत्र को भी पूरी तरह परास्त कर दिया है। अब पाकिस्तान खुद स्वीकार करता है, कि कश्मीर की जंग वह हार चुका है।

पाकिस्तानी के लेखिका, याना मीर के शब्द हैं कश्मीर के लोग भारत के साथ खुश हैं क्योंकि पाकिस्तान एक आतंकिय फेल्ड स्टेट बन चुका है, लेकिन पाकिस्तान खुले रूप से माहौल बिगाड़ना चाहता है, जिसमें वह सफल नहीं होगा। खुद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और शांतिदूत, इमरान खान ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा था कि उनके दौर के आर्मी चीफ कमर जावेद बाजवा ने उनके सामने कई बार यह दोहराया था कि पाकिस्तान की सेना के पास भारत से लड़ने का माद्दा और तैयारी नहीं है। जब वे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने से पूर्व भारत आए थे तो उन्होंने दिल्ली के अशोका होटल में लेखक को ''टाइम्स ऑफ इंडिया'' के लिए किए गए एक साक्षात्कार में कहा था कि भारत और पाकिस्तान को कश्मीर के विषय को बैक बर्नर अर्थात पीछे की सीट पर छोड़ कर ट्रेड एंड कॉमर्स, शिक्षा, खेल कूद आदि में एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए।अब पाकिस्तान भारत से कश्मीर लेने की नहीं, पीओके को बचाने, बलूचिस्तान और गिलगित को टूटने से रोकने के जद्दोजहद में लगा हुआ है। पाकिस्तान से अलग होने और खुद को आजाद करने के जो तहरीक पाकिस्तान में चल रही हैं, उनके सामने भारत और मोदी के कश्मीर मॉडल दिखने लगा है। वे अब खुल कर कह रहे हैं कि पाकिस्तान के साथ उनकी तरक्की संभव नहीं है, क्योंकि उनके पास आवाम की आवाज पहचानने वाले और जनता के लिए शिद्दत के साथ काम करने वाले मोदी और शाह जैसे नेता नहीं है। पाकिस्तानी नौजवानों द्वारा मोदी के गुणगान के वीडियो कोई नई बात नहीं! वे कहते हैं कि शाहबाज और मोदी का कोई मुकाबला ही नहीं!कश्मीर में यह नया बदलाव एक दिन में नहीं आया है, इसके लिए पूरी केन्द्र सरकार दीर्घकालीन नीति पर काम कर रही है। सबसे पहले कश्मीर की शांति के लिए नासूर बने मुद्दों की पहचान की गई, कश्मीर की बर्बादी के लिए जिम्मेदार वंशवाद की राजनीति पर प्रहार किया गया, शरारती तत्वों से संचालित हो रहे आतंकवाद और कथित जिहाद को समाप्त किया गया, नीतियों में अकर्मण्यता और जड़ता को खत्म किया गया और जनता द्वारा चुने गए स्थानीय शासन की पद्धति को बहाल किया गया व कश्मीर में आतंकवादियों को मुहम्मद अली क्ले जैसे नॉकआउट पंच के जरिए जहन्नुम में पहुंचा देने की रणनीति बनाई गई। आज कश्मीर के लोग खुद कहते हैं कि वे खुली हवा में सांस ले रहे हैं, राज्य में धड़ाधड़ स्कूल, क्रीड़ांगन, पार्क और हॉस्पिटल बन रहे हैं, उनके बच्चे भी देश के अन्य बच्चों की तरह पढ़ रहे हैं, अब उनके अंदर भी ''हुब्बल वतनी ) निस्फुल ईमान'', अर्थात, एक मुस्लिम के लिए वतन से वफादारी ही उसका आधा, बल्कि पूरा ईमान है, की भावना घर करती जा रही है ताकि कश्मीर और भारत का नाम ऊंचा करे। अब कश्मीर में प्रधानमंत्री या गृह मंत्री की या यात्रा पर कोई ब्लैक आउट का कॉल नहीं देता, बल्कि स्थानीय लोग अपनी आकांक्षा और संवेदना खुल कर जाहिर करते हैं। कश्मीर की हवा में जहर घोलने वाले हिज्बुल मुजाहिदीन और जेकेएलएफ जैसे संगठनों के पीछे लोग खड़े नहीं होते और न ही युवा 500 रुपए लेकर पत्थरबाजी करते हैं। कभी अनुच्छेद 370 और 35 ए के विरुद्ध झंडा उठाने और केंद्र से मुखालिफत का दम भरने वाले लोग भी अब खुद को भारत के एक सामान्य राज्य होने से गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। पूरा विश्व भारत की कश्मीर नीति की आज इज़्ज़त कर रहा है, और इसे गुड गवर्नेंस के एक मिसाल के तौर पर देख रहा है।कश्मीर में स्थायी शांति के लिए केन्द्र सरकार ने एक नहीं कई कदम उठाए हैं। खुद अमित शाह ने गृह मंत्री के रूप में, 5 अगस्त 2019 में बिना किसी अप्रिय घटना के कश्मीर के विशेष राज्य के दर्जे को समाप्त कर दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया था। कश्मीरी जनता को लोकतंत्र में उचित प्रतिनिधित्व मिले, इसके लिए शांतिपूर्वक परिसीमन कर एक नया उदाहरण पेश किया। पाकिस्तान के साथ लगी सीमाओं को ऐसा चाक-चौबंद किया कि घुसपैठ अब पुरानी बात लगने लगी है। कश्मीर के विकास के लिए न सिर्फ खजाने खोल दिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि इसमें कोई भ्रष्टाचार ना होने पाए। कश्मीर में मोदी सरकार ने लोगों में आकांक्षाएं जगाईं और अब यहां के लोग आतंकवाद या अलगाववाद की बात करने के बजाय, नौकरी, रोजगार के अवसर, शिक्षा और इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात करते हैं। खुराफ़ाती सोच रखने वाले कुछ लंपटवादियों ने तो यहां तक कह दिया था कि 370 आया तो कश्मीर की वादियां खून से भर जाएंगी! ऐसा नहीं हुआ क्योंकि अल्लाह सब देख रहा है! आज जो भी कश्मीर घूमने जाता है, उसको तुरंत एहसास हो जाता है, कि मोदी और शाह ने कश्मीर के विकास को कितनी प्राथमिकता दी है। उत्तर भारत को कश्मीर से जोड़ने वाला बसोली का अटल सेतु हो, या फिर श्रीनगर, जम्मू और लेह के एयरपोर्ट हो, या सेब और काजू के बागात हों, सब में एक नई ताजगी नजर आती है। कश्मीर घाटी में रेलवे के काम अब विश्व में नाम करने लगे हैं।

दुनिया का सबसे ऊंचा रेल आर्क ब्रिज बन कर तैयार है, नई दिल्ली से कटरा तक नया एक्सप्रेस वे भी अब जनता के लिए उपलब्ध है। दो एम्स कश्मीर में आ चुके हैं, चिकित्सा के लिए किसी कश्मीरी को अब दिल्ली आने की कम ही जरूरत है। बिजली के मामले में भी जम्मू कश्मीर नया रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। कई हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स के साथ लेह में दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पावर प्रोजेक्ट लग रहा है। नए आईआईटी और मेडिकल कॉलेज भी बन रहे हैं। कश्मीर में अब पहले से ज्यादा पर्यटन के आकर्षण केंद्र विकसित हो गए हैं। गुलमर्ग स्काई रिजॉर्ट, लद्दाख नेशनल पार्क, स्नो लेपर्ड सफारी, पांगोंग झील लाखों पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहे हैं। अमित शाह ने हाल ही में कहा था, ''कश्मीर भारत का सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक की आधारशिला है, इसे इसी भावना से आगे विकसित करना है।

## 3 अप्रैल :इतिहास की अहम घटनाएं

1949 अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने उत्तरी अटलांटिक संधि पर हस्ताक्षर किए।

1961 50 वर्ष से अधिक समय से विलुप्त हो रहे एक व्यक्तिगत लीडबीटर के कब्जे की खोज न्यू साउथ वेल्स, ऑस्ट्रेलिया में की गई थी।

1968 अमेरिकन फिल्म प्लैनेट ऑफ द एपस थिएटरों में रिलीज हुई।

1971 जापानी टोकनसत्सु टेलीविजन श्रृंखला कामेन राइडर का प्रीमियर हुआ, जो लंबे समय से चल रहे कामेन राइडर मताधिकार की शुरुआत थी।

1973 न्यूयॉर्क शहर की एक सड़क पर, मोटोरोला के शोधकर्ता मार्टिन कोपरमेड ने एक हाथ में मोबाइल फोन पर पहली सार्वजनिक कॉल की।

1981 ओसबोर्न 1, पहला सफल पोर्टेबल कंप्यूटर, सैनफ्रांसिस्को के वेस्ट कोस्ट कंप्यूटर फेयर में अनावरण किया गया था।

1987 अटलांटिक सिटी के न्यू जर्सी में शोबोट कैसीनो होटल की स्थापना की गयी।

1995 UCLA ब्रिंस ने 57 वें NCAA पुरुषों की बेसबॉल चैम्पियनशिप में अर्कासस को 89-78 से हराया।

1996 U.S. Air Force CT-43, क्रोएशिया के डबरोवनिक में डबरोवनिक हवाई अड्डे के लिए एक साधन दृष्टिकोण को पार करते हुए एक पहाड़ी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे अमेरिकी वाणिज्य सचिव रॉन ब्राउन और अन्य सभी 3434 लोग मारे गए।

1996 एक अमेरिकी वायु सेना CT-43 डबरोवनिक, क्रोएशिया में डबरोवनिक हवाई अड्डे के लिए एक उपकरण दृष्टिकोण का प्रयास करते समय एक पहाड़ी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे वाणिज्य सचिव रॉन ब्राउन और अन्य 34 लोग मारे गए।

19 97 ड्रीम जॉनी मर्सर रिकॉर्ड के लिए रोयाल न्यूयॉर्क शहर में खोला गया, अर्थात 71-1।

2006 नेपाल में माओवादियों ने संघर्षविराम की घोषणा की।

2007 टेक्सास के कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने लैटर डे सेंट्स के YFZ Ranch के यीशु मसीह के फंडामेंटलिस्ट चर्च पर छापा मारा, अंततः 533 महिलाओं और बच्चों को परिसर से हटा दिया।

2010 चीन के शांक्सी में बचाव दल ने 153 से अधिक श्रमिकों की मदद के लिए बाढ़ की खान में प्रवेश किया।

2011 कजाखस्तान में राष्ट्रपति चुनाव; राष्ट्रपति नूरसुल्तान नज़रबायेव ने 95% वोट जीते।

2011 राष्ट्रपति नूरसुल्तान नज़रबायेव ने 95% वोट जीते जब कजाकिस्तान ने राष्ट्रपति चुनाव लड़ा।

2012 रूस की राजधानी मास्को में भीषण आग में 17 प्रवासी श्रमिकों की मौत।

2012 समाचार अंतरराष्ट्रीय फोन हैकिंग कांड के बाद जेम्स, मर्डोक ने बीएसकेवाईबी के अध्यक्ष के रूप में इस्तीफा दे दिया।

2013 अर्जेंटीना में आयी भीषण बाढ़ से 50 से अधिक लोगों की मौत।

2013 अमेरिकी टीवी नेटवर्क एनबीसी ने जे लेनो की घोषणा की, 'द टुनाइट शो' के मेजबान 2014 के वसंत में निकलेंगे, और उनकी जगह कॉमेडियन जिमी फॉलन लेंगे।

2013 अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स प्रांत के उत्तरपूर्वी हिस्से में कई फ्लैश बाढ़ का अनुभव हुआ, जिसने कम से कम 100 लोगों के जीवन का दावा किया।

2014 डेविड लेटरमैन ने घोषणा की कि वह 2015 में 'लेट शो' से सेवानिवृत्त होंगे।

2014 फिलिपिनो अरबपति हेनरी सी के स्वामित्व वाली मॉल-बिल्डिंग कंपनी चीन में मॉल के विकास में तेजी लाने के लिए तैयार है।

## समसामयिक

# हुज़ूर आप कोई फ़ैसला करें तो सही!



ऋषभदेव शर्मा

**हाल** ही में पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश बी.एन. श्रीकृष्ण ने न्यायिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को ख़तरे में बताया। इससे यह मुद्दा एक बार फिर सुर्ख़ियों में आ गया है कि भारतीय न्यायपालिका आज गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। जस्टिस बी.एन. श्रीकृष्ण ने शायद सही ही कहा है कि भारत की न्यायिक व्यवस्था ''गंभीर संकट'' से गुजर रही है, जिसमें देशभर की अदालतों में कई करोड़ मामले लंबित हैं। उन्होंने याद दिलाया कि ''न्याय में देरी, न्याय से इनकार के समान है।'' उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में न्यायिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर बढ़ते ख़तरे को भी उजागर किया। यह ठीक है कि भारतीय लोकतंत्र में असहमति और आलोचना का अधिकार हमेशा से एक मजबूत स्तंभ रहा है। लेकिन, वक़्त-बेवक़्त इस पर बढ़ते प्रतिबंध सयानों को चिंता में डालते हैं। यही वजह है कि न्यायमूर्ति श्रीकृष्ण को धर्मनिरपेक्षता, कानून के समक्ष समानता और विधि का शासन – जो हमारे लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभ हैं – आज खतरे में लगते हैं। कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच धुँधली होती सीमाएँ भी एक गंभीर मुद्दा हैं। ऐसी घटनाएँ भी आए दिन सामने आ ही जाती हैं, जिनसे ख़ुद न्यायपालिका की निष्पक्षता और ईमानदारी संदेह में पड़ती दिखाई देती है! अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर भी देश भारी कन्फ्यूजन के दौर से गुज़र रहा है। ऐसे में रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा कलात्मक और वैचारिक स्वतंत्रता पर नए संदर्भों में मंथन की माँग उठना स्वाभाविक है।

स्वतंत्रता और उसकी सीमा की बहस तो ख़ैर अपनी जगह है। लेकिन ज़्यादा व्यावहारिक सवाल यह है कि 'न्याय में देरी' के रूप में लोगों को आख़िर कब तक 'अन्याय' का शिकार बनते रहना होगा! क्या किसी लोकतंत्र को इस बात पर अचंभित नहीं होना चाहिए कि देशभर की अदालतों में 4.5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं और प्रति 10 लाख नागरिकों पर केवल 21 न्यायाधीश उपलब्ध हैं! यह असमानता अदालतों पर भारी बोझ डाल रही है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में वर्षों लग जाते हैं।

सयाने बता रहे हैं कि ऐसे में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) न्याय प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। एआई न्यायालयों के प्रशासनिक कार्यों को स्वचालित कर सकती है, केस प्रबंधन को सरल बना सकती है और कानूनी अनुसंधान को तेज कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट पहले से ही एआई का उपयोग दस्तावेज़ों के अनुवाद और मौखिक तर्कों की लिप्यंतरण के लिए कर रहा है। इस तकनीक को और व्यापक स्तर पर अपनाने से न्यायधीशों का बोझ कम होगा और वे जटिल मामलों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

इसके अलावा, एआई आधारित उपकरण मामलों की ट्रैकिंग, सुनवाई की समय-सारणी, और दस्तावेज़ीकरण की प्रक्रिया को स्वचालित कर सकते हैं। नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (एनएलपी) जैसी तकनीकों का उपयोग करके, केस फ़ाइलों की छँटाई और विश्लेषण किया जा सकता है, जिससे न्यायधीशों और वकीलों का समय बचेगा। चीन के 'स्मार्ट कोर्ट' मॉडल की तरह भारत भी एआई को अपनाकर अपने न्यायालयों की कार्यक्षमता को बढ़ा सकता है।

एआई सिर्फ न्यायपालिका की दक्षता बढ़ाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह आम लोगों की कानूनी सेवाओं तक पहुँच को भी आसान बना सकती है। एआई आधारित चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट्स नागरिकों को कानूनी सलाह दे सकते हैं और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं।जब तक ये सब सुधार हों, तब तक 'हुमैरा राहत' के शब्दों में देश की न्याय व्यवस्था के समक्ष गुहार ही लगाई जा सकती है- हुज़ूर आप कोई फ़ैसला करें तो सही !हैं सर झुके हुए दरबार भी लगा हुआ है!!

# कर्म की सक्रिय वसंयमित धारा यमुना



अशोक ''प्रवृद्ध''

**भा**रत में प्रकृति के विभिन्न रूपों के पूजन की वृहत परंपरा रही है। यहां नदियों को भी माता कहकर देवी की भांति पूजा जाता है। उनकी जयंती मनाई जाती है। चैत्र मास की शुक्लपक्ष की षष्ठी तिथि को यमुना का अवतरण इस भूमि पर होने की मान्यता होने के कारण इस दिन को यमुना जयंती के नाम से जाना जाता है। और इस दिन यमुना का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसे यमुना छठ भी कहा जाता है। चैत्र की सूर्य षष्ठी का पहला अर्घ्य भी इस दिन सायं काल में अस्ताचलगामी सूर्य को दी जाती है। इस दिन यमुना स्नान, यौगिक क्रिया, यमुना पूजन, यमुनार्चना, यमुना आरती, दीपदान आदि का विशेष महत्व माना जाता है।

वैदिक मतानुसार पृथ्वी पृष्ठ पर भिन्न-भिन्न रूप और गति से बहनेवाली नदियां मानव को लाभ पहुंचानेवाली हैं, उनसे लाभ होना चाहिए। वेदों में गंगा, यमुना, सरस्वती का उल्लेख अनेक स्थानों पर हुआ है, लेकिन इसे सिर्फ एक भौगोलिक नदी तक सीमित कर देखना ठीक नहीं, बल्कि इसकी व्यापकता और यौगिक अर्थों को समझने, जानने की आवश्यकता है। वेद और वैदिक साहित्य में गंगा, यमुना, सरस्वती और अन्य नदियों का उल्लेख प्रतीकात्मक रूप से हुआ है। यह नाम केवल भौगोलिक नदियों के संकेतक नहीं है, बल्कि गहरी आध्यात्मिक और प्रतीकात्मक अर्थ लिए हुए हैं।वेद में नदियों को मानव चेतना, शरीर और आत्मा के परिष्करण की धारा के रूप में प्रस्तुत किया गया है।ऋग्वेद में एक ही स्थान पर पृथ्वी पर बहने वाली दस नदियों का वर्णन शरीर में अवस्थित दस नाड़ियों के संदर्भ में किया गया है-

*इमं मे गङ्गे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोमं सचता परुष्ण्या ।*
*असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तयार्जीकीये शृणुह्या सुषोमया ।।*

-ऋग्वेद 10/75/5

अर्थात -हे गंगे, यमुने, सरस्वति, शुतुद्रि, परुष्ण, मरुद्वृधे, वितस्ता, असिक्नी और सुषोमा इनके साथ विद्यमान हे आर्जीकीये! तू हमारे इस स्तुतियोग्य वचन को श्रवण कर।

इस मंत्र में गंगा आदि देहगत दस नाड़ियों का वर्णन है, उनका विशेष वर्णन है। इसमें आत्मा रूप नदी सिन्धु का वर्णन है।लोक में गंगा, यमुना, सरस्वती, परुष्णी, मरुद्वृधा, शुतुद्री, वितस्ता, असिक्नी, सुसोमा और आर्जिकीया ये सब नाम नदियों के प्रसिद्ध हैं। वेद में इन शब्दों का मुख्यार्थ नदियों के प्रति संगत न होने से ये शब्द नदीवाचक नहीं हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से ये दस विशेष नाड़ियां हैं। उन नाड़ियों में व्याप्त आत्मशक्ति भी उसी -उसी नाम से पुकारी जाती है। इसे बृहदारण्यक में आत्मा कहकर अंकित इस वचन से भी समझ जा सकता है-

*शृण्वन्-श्रोत्रं भवत्ति मनो मन्वानो वाग वदन्-इत्यादि।*

*संगीतविषये केरललिप्यां हस्तलिखितपुस्तक में कहा गया है-*

*इड़ा च पिङ्गलाख्या च सुषुम्ना चास्थिजिह्विका ।अलम्बुसा यथा पूषा गान्धारी शङ्खिनी कुहूः देहमध्यगता एता मुख्याः स्युर्दश नाडयः।।*

गंगा इड़ा नाड़ी है, वह आत्मा को ज्ञान प्राप्त कराती है, यमुना पिंगला है, जो देह के समस्त अंगों को सुव्यवस्थित करती और संयम में रखती है। सरस्वती सुषुम्ना, उसमें प्रशस्त ज्ञान-सुख का उद्भव होता है, परुष्णी का अर्थ करते हुए निरुक्त में कहा गया है- पर्ववती, भास्वती, कुटिलगामिनी। अर्थात- जो प्रतिपर्व पीठ के मोहरों में से नीचे तक गई है, वह वर्ण में चमकीली कुटिल मार्ग में गई है। असिक्ती का अर्थ करते हुए निरुक्त में कहा है- अशुक्ला, असिता सितमिति वर्गनाम तत्प्रतिषेधः। अर्थात- जो शुक्ल अर्थात चमकीली नहीं, उसमें जो रस बहता है उसका कोई रंग नहीं है। मरुद्वृधा का अर्थ करते हुए निरुक्त कहता है- सर्वा नद्यो मरुतः एनां वर्धयन्ति। अर्थात- जो और नाड़ियां है वे उसको बढ़ाती हैं, नाड़ी का वह अंश जहां अन्य सब मिल कर एक हो जाती हैं। अथवा मरुत, देह के प्राण उसको और वह प्राणों को पुष्ट करते हैं। शुतुद्रीका अर्थ करते हुए निरुक्तकार कहता है- शुद्राविणी, क्षिप्रद्राविणी, आशुतुन्ना इव द्रवति। अर्थात- जो वेग से गति करती, भरी-भरी चलती है। वितस्ताका अर्थ निरुक्त इस प्रकार करता है- विदग्धा, विवृद्धा, महाकुला। अर्थात- देह में




वितस्ता वह नाड़ी है, जो देह में दाह अर्थात ताप को धारण करती है, वह बहुत व्यापक और त्वचा भर में व्याप्त है। आर्जीकीया का अर्थ करते हुए निरुक्त में कहा है- ऋजूकप्रभवा वा, ऋजुगामिनी वा। अर्थात- ऋजूक से उत्पन्न, वा ऋजु जाने वाली, मस्तक में विशेष स्थान ऋजूकहै। उससे निकली नाड़ी वितस्ता है।विपाट् का अर्थ निरुक्त में इस प्रकार किया गया है- विपाटनाद्वा, विपाशनाद्वा, पाशा अस्यां व्यापाश्यन्त वसिष्ठस्य मूमूर्च्छतस्तस्माद् विपाट् उच्यते। अर्थात- विपाट् वह नाड़ी है जहां विपाटन होता है, जिस के फटने पर प्राण देह को त्याग देते हैं और आत्मा देह से पृथक हो जाता है, उसी का प्राचीन नाम उरुंजिरा है। सुषोमा उत्तम प्रेरणा वाली अथवा उत्तम वीर्य वाली वीर्यवहा नाड़ीअथवा जो अंगों में शक्ति प्रदान करे। सिन्धु का अर्थ निरुक्त में इस प्रकार किया गया है- सिन्धुः यदेनामभिप्रसुवन्ति नद्यः ।सिन्धुः स्यन्दनात। अर्थात- सब नदियां जैसे सिन्धु में आती हैं, ऐसे समस्त प्राण जिसमें आकर लय हो जाते हैं वह आत्मा ही सिन्धु है। वह एक शरीर से दूसरे शरीर में, एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में जाते हुए महानद के समान जाता है। इसलिए सिन्धु कहाता है। देह ही देश के तुल्य क्षेत्रकहाता है। -सा मे आत्माभूत्इति सोमः। सोम मेरा अपना ही आत्मा है ऐसा ब्राह्मणप्रोक्त निर्वचन है, इससे सुषोमा स्वयं आत्मा रूप नदी है। आत्मा का नदीरूप से वर्णन करते हुए महाभारत में कहा गया है- आत्मा नदी संयम-पुण्यतीर्था, सत्योदका, शीलतटा दयोर्मिः। इत्यादि भिन्न- भिन्न स्थिति में यहां इन नामों से आत्मा को ही सम्बोधन किया गया है।

ऋग्वेद 10/75/5 के मंत्रमें गंगे यमुने सरस्वतिइन तीन सम्बोधन शब्दों से गति, संयम व ज्ञानका प्रतिपादन है। गंगा शब्द गम्से और यमुना शब्द यम्से बना है। गंगा, अर्थात गति, क्रियाशीलता। अपनी तीव्र गति के कारण ही गंगा नदी का जल पवित्र है, क्रियाशीलता हमें भी पवित्र बनाती है। हमारे शरीर सदा क्रियाशील हों, तो मन संयम की भावना से ओत-प्रोत हो । यमुना, अर्थात यमन, संयम। हम मन को निरुद्ध करनेवाले हों। सरस्वती तो ज्ञान कीअधिष्ठात्री है ही। हमारा मस्तिष्क ज्ञानान्वित हो।वस्तुतः मंत्र में क्रियाशीलता, संयम, ज्ञान, वासना-विद्रावण, शुभ भावनाओं का पूरण, विषयों से अबद्धता, प्राणशक्ति, रोग व राग-द्वेषादि अशुभः क्षय, स्वस्थता व सबलता और विनीतता आदि से युक्त बनने के लिए परमात्मा से स्तुति की गई है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि गंगा पवित्रता और चेतन की उर्ध्वगामीधाराहै। गंगा शब्द का यौगिक अर्थ है-गम् + गम्यते अर्थात जो गमन शील है, जो ऊपर की ओर प्रवाहित होती है। आध्यात्मिक दृष्टि से गंगा का संबंध इड़ा नाड़ी से है। योग शास्त्र में यह नाड़ी चंद्र ऊर्जा का प्रतीक है, जो शीतल, शांत और पवित्र चेतन की धारा है। यह नाड़ी शरीर के बाईं ओर प्रवाहित होती है और मानसिक स्थिरता एवं पवित्रता को बढ़ाती है।गंगा के गूढ़ तात्पर्यहैं -चेतना की शुद्धि। गंगा पवित्र जल की तरह मन और आत्मा की अशुद्धियों को दूर करती है।प्रकाश मय विचारलाती है। गंगा का प्रवाह सतोगुण का प्रतीक है। यह साधक को पवित्र चिंतन और आत्मिक शांति की ओर ले जाती है।

यमुना शब्द का अर्थ हैं यम+ऊना अर्थात नियंत्रित प्रवाह।यह कर्म और ऊर्जा का प्रतीक है। आध्यात्मिक अर्थ में यमुना का संबंध पिंगला नाड़ी से है। यह सूर्य ऊर्जा का प्रतीक है, जो शरीर के दाहिने भाग में प्रवाहित होती है। यह नाड़ी कर्म, उत्साह और ऊर्जस्वितविचारों का संचार करती है। यमुना के गूढ़ तात्पर्य, कर्म प्रधान जीवन, यमुना जीवन में प्रवाह और गतिशीलता का प्रतीक है। यह कर्म के महत्व को दर्शाती है। ऊर्जा संतुलन, यमुना का प्रवाह रजोगुण का प्रतीक है, जो जीवन के कर्मशील पक्ष को जागृत करता है।गंगा यमुना संगम अर्थातइड़ा और पिंगला का मिलन। गंगा और यमुना का संगम प्रयाग में माना जाता है, परंतु वेदों में इसका प्रतीकात्मक अर्थ गहरी योग दर्शन से जुड़ा है।संगम गंगा (इड़ा)और यमुना (पिंगला) का मिलन सुषुम्ना नाड़ीमें होता है। सुषुम्ना नाड़ी शरीर के मध्य में स्थित होती है और आध्यात्मिक जागरण के लिए महत्वपूर्ण है। योग साधना में जब इड़ाऔर पिंगला का संतुलन होता है, तब चेतना सुषुम्ना में प्रवाहित होती है। और साधक को आत्मज्ञान प्राप्त होता है। प्रतीकात्मक दृष्टि से संगमअर्थात शरीर मन और आत्मा का संतुलनगंगा, यमुना और सरस्वती का मिलन मानव चेतना की उच्चतम स्थिति का प्रतीक है। मोक्ष प्राप्ति का यही अर्थ है। यही वह तीर्थ है जहां स्नान अर्थात योग साधना करने से आत्मज्ञान और मोक्ष प्राप्त होता है। वस्तुतः यमुना कर्म की सक्रिय धारा है।

# मा0 राज्य मंत्री ने स्कूल चलो अभियान रैली का हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर। कानपुर देहात शैक्षिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जनपद में स्कूल चलो अभियान की रैली के साथ हुआ। मा0 राज्यमंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि मा0 जनप्रतिनिधिगण व अधिकारियों द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय बीआरसी परिसर अकबरपुर से रवाना किया गया, रैली में बच्चों द्वारा हाथों में तख्ती लेकर जनमानस को जागरूक करने के लिए स्कूल चलो अभियान एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की रैली की निकाली गयी। तत्पश्चात कार्यक्रम विकास भवन परिसर में स्कूल चलों अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि रैली का उद्देश्य शत-प्रतिशत बच्चों को विद्यालय तक पहुंचना है। सांस्कृतिक दलों द्वारा सर्व शिक्षा अभियान द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मा0 राज्यमंत्री द्वारा बच्चों को तिलक कर निशुल्क पाठ पुस्तिक का वितरण किया गया। मा0 राज्यमंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा सरकार द्वारा शिक्षा के लिए जो प्रयास किया जा रहे हैं वह सराहनीय है। हमें बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि एक बालिका के शिक्षित होने का तात्पर्य पूरे परिवार के शिक्षित होने से है। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा स्कूल चलो अभियान के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी मा0 जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ बच्चों द्वारा भी देखा गया।

## खबरें फटाफट

### 50 युवाओं ने भाजपा पार्टी के कार्यों से प्रभावित होकर के भारतीय जनता पार्टी का हाथ थामा



आज कानपुर में कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार के कार्यालय केशव पुरम कल्याणपुर में लगभग 50 युवाओं ने भाजपा पार्टी के कार्यों से प्रभावित होकर के भारतीय जनता पार्टी का हाथ थामा . देश और प्रदेश में बीजेपी सरकार के कार्यो से प्रभावित होकर कानपुर में आज सैकड़ो की संख्या में युवाओ ने भाजपा की सदस्यता ली।आप को बता दे कि भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे विकाश कार्यो से प्रभावित होकर कानपुर के कल्याणपुर इलाके के सूर्याराज कटियार युवा ने अपने सैकड़ो साथियो के साथ विधायक नीलिमा कटियार के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।सूर्याराज ने बताया कि आज हम लोगो ने बीजेपी के कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ली इस अवसर पर सदस्यता लेने वालों में संजय कटियार सूर्याराज कटियार राजा कटियार पंकज दुबे राजेश कटियार अमन कटियार आदि लोग उपस्थित रहे ।

### शहर का एक ऐसा देवी मंदिर जहां दर्शन करने से होती है संतान की प्राप्ति

कानपुर। यूं तो शहर में देवी मां के कई मंदिर स्थापित है। जहां रोजाना की अपेक्षा नवरात्रि के दिनों में श्रद्धालुओं की भीड़ कई गुना बढ़ जाती है। ऐसा ही फीलखाना स्थित मां तपेश्वरी देवी का मंदिर है। जहां एक साथ चार देवियां विराजमान हैं। मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन कर हाजरी लगाने से निसंतान महिलाओं की सूनी गोद भर जाती है। यही नही मंदिर प्रांगण में छोटे बच्चों का मुंडन संस्कार और भी कई तरह के मांगलिक कार्यक्रम भी किये जाते हैं। इस ऐतिहासिक मंदिर से जुड़े कई रहस्य भी हैं। जिसे लेकर



पुजारी शिव मंगल ने बुधवार को अहम जानकारियां साझा की है। मंदिर के पुजारी शिव मंगल ने बताया कि इस का इतिहास रामायण काल से जुड़ा हुआ है। मंदिर में चार देवियां मां सीता, कमला, विमला और सरस्वती विराजमान हैं। मां सीता ने बिठूर से यहां पर आकर तप किया था। यही नही लव कुश का मुंडन संस्कार भी इसी मंदिर प्रांगण में कराया था। तभी से यह परंपरा चली आ रही है। आज भी यहां मुंडन संस्कार के साथ-साथ और भी मांगलिक कार्यक्रम किये जाते हैं। मान्यता है कि यदि निसंतान महिलाये माता रानी के नियमति दर्शन कर हाजरी लगातीं हैं। तो उन्हें जल्द ही संतान की प्राप्ति होती है।

# वार्षिक परीक्षाफल वितरण करते डीसीपी एसके सिंह



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। श्री गुरु नारायण खत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 9 और 11 के वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे डीसीपी पूर्वी एसके सिंह ने छात्रों को अपनी सफलता के लिए प्रेरित किया और उन्हें मेहनत और अनुशासन के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया. इसमें विभिन्न कक्षाओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया.साथ ही विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखने की सलाह दी.कड़ी मेहनत और अनुशासन,ईमानदारी और नैतिकता,सकारात्मक सोच,स्वस्थ जीवनशैली,करियर की सही दिशा,साइबर सुरक्षा और कानून की जानकारी,समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी के लिए छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने सपनों को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। इस दौरान कार्यक्रम में कालेज प्रबंधन समेत शिक्षक गण मौजूद रहे।

# डॉक्टरो ने बुर्जुग महिला के मैटेलिक स्टैंट डाल कर छोटी आंत का रास्ता खोला



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। आमाशय के कैंसर से पीड़ति महिला का हैलट के पीएमएसएसवाई में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डॉ विनय कुमार व उनकी टीम ने बिना ऑपरेशन के एंडोस्कोपिक विधि द्वारा रुकावट की जगह पर एक मैटेलिक स्टैंट डाल कर उसका रास्ता खोल दिया जिससे मरीज का खाना पीना शुरू हो गया और सामान्य स्थित होने पर उसे डिस्चार्ज दे दिया गया।

विधनू कानपुर की निवासी मुन्नी देवी (नाम परिवर्तित) आमाशय के कैंसर से पीड़ति थी। कैंसर की वजह से आमाशय एवं छोटी आंत को जोड़ने वाला रास्ता ब्लॉक हो गया था। जिस वजह से मरीज को कुछ भी खाते ही उल्टी हो रही थी। खाना न खा पाने की वजह से पिछले एक माह में मरीज के वजन में 10 किलो की गिरावट आ गई थी। उम्र ज्यादा होने एवं वजन काफी कम होने की वजह से मरीज ऑपरेशन नही किया जा सकता था। इन समस्याओं के साथ में मरीज ने जीएसवीएस पीजीआई के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में डॉ विनय कुमार विभागाध्यक्ष को दिखाया। जिस पर डॉ विनय कुमार व गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डॉ धुरव ठाकुर असिस्टेंट प्रोफेसर गैस्ट्रोएंटरोलॉजी द्वारा बिना ऑपरेशन के रुकावट दूर करने का निर्णय लिया गया। एंडोस्कोपिक विधि द्वारा रुकावट की जगह पर एक मैटेलिक स्टैंट डाल दिया गया। इस प्रक्रिया में 10 मिनट का समय लगा। दो घंटे बाद मरीज को पतला खाना शुरू किया गया, जिसको मरीज ने बिना उल्टी किए ही पचा लिया। अगले दिन ही मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया। डिस्चार्ज के समय मरीज नॉर्मल तरीके से खाना खा रही थी। इस उपलब्धि के

# शराब ठेके के विरोध में सड़क पर उतरीं कानपुर की महिलाएं , कई को पीटा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। यहां शराब ठेका खोलने के विरोध में महिलाओं ने बवाल कर दिया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार और उसके साथियों की पिटाई भी कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मुश्किल से उन्हें समझा बूझकर शांत कराया।

मामला रावतपुर स्थित विनायकपुर का है, जहां देसी शराब ठेका के विरोध में दर्जनों महिलाएं सड़कों पर उतर आई। इतना ही नहीं ठेकेदार की तरफ से पहुंचे लोगों की झाडू और डंडे से पिटाई भी कर दी।

इसबीच सूचना पर रावतपुर पुलिस पहुंची तो इलाके की महिलाओं उमा कनौजिया, विभा सिंह, नीतू कटियार, मोनिका सिंह, अंजू शुक्ला, खुशी, गुड्डी, गीता, पूनम, प्रतिमा, शोभा, फूलमती, सुमन मिश्रा, मनोरमा और रजनी सिंह ने संयुक्त रूप से पुलिस को तहरीर भी दी है।इस पर अफसरों ने जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। तब जाकर महिलाएं हटी।

अवगत करा दें कि विनायकपुर रावतपुर में देसी शराब ठेका खुलना है। इसे लेकर दुकान भी चिन्हित हो चुकी है। सुबह वहां पर शराब की पेटियां आने को थी। इसकी जानकारी जब इलाके की महिलाओं को मिली, तो दर्जनों महिलाएं सड़क पर उतर आईं। वो उसी दुकान के सामने इकट्ठा हो गई, जहां पर शराब ठेका खुलना था। वहां पर महिलाओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। जब ठेकेदार के लोगों ने विरोध किया तो महिलाओं ने झाडू और डंडे से उन्हें पीट दिया। फिलहाल आबकारी और पुलिस विभाग के अधिकारी महिलाओं की मांग के अनुरूप समस्या का समाधान करने में लगे हैं।

## आम आदमी पार्टी ने यूपी में बनाये दस प्रवक्ता

लखनऊ। आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश (यूपी) में पार्टी का पक्ष रखने के लिए दस प्रवक्ताओं को बनाया है। इसमें दो मुस्लिम चेहरों के रूप में रामपुर के फैसल खान लाला और लखनऊ के तकी अहमद के नाम भी शामिल है।

बुधवार को आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्तााओं की जारी सूची में बुलंदशहर के विकास शर्मा, वाराणसी के मुकेश सिंह, गाजियाबाद की तरूणिमा श्रीवास्तव, हमीरपुर से रमन सिंह, कानपुर के संजीव निगम, लखनऊ के प्रखर श्रीवास्तव, मेरठ के अंकुश चौधरी और फिरोजाबाद के प्रशांत यादव के नाम भी प्रवक्तााओं की सूची में शामिल है। प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची जारी होने पर मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की हार को भुला कर उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने की कमर कस ली है।

## विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुल का किया भूमि पूजन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

### पुल लगभग 15 करोड़ की लागत से बनेगा। पुल की लंबाई 71.280 मीटर होगी

कानपुर। कानपुर में नरवल मोड़ से साढ़ रोड पर स्थित सचौली में पांडु नदी पर एक नया फोरलेन पुल बनेगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ इस पुल का भूमि पूजन किया। यह पुल लगभग 15 करोड़ की लागत से बनेगा। पुल की लंबाई 71.280 मीटर होगी। इसमें दो लेन के दो सेतु होंगे। इस पुल के बनने से साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर के साथ-साथ प्रयागराज, घाटमपुर और हमीरपुर जिलों के लिए आवागमन आसान हो जाएगा।

बिठूर के विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने बताया कि पुल का निर्माण कार्य अगले डेढ़ वर्ष में पूरा होगा। यह पुल रमईपुर (कानपुर-झांसी रोड) और सरसौल (कानपुर-प्रयागराज रोड) को भी जोड़ेगा। इससे लगभग 50 हजार की आबादी को लाभ मिलेगा।

विधानसभा अध्यक्ष महाना ने महाराजपुर और बिठूर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का आश्वासन दिया। साथ ही विधायक सांगा ने बताया कि नरवल मोड़ से साढ़ तक लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली फोरलेन सड़क का भी जल्द ही पूजन किया जाएगा।

इस मौके पर विनय मिश्रा, अजय प्रताप सिंह, राहुल सिंह, फूलसिंह साहू, मनीष विश्वकर्मा के अलावा लोक निर्माण के अधिकारी मौजूद रहे।




मेष : आज का आपका दिन आपके लिए मिश्रित फलदाई रहेगा । मन उद्विग्न रहेगा फिर भी परिश्रम जारी रहेगा। बस आज किसी से भी बहस से बचें। आज उधार न दें।

वृषभ : आज का दिन आपके लिए बहुत शुभ रहेगा । आज विशेष लाभ का योग है । भविष्य के आज कोई भी निवेश अत्यंत लाभकारी रहेगा । परीक्षा परिणाम सुखद रहेगा ।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए शुभ साबित होगा । लाभ का योग है । कोई नया प्रोजेक्ट शुरू कर सकते हैं । आज निवेश करना अच्छा परिणाम देगा । गले में दर्द या बुखार संभव है ।

कर्क : आज का दिन आपके मानसिक रूप से परेशानी भरा रहेगा । अनावश्यक क्रोध व चिड़चिड़ापन महसूस करेंगे । आज खुद को संयम में रखें । मन को शांत रखें । बहस से बचें। किसी को आज धन उधार न दें । हालांकि भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा है, सुखद भविष्य के लिए यह संघर्ष काम आएगा ।

सिंह : आज दिन भर उतार चढ़ाव रहेगा किंतु दिन के अंत तक लाभ का योग है । सिर या पैरों में दर्द संभव है । बुद्धिमत्ता और मीठी वाणी से काम लीजिए, निश्चित ही लाभ मिलेगा ।

कन्या : आज आपका दिन आपके लिए अच्छा रहेगा । परिवार में किसी सदस्य को खुशी का समाचार मिलेगा इससे परिवार में खुशी का माहौल रहेगा । आय के नए स्रोत बनेंगे। लाभ का योग है । आज इन्वेस्ट करना भविष्य में अच्छे परिणाम देगा ।

तुला : आपका आज का दिन परेशानी भरा रहेगा। भाग दौड़ अधिक होगी। संघर्ष ज्यादा रहेगा । स्वास्थ्य संबंधी समस्या से परेशान हो सकते हैं एलर्जी सर में दर्द गले में दर्द संभव है।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा , किंतु क्रोध और जिद से बचें दिन भर में कई बार क्रोध आएगा, फिर भी मन पर नियंत्रण रखें फलतः लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा । जीवन साथी से सहयोग मिलेगा। लाभ का योग है ।भाग्योदय के नवीन अवसर आएंगे।

धनु : आज आपका का दिन संघर्ष व परेशानियों से भरा है । स्वास्थ्य प्रतिकूल रहेगा। मन उद्विग्न रहेगा। पेट में दर्द संभव है ।आर्थिक अपव्यय भी संभव है ।खान-पान पर विशेष ध्यान दें ।मित्र रूप में शत्रुओं की पहचान करें ।

मकर : आज आपका दिन भाग्य उदय का नवीन अवसर लेकर आ रहा है। सटीक रणनीति और उचित परिश्रम से आप अनुकूल परिणाम प्राप्त करेंगे। आलस्य से दूर रहें । समय आपके अनुकूल चल रहा है इसलिए सही दिशा में परिश्रम सटीक और तुरंत परिणाम देगा।

कुंभ : आज आपका दिन शुभ रहेगा ।कार्य क्षेत्र में अच्छा कार्य करेंगे। जिसका भविष्य में लाभ मिलेगा ।उच्च अधिकारी से परामर्श करके ही कार्य करें। परीक्षा परिणाम सरकारी नौकरी की दृष्टि से अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

मीन : आज का दिन आपके लिए अत्यंत लाभकारी है। आज कोई भी नया प्रोजेक्ट शुरू करना भविष्य में बेहद शुभ फल देगा । आय के नवीन स्रोत बनेंगे आज निवेश करना शुभ फलदाई रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा! परीक्षा परिणाम सुखद रहेगा

# वक्फ संशोधन बिल पर पुलिस अलर्ट, संवेदनशील इलाकों में की रिहर्सल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। कानपुर थाना जाजमऊ क्षेत्र में डीसीपी पूर्वी एसके सिंह ने आज भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील क्षेत्र में मार्क ड्रिल करते हुए गश्त किया वहीं कमिश्नरेट पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है .कमिश्नरी पुलिस की ओर से लगातार दो दिनों से एक अलर्ट जारी हुआ। साथ ही सभी के पास एक साथ शहर में एंटी रॉयट ड्रिल का संदेश पहुंचा तो जो जहां था, वहीं से अपने निर्धारित स्थल की ओर भागा। इस दौरान सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी, थाना प्रभारी, दरोगा, सिपाही, कार्यालय में तैनात पुलिस कर्मी सभी अपने क्षेत्र के संवेदनशील स्थल पर पहुंचे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने असलहे, डंडे, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट लेकर पुलिस कर्मी पहुंचे। इस रिहर्सल में चार कंपनी पीएसी के जवान भी शामिल रहे। इस पर डीसीपी पूर्वी एसके सिंह ने बताया कि पुलिस समय-समय पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए क्षेत्र में गश्त और रिहर्सल करती रहती है.बीते 15 दिन पहले भी इसी तरह का रिहर्सल हुआ था. स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों से संवाद कर शांति और सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की गई.पुलिस अफसरों ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं.

# भाजपा नेता वैभव मिश्रा के खिलाफ हनुमंत विहार थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के मुकदमे ने एक नया मोड़ ले लिया

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर। बीते एक मार्च को भाजपा नेता वैभव मिश्रा के खिलाफ हनुमंत विहार थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के मुकदमे ने एक नया मोड़ ले लिया है।आरोपी भाजपा नेता ने आरोप लगाया है कि प्रतीक व उसके भाई होली से उनसे 2 लाख रुपए की रंगदारी मांग रहे थे, न देने पर फर्जी मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दे रहे थे। प्रतीक के खिलाफ शहर के कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं।

बीते 2 साल पहले उसने संजय गांधी नगर में महिलाओं के साथ मारपीट भी की थी, जिसके बाद महिलाओं ने इच्छा मृत्यु की भी मांग की थी। भाजपा नेता ने घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया। संजय गांधी नगर निवासी प्रतीक अग्निहोत्री ने बताया कि वह गीता नगर स्थित एक अस्पताल में मैनेजर है। उनके भाई रुपेश अग्निहोत्री एक मामले में समझौता करने बीते 5 सितंबर को कचहरी गए थे, जहां कुछ वकीलों ने उनके साथ मारपीट कर दी।

भाई ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया, जिसके बाद से भाजपा नेता वैभव मिश्रा व उनके साथी मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे थे। प्रतीक के मुताबिक 29 मार्च को अस्पताल से वापस लौट रहे थे। दामोदर नगर संत चौराहे के पास वह पहुंचे थे, तभी कार से आए वैभव मिश्रा ने उन पर फायर कर दिया। उन्होंने गाड़ी भगाई तो आरोपियों ने उनको घेर कर तमंचे की बट मार दी, इस दौरान भीड़ जुटने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रतीक ने वैभव मिश्रा समेत 7 लोगों के खिलाफ हनुमंत विहार थाने में हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भाजपा नेता वैभव मिश्रा ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि घटना स्थल पर पुलिस को कोई भी सीसीटीवी फुटेज व अन्य सबूत नहीं मिले हैं।

प्रतीक होली के समय से उनसे 2 लाख रंगदारी मांग रहा है। मना करने पर फर्जी रिपोर्ट कराने की धमकी भी दे रहा था। भाजपा नेता ने बताया कि उन्होंने प्रतीक की शिकायत हनुमंत विहार पुलिस व एडीसीपी साउथ महेश कुमार से भी की है। उन्होंने बताया कि प्रतीक व उसके भाई अपराधी किस्म हैं, उस पर नौबस्ता, बर्रा, कल्याणपुर समेत कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। 2 साल पहले प्रतीक व उसके भाइयों ने संजय गांधी नगर में महिलाओं के साथ मारपीट भी की थी।

भाजपा नेता ने महिलाओं से मारपीट का सीसीटीवी फुटेज भी सौंपा। जिसके बाद महिलाओं ने इच्छा मृत्यु की मांग की थी। वहीं भाजपा नेता की गिरफ्तारी को लेकर आज पीड़ति पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिलने पहुंचे।

उन्होंने कहा कि पुलिस मामले में हीलाहवाली कर रही है, अब तक न तो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, और न ही घटना में इस्तेमाल की गई कार बरामद की गई है।

# खोद डाली नई बनी सड़क, पाइप लाइन टूटी, लोग परेशान



टूटी रैनीवैल पाइप का पानी पैर से रोकते हुए कर्मीः फोटो ओमप्रकाश पांचाल

**कविता**

फरीदाबादः सारन थाने के सामने मौजूद मैन लाइन में जनता कालोनी का कनेक्शन डाला जा रहा है। ऐसे में जब सारन थाने के सामने की सड़क को खोदा गया, तो वहां मौजूद रैनीवैल की पाइप लाइन फट गई और रैनीवैल का पानी सड़क पर भर गया। वहीं सड़क खोदने के कारण सड़क पर जाम लग गया। ऐसे में लोग परेशान होते नजर आए।

**टूट गई पाइपलाइनः** जनता कालोनी का सीवरेज का कनेक्शन मैन लाइन में जोड़ने का काम चल रहा है। जहां नगर निगम के सामने की सड़क को खोदकर सीवरेज की लाइन करीब एक हफ्ते में डाली गई, तब लोग परेशान रहे। अब सारन थाने के सामने की सड़क को खोदा गया, तो वहां मौजूद रैनीवैल की पाइप लाइन फट गई। जिससे पूरे दिन पानी बहता नजर आया।

**लोग हो रहे परेशानः** सारन थाने के सामने की सड़क कई महीनों में बनकर तैयार हुई थी। जिससे पहले ही लोग परेशान हुए थे, लेकिन अब एक बार फिर सड़क को खोद दिया गया है। ऐसे में सड़क बंद होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जहां एक तरफपानी की पाइप लाइन टूट गई है। कालोनियों में पानी की सप्लाई न होने से पानी की किल्लत का भी लोगों को सामना करना होगा। ऐसे में लोगों की परेशानियां बढ़ जाएंगी।

## बडखल तहसील कर दी शिफ्रट, काट दिए हरे पेड़, लोग हो रहे परेशान

**कविता**

फरीदाबादः शहर के बडखल तहसील का हाल बेहाल देखकर लोग परेशान हो रहे है। काम कहां होगा, कोई बताने वाला नहीं, मात्र नोटिस चिपके है। जो लोग अनपढ़ है, वह कैसे नए केन्द्र में शिफ्रट हुई बड़खल तहसील तक पहुंचे। यह समस्या अब फरीदाबाद की बड़खल तहसील के खाली होने के बाद देखने को मिल रही है।

हुआ ये कि बड़खल तहसील को शिफ्रट किया गया है। अब बड़खल तहसील राजा नाहर सिंह क्रिकेट स्टेडियम के निकट गोल्फ क्लब के सामने बने भवन में शिफ्रट कर दी गई है। ये अस्थाई तहसील इसलिए बनाई गई है, ताकि बडखल तहसील का जीर्णोद्धार किया जा सके। इस पुरानी बड़खल तहसील को तोड़कर नया बनाया जाएगा। इसलिए इसे शिफ्रट किया गया है।

**हो गया था बजट पासः** तहसील को नया बनाने के लिए वर्ष 2024 में ही बजट पास हो गया था। इसके लिए गत सात मार्च 2024 को पूर्व बडखल विधायिका सीमा त्रिखा के द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट के तहत पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पास किया था। जिसमें तय किया गया था कि इसे 31 करोड़ा 67 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा।

**काट दिए हरे पेडः** खाली की गई बडखल तहसील में हरे भरे पेड़ काटे जा रहे है। ऐसा ही यहां देखने को मिल रहा है। ट्रॉलियों में हरे पेड़ काटकर भरे जा रहे है। हरे-भरे पेड़ काट कर प्रदूषण को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसा ही यहां देखने को मिल रहा है। मोटे पेड़ों को काटा जा रहा है।



बड़खल तहसील में काटे गए पेड़, नई बनी तहसील का दृश्य

**लोग हो रहे परेशानः** बड़खल तहसील को शिफ्रट तो कर दिया गया, लेकिन शिफ्रट करने से पहले किसी तरह का कोई नोटिस नहीं दिया गया था। ऐसे में यहां आने वाले लोग परेशान हो रहे है। यहां आने वाले लोगों को भारी परेशानियां उस वक्त हो रही है, कि यहां कोई भी उन्हें बताने वाला नहीं है, ऐसे में ऑटों से आने वाले लोगों को भी ऑटो चालक पूरानी तहसील में ही छोड़ रहे है। लेकिन जब उन्हे पता चलता है कि तहसील करीब एक किलोमीटर की दूरी पर है, तब लोग परेशान हो जाते है। ऐसा ही यहां देखने को मिल रहा है।

# सीएमओं के कहने पर नए चौकी प्रभारी ने बीके में लगाई पाबंदी

**कविता**



फरीदाबादः बीके सिविल अस्पताल में लगातार जाम की स्थिति बनते देखकर सीमएओं डॉ जयंत आहुजा ने एनआईटी तीन चौकी के नवनियुक्त चौकी प्रभारी धर्मपाल से विचार विमर्श किया था। जिसे देखते हुए उन्होंने अस्पताल में खड़े होने वाले ऑटो चालकों व अन्य वाहन चालकों पर लगाम लगाने के लिए कुछ दिन तो नजर रखी, इसके बाद बुधवार को उन्होंने अस्पताल के मुख्यद्वार पर पुलिस तैनात करते हुए बैरिकेट लगवा दिए और आने वाले वाहनों में मरीजों व उनके तीमारदारों तथा स्वास्थ्य कर्मियों को ही अंदर जाने दिया। वहीं रैडक्रास के निकट बने दरवाजे को उन्होने खुलवा दिया और वहां से वाहनों को पुरानी इमारत के निकट ही खड़े करने के लिए व्यवस्था बनाते हुए पेड के तने डालवा कर रास्ता रोक दिया, ताकि अस्पताल की ओपीडी, वार्ड और अपातकालीन कक्ष तक ऑटो व वाहन चालक न पहुंच सके। इस तरह के प्रयोग जहां सभी के लिए ठीक थे। वहीं दूसरी तरफबंद किए गए दरवाजों के निकट स्ट्रैंचर न होने के कारण लोग परेशान रहे।

मरीजों को तीमारदार गोद में या फिर पकड़ कर लाते नजर आए। ऐसे में यदि उच्चत स्थान पर स्ट्रैंचर की व्यवस्था अस्पताल प्रबंधन करता तो मरीजों को काफी हद तक राहत मिल सकती थी। इस विषय में जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी ने बताया कि अस्पताल में वाहन चालक नो पार्किंग के अलावा कही भी वाहन खड़ा कर देते थे, जिस कारण एक्वबुलेंस तक को निकलने का रास्ता नहीं मिलता था। ऐसे में स्वयं जांच की तो पाया कि अस्पताल के भीतर तक ऑटो चालकों व निजी वाहन चालकों का कब्जा हो रहा था। जिसे देखते हुए बैरिकेट और पुलिस की ड्यूटी लगाकर इस तरह का निर्णय लिया गया। मरीजों को जो परेशानी हुई है, उसे भी दूर किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक और कार के बीच टक्कर, महिला की मौत



फरीदाबादः बुधवार सुबह साढ़े छह बजे एक निजी स्कूल की बस जब स्कूली बच्चों को लेने के लिए जा रही थी, तभी स्कूल बस, ट्रक और दो गाड़ियों समेत चार वाहनों की टक्कर रेड लाइट के कट पर हो गई। हादसे में कार सवार महिला की मौत हो गई। एक्सीडेंट में सभी गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। जानकारी के मुताबिक सीपी ऑफिस के कट के निकट सेक्टर-21 सी की रेड लाइट के पास डस्ट से भरे ट्रक गुजर रहा था। वहीं एक स्कूल बस सीपी ऑफिस की तरफ से आकर अनखीर की तरफके लिए मुड रही थी। तभी ट्रक ने पहले गाड़ी को टक्कर मारी और फिर डिवाइडर को पार करके रोड की दूसरी तरफ से गुजरी रही स्कूल बस से जा टकराया। इससे स्कूल बस के पीछे चल रही बोलेरो पिकअप बस से भिड़ गई। जिस समय ये हादसा हुआ। स्कूल बस में कोई बच्चा मौजूद नहीं था। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जबकि कार सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसको अस्पताल लेकर जाया गया, लेकिन डाक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मचारी ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे की करीब ये घटना हुई है। डस्ट से भरा ट्रक अनखीर मोड से बडखल की तरफ आ रहा था। सेक्टर-21 सी की रेड बत्ती पर पहले ट्रक ने एक कार को टक्कर मारी, जिसके बाद ट्रक ने दूसरे रोड पर जाकर स्कूल बस और बोलेरो पिकअप गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक खुद भी पलट गया। इस हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

### सूटकेस में मिला युवती का सिर कटा शव

फरीदाबादः मवई इलाके में सूटकेस के अंदर नहर किनारे एक युवती का सिर कटा शव मिलने से सनसनी फैल गई है। राहगीर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक युवती की उम्र 25 से 30 साल के बीच आंकी गई है। शव एक बोरे में बंद मिला, जिसे बाद में एक बैग में पैक कर नहर किनारे फेंका गया था। युवती का शव अर्धनग्न अवस्था में था और उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। डीसीपी सेंट्रल ऊषा ने बताया कि कहीं और हत्या करके शव को यहां फेंका गया है। अनुमान है कि शव करीब 6-7 दिन पुराना है।

### समर्पण दिवस कार्यक्रम का किया आयोजन

बल्लभगढ़ः वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के



सौजन्य से रानी लक्ष्मी बाई प्रतिभा विकास केंद्र भाग 3 द्वारा शहर के पथवारी मंदिर में राम नवमी एवम समर्पण दिवस का आयोजन किया गया। फरीदाबाद आचार्य अर्चना ने जानकारी देते हुए बताया की समर्पण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए उनके विकास के लिए दान इक्ा करना जो आप अपनी समर्थ अनुसार बच्चों के लिए देंगे वह पैसा अनाथ आश्रम में जाएगा और वहां से बच्चों की मुफ्त शिक्षा व उनके विकास के कार्य होंगे।इस संस्था के मुख्य अध्यक्ष वीरेंद्र जी है आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रतनजी,अंगदजी,सतीशजी, चांदीराम जी, कृष्ण यादव जी को सादर आमंत्रित किया गया।बाल कलाकारों द्वारा सुंदर श्री राम परिवार की सुंदर झांकी का चित्रण किया गया।

# खत्तों और सड़कों के साथ से सीएंडवी वेस्ट हटवाना करें सुनिश्चितः प्रवीण जोशी महापौर

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फरीदाबादः महापौर प्रवीण जोशी ने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आगामी 15 दिन में शहर में सड़कों के साथ पड़े हुए सीएंडडी वेस्ट को हटाए और सड़कों के साथ बने खत्तों की पूरी सफाई करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निगम के आगामी सफाई व्यवस्था के कार्य को लेकर तैयार किए गए बजट पर चर्चा की। महापौर प्रवीण जोशी ने कहा कि शहर में जल्द ही घर-घर से कूड़ा उठाने का कार्य नगर निगम पूरे शहर में शुरू कराएगा, इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों ने कागजी प्रकिया शुरू कर दी है। बैठक में अधिकारियों ने महापौर जोशी को आगामी निगम बजट के बारे में भी जानकारी दी।

महापौर ने भी शहरवासियों से अपील की है कि वह गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग डस्टबिन में रखें ताकि निगम कर्मचारियों द्वारा कूड़े का सही तरीके से निस्तारण किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि नगर निगम के कर्मचारी सभी नालों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें। नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर गौरव आंतिल ने निगम द्वारा भविष्य के विकास कार्यों पर को लेकर सभी तैयारियों के बारे में भी महापौर को अवगत कराया। इस मौके पर निगम कमिश्नर के टेक्निकल एडवाइजर अनिल मेहता भी मौजूद रहे।

# किसान हित में काम करें अधिकारीः डॉ. अमित अग्रवाल

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फरीदाबादः हरियाणा सरकार के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल बुधवार सुबह मोहना अनाज मंडी के निरीक्षण दौरे पर रहे। उन्होंने गेहूं की आवक व खरीद प्रक्रिया की मौजूदा स्थिति का जायजा लेते हुए प्रशासन की ओर से की गई तैयारी परखी। इस दौरान किसान, आढ़ती व अन्य संबंधित हितधारकों से चर्चा कर सीधे फीडबैक लिया।

मोहना अनाज मंडी में किसानों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का ध्येय किसान के हितों का ध्यान रखना है। सीएम के निर्देश पर राज्य के प्रत्येक जिले में एक-एक आला अधिकारी को सीधे फीडबैक लेने व किसानों की फसल खरीद से जुड़ी प्रत्येक समस्या का समाधान करने का जिम्मा सौंपा गया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश की पालना में उनका निरीक्षण दौरा सुनिश्चित किया गया है। मौके पर किसानों ने भी बीते दस वर्षों में आए बदलावों पर चर्चा करते हुए सरकार के सार्थक प्रयासों पर बात की। सचिव ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि तकनीकी खामी के कारण किसान हित में बाधा न आए, यह हर हाल में सुनिश्चित करें।

नियमानुसार फसल खरीद का भुगतान किसानों मिलना चाहिए। डॉ अमित अग्रवाल ने किसानों के साथ सार्थक चर्चा करते हुए बीते दस वर्षों में किसान हित में किए गए पॉलिसी बदलावों पर बात की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पड़ोसी राज्यों की तुलना में प्रदेश के किसानों को अधिक लाभ दिए जा रहे है। सरकार का एकमात्र उद्देश्य जनहित है।

उन्होंने कहा कि किसान व कृषि कार्यों से जुड़े हितधारकों की समस्या व सुझाव पर सरकार का पूरा फोकस है। उन्होंने हितधारकों को आश्वस्त किया कि बीते वर्ष में आई किसी भी समस्या का इस बार दोहराव नहीं होगा। अधिकारी अपने स्तर पर फसल खरीद, उठान व भंडारण के अलावा मंडी में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करेंगे।

मंडी दौरे पर रहे सरकार के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने सबसे पहले साफ-सफाई, खरीद के लिए लाए गेहूं की गुणवत्ता, बारदाने की उपलब्धता के साथ ही फसल आवक के भंडारण इंतजाम देखे। इस दौरान सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, मार्किट कमेटी के अधिकारियों सहित आढ़ती और किसान मौजूद रहे।

# सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा ने एफआरयू का निरीक्षण किया

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फरीदाबादः हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में जिला फरीदाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत आहूजा ने गत रात्रि सेक्टर 30 स्थित प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र (एफआरयू-1) और बल्लभगढ़ सेक्टर-3 स्थित (एफआरयू-2) का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने प्रसव कक्ष, नवजात शिशु देखभाल यूनिट, मरीजों की सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता, तथा चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत आहूजा ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने प्रसूति वार्ड, टीकाकरण केंद्र, नवजात शिशु देखभाल यूनिट और अन्य महत्वपूर्ण विभागों का दौरा किया। सीएमओ ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाए और नवजात शिशुओं की देखभाल में कोई कोताही न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि परिसर को स्वच्छ और रोगाणु मुक्त बनाए रखा जाए, जिससे संक्रमण की संभावना कम हो सके। उन्होंने भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से वातार्लाप कर फीडबैक लिया। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि वे मरीजों के प्रति संवेदनशील रहें और उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों की जरूरतों को प्राथमिकता देनी चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी चिकित्सकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में अनियमितता और गैरहाजिरी को गंभीरता से लिया जाएगा और नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अस्पताल परिसर में सा$फ-सफाई, मरीजों के परिजनों की बैठने की व्यवस्था, पेयजल आदि सुविधाओं का खास ख्याल रखने के निर्देश भी दिए।

# कोर्ट में चौथी मंजिल से वकील ने लगाई छलांग, इलाज के दौरान मौत

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फरीदाबादः सेक्टर-12 स्थित कोर्ट परिसर में एक बुजुर्ग वकील ने चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। वकील ने सुसाइड से पहले परिवार से फोन पर बात की थी। साथी वकील घायल को अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं वकीलों ने उनकी मौत पर काम बंद कर दिया और मृतक वकील की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। चारों तरफ वकील के कूदने की चचाएं पूरे दिन कोर्ट परिसर में होती रही। इस दौरान यह चर्चा अधिक हुई कि पिछले छह माह में वकील के कोर्ट में आत्महत्या का यह दूसरा मामला है। इससे पहले भी एक वकील ने चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान मच्छगर गांव के 56 साल के जेपी धनकड़ के रूप में हुई है। धनकड़ पिछले कई वर्षों से सेक्टर-12 कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे थे। घटना से पहले उन्होंने अपने परिवार से फोन पर बात की। फोन पर हुई बातचीत का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। वकील ने चौथी मंजिल पर स्थित 410 नंबर चैंबर के पास से छलांग लगाई। गिरने से उनकी गर्दन में गंभीर चोट आई। उनके नाक और मुंह से खून निकल रहा था। साथी वकीलों ने तुरंत उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के साथी वकीलों के अनुसार, धनकड़ लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके घर भी में कुछ परेशानियां चल रही थीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गेट मीटिंग का किया आयोजन




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फरीदाबादः हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन जिला कमेटी फरीदाबाद ने सिंचाई विभाग के कार्यालय में गेट मीटिंग का आयोजन किया। यह विरोध सभा सर्व कर्मचारी संघ की राज्य कमेटी के आह्वान पर की गई। इस गेट मीटिंग में पब्लिक हेल्थ, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग भवन और मार्ग शाखा, इलेक्ट्रिकल डिविजन, मैकेनिकल सिंचाई डिवीजन के कर्मचारियों ने भाग लिया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान देवी सिंह ने की। जबकि संचालन सिंचाई ब्रांच के प्रधान जितेंद्र भडाना ने किया। इस अवसर पर राज्य कमेटी के पूर्व सदस्य हितेश कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष जगदीश चंद्र, पूर्व राज्य प्रधान वीरेंद्र सिंह डंगवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मां स्कंदमाता को कहा जाता है मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता

**कविता**



फरीदाबादः नवरात्रों के पांचवे दिन शहरभर के मंदिरों में मां दुर्गा के पांचवे स्वरुप मां स्कंदमाता की भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों भक्तों ने मां के जयकारों के बीच पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। प्रातः कालीन आरती में मां के भजनों के बीच हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने अपनी आहुति डाली। मंदिरों में जहां माता के इस रूप की कथा सुनाई गई, वहीं महिलाओं ने भजन-कीर्तन गाकर माता का गुणगान किया। सुबह से ही मंदिरों में माता के पूजन के लिए भक्तों की कतार रही। माता के श्रंगार के बाद भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना की। आरती और प्रसाद वितरण के साथ पूजा सम्पन्न हुई। संतान की सुख-समृद्धि की उपासना हुई।

ऑस्ट्रेलिया से आए श्रद्धालुः वैष्णो देवी मंदिर में मां स्कंदमाता की भव्य पूजा अर्चना की गई। नवरात्रों के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। लेकिन इस बार एक नवरात्रा कम होने से चौथे दिन मां स्कंदमाता की पूजा की गई। खास बात तो यह रही कि ऑस्ट्रेलिया से आए श्रद्धालुओं ने स्कंदमाता की पूजा अर्चना में हिस्सा लिया और माता के समक्ष ज्योत प्रज्वलित कर अपने मन की मुराद मांगी। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने ऑस्ट्रेलिया से विशेष तौर पर नवरात्रों की पूजा करने के लिए आए श्रद्धालुओं को हवन और पूजन में शामिल करवाया। भाटिया ने इन विदेशी श्रद्धालुओं को माता रानी की चुनरी और प्रसाद विशेष तौर पर दिया तथा मंदिर की महिमा से उन्हें अवगत करवाया। मंदिर में विदेशी श्रद्धालुओं को नवरात्रों का धार्मिक महत्व भी बताया गया। पूजन और नवरात्रों की पूरी प्रक्रिया को समझ कर विदेशी श्रद्धालु बेहद खुश दिखाई दिए। इस मौके पर उद्योगपति आनंद मल्होत्रा, धर्मचंद, चंद्र भाटिया, संदीप, और नितिन कालरा ने भी माता रानी के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई।

### पूजन से अलौकिक तेज की प्राप्ति

सिद्धपीठ काली मंदिर में पुजारी पंकज ने बताया कि स्कंदमाता के पूजन से साधक को अलौकिक तेज की प्राप्ति होती है। उन्होंने माता के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि जब भी अत्याचारी दानवों का अत्याचार बढ़ता है को माता संत जनों की रक्षा के लिए सिंह पर सवार होकर आती है। इन्हें माहेश्वरी और गौरी नाम से भी जाना जाता है। पवर्त राज की पुत्री होने की वजह से इन्हे पार्वती कहा गया है और महादेव की वामिनी यानि पत्नी होने की वजह से इन्हे माहेश्वरी कहते हैं। उन्होंने कहा किचार भुजाओं वाली मां दुर्गा के रूप के गोद में विराजमान होते हैं कुमार कार्तिकेय, इन्हें मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता भी कहा जाता है। मान्यता है कि स्कंदमाता की पूजा करने वाले माता के भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं।

### आज होगी मां कात्यायनी की पूजा

नवरात्रों में छठे दिन मां दुर्गा की मां दुर्गा की छठी विभूति मां कात्यायनी का पूजन किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार कात्यायन ऋषि की पुत्री होने की वजह से इनका ये नाम कात्यायनी पड़ा। जो भी भक्त इनकी आराधना करते हैं उनपर माता की कृपा दृष्टि सदा बनी रहती है। मान्यता के अनुसार मां कात्यायनी का व्रत और विधिवत पूजन करने से कुंवारी कन्याओं के विवाह में आ रही बाधाएं दूर होती है।

# कांग्रेस और सपा मुसलमानों के हितैषी नहीं : दानिश आजाद

## वक्फ अमेंडमेंट एक्ट पर बोले उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

लखनऊ। मुसलमान के विकास के लिए वक्फ अमेंडमेंट एक्ट बेहद जरूरी कदम है। इस एक्ट के माध्यम से मुस्लिम समाज की वक्फ की जो संपत्तियां उसको ऑर्गेनाइजर और रेगुलराइज करने में बहुत मदद मिलेगी। आम मुसलमान पूरी तरीके से इस अमेंडमेंट के साथ है, कुछ खास राजनीतिक दल और कुछ खास लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए इसका विरोध कर रहे हैं। वक़्फ की संपत्तियों पर जिन्होंने अवैध कब्जे बनाकर रखे हैं वहीं इसका विरोध कर रहे हैं,जबकि आम मुसलमान खासतौर पर पिछड़ा पसमांदा मुसलमान पूरी तरीके से वक्फ अमेंडमेंट एक्ट के साथ है।

वक्फ अमेंडमेंट एक्ट आने के बाद वक्फ बोर्ड की प्रॉपर ऑडिटिंग होगी जिससे कि बोर्ड के आय में वृद्धि होगी इसका सीधा लाभ मुस्लिम समाज के वेलफेयर के लिए हो सकेगा। इसके अलावा प्रॉपर डॉक्यु-मेंटेशन होगा, जिस वक्त की संपत्तियों पर जो अवैध कब्जे हैं वह कब्जे हटेंगे साथ ही साथ वक्फ बोर्ड में महिला समाज की और पसमांदा समाज के पार्टिसिपेशन से मुस्लिम समाज को और बल मिलेगा।

इसके अलावा वक्फ की संपत्तियों का इस्तेमाल मुस्लिम समाज के तरक्की के लिए होना भी सुनिश्चित होगा। यह बिल बहुत पहले आ जाना चाहिए था लेकिन कांग्रेस और तमाम वह दल जो अपने आप को मुसलमान का हितैषी बताते हैं उन्होंने कभी भी हम मुसलमान के ठोस विकास के लिए काम नहीं किया। आज मुसलमान के ठोस विकास के लिए यदि मोदी सरकार काम कर रही है तो अगर यह विपक्ष खास तौर पर कांग्रेस समाजवादी पार्टी अगर मुसलमान की हितैषी होती तो इस बिल का विरोध नहीं करती बल्कि इसका साथ देती।

# रामगोपाल त्रिपाठी की सेवा निवृत्ति पर भावुक हुए शिक्षक व क्षेत्रवासी,दी भावभीनी विदाई

## अध्यापन मेरे लिए केवल एक पेशा नहीं,बल्कि एक अद्वितीय अनुभव रहा : रामगोपाल त्रिपाठी

नेशनल एक्सप्रेस



लालगंज( रायबरेली ) ।शिक्षा के क्षेत्र में 35 वर्षों तक अपने योगदान से छात्रों के जीवन को दिशा देने वाले रामगोपाल त्रिपाठी की सेवानिवृत्ति पर प्रबंध समिति के पदाधिकारि-यों,गणमान्य नागरिकों,छात्रों और ग्रामीणों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी ।इंटर कॉलेज अंबारा पश्चिम में अध्यापन करने वाले श्री त्रिपाठी न केवल एक कुशल शिक्षक रहे,बल्कि अपने सरल स्वभाव और अनुशासन-प्रियता के कारण सभी के प्रिय भी बने रहे ।उनकी विदाई के अवसर पर प्रबंध समिति के लोगों ने एक भव्य समारोह आयोजित किया ।जहां सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों और पूर्व छात्रों ने उन्हें सम्मानित किया ।विद्यालय के पूर्व प्रबंधक छंगालाल बाजपेई की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में अध्यक्ष शंकर सहाय बाजपेई व उप प्रबंधक श्रीकांत दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहा रामगोपाल त्रिपाठी ने शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है,वह अतुलनीय है ।उनका मार्गदर्शन और अनुशासन सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा ।वहीं,उनके सहकर्मी शिक्षक भी इस अवसर पर भावुक हो गए ।रामगोपाल त्रिपाठी विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय कार्यकर्ता भी हैं,लेकिन उनकी प्राथमिकता हमेशा शिक्षण कार्य रहा ।उन्होंने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी सिखाने का कार्य किया ।उनकी शिक्षण शैली और अनुशासनप्रियता के कारण उन्हें छात्रों और अभिभावकों से अपार स्नेह प्राप्त हुआ ।समारोह में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि त्रिपाठी जी ने शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है ।उनके मार्गदर्शन में पढ़े कई छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रहे हैं ।समारोह के अंत में रामगोपाल त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि अध्यापन उनके लिए केवल एक पेशा नहीं,बल्कि एक अद्वितीय अनुभव रहा ।मुझे गर्व है कि मैंने शिक्षा के माध्यम से समाज की सेवा की।

उन्होंने अपने सहकर्मियों व पूर्व शिक्षकों के साथ बीते पलों को याद करते हुए उन्हें प्रणाम निवेदित किया और उनके सहयोग का आभार भी

- **बोले रामगोपाल - मुझे गर्व है कि मैंने शिक्षा के माध्यम से समाज की सेवा की**

व्यक्त किया ।उनकी विदाई से विद्यालय परिवार ही नहीं,बल्कि पूरे क्षेत्र में एक भावनात्मक माहौल बन गया ।विदाई समारोह का संयोजन सोशल एक्टिविस्ट दिलीप बाजपेई व मुरलीधर ने किया ।कार्यक्रम का संचालन विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष व शिक्षक नेता अजय बाबू पांडेय ने किया ।इस मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक शिवचंद तिवार-ी,प्रधानाचार्य राकेश दीक्षित,बृजेश बाजपेई,उमेश त्रिवेदी,रोहिणी तिवारी,वरिष्ठ समाजसेवी,धंनर तिवारी,दिलीप बाजपेई,गिरीश शुक्ला,अशोक तिवारी,दीपक बाजपेई,बालेन्द्र तिवारी,मीरा दीक्षित,अमन दीक्षित,ग्राम प्रधान राम सरोहन यादव,सरिता त्रिपाठी,सिखा त्रिपाठी,देवेंद्र बाजपेई,विशाल तिवारी,गिरीश त्रिपाठी,त्रयंबकेश्वर दीक्षित,शिवविशाल तिवारी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स और मैन्युफैक्चरिंग में दिया 408 करोड़ का प्रोत्साहन

रोजगार और निवेश को मिलेगा नया आयामः सुनील शर्मा



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 408 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन सहायता (इंसेंटिव) प्रदान की है। इस योजना के तहत कई प्रतिष्ठित कंपनियों को प्रोत्साहित किया गया है, जिससे राज्य में औद्योगिक निवेश को गति मिलेगी, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

प्रदेश के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री, सुनील कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा लागू की गई इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मैन्युफैक्चरिंग नीति के तहत पूंजीगत अनुदान एवं अन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। कंपनियां अपने कुल निवेश के आधार पर नोडल एजेंसी के माध्यम से इस प्रोत्साहन योजना का लाभ प्राप्त कर सकती हैं। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का एक प्रमुख केंद्र बनाना है, जिससे प्रदेश की औद्योगिक संरचना को मजबूती मिले और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें।

सरकार द्वारा दी गई इस प्रोत्साहन सहायता के माध्यम से प्रदेश में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हजारों नए रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। इस योजना के तहत उन्नत तकनीकी पार्क, उत्पादन इकाइयों और अनुसंधान केंद्रों की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे प्रदेश में औद्योगिक प्रगति को नया आयाम मिलेगा। साथ ही, यह नीति अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) को भी बढ़ावा देगी, जिससे अत्याधुनिक तकनीकों का विकास संभव होगा और उत्तर प्रदेश वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस योजना के अंतर्गत ओप्पो मोबाइल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हायर अप्लायंसेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सैमसंग डिस्प्ले नोएडा प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों को प्रोत्साहन सहायता प्रदान की गई है। इसके अलावा, कई अन्य कंपनियां भी इस नीति के तहत लाभान्वित हुई हैं, जिससे प्रदेश में स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला और लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) को भी पर्याप्त लाभ मिलेगा। इस पहल से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और सरकार को राजस्व में वृद्धि की संभावना रहेगी, जिससे अन्य विकासात्मक परियोजनाओं के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध होंगे।

उत्तर प्रदेश सरकार की यह पहल ₹ मेक इन इंडिया₹ आत्म निर्भर भारत₹ अभियानों को भी सुदृढ़ बनाएगी। इससे स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायता मिलेगी। सरकार की इस रणनीतिक पहल से उत्तर प्रदेश में तकनीकी नवाचार, उत्पादन क्षमता एवं औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी, जिससे राज्य एक अग्रणी औद्योगिक एवं आर्थिक केंद्र के रूप में उभरेगा। इस अवसर पर प्रदेश के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री, सुनील कुमार शर्मा ने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने एवं विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति पूर्णतः संकल्पित है। यह पहल न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगी, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेशकों के लिए एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी। उत्तर प्रदेश सरकार की यह महत्वपूर्ण पहल प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के साथ-साथ रोजगार सृजन, नवाचार और अनुसंधान को भी मजबूती प्रदान करेगी, जिससे राज्य आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर होगा।

# वृंदावन में 35.54 करोड़ रुपए की लागत से विकसित होगी अत्याधुनिक पार्किंग सुविधा : जयवीर सिंह

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

लखनऊ । भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए एक बड़ी सौगात मिलने वाली है। ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने 35.54 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक टूरिस्ट फैसिलिटी कार पार्किंग के निर्माण का निर्णय लिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 07 करोड़ रुपए की पहली किश्त जारी कर दी गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस पार्किंग सुविधा का उद्देश्य मथुरा-वृंदावन में बढ़ती यातायात समस्या को दूर करना और पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

श्री सिंह ने बताया कि यह आधुनिक पार्किंग सुविधा वृंदावन के राजपुर बांगर क्षेत्र में विकसित की जाएगी। ग्राउंड फ्लोर पर बसों की पार्किंग की विशेष व्यवस्था होगी, जबकि पहले से चौथे तल तक कारों के लिए पर्याप्त पार्किंग स्पेस उपलब्ध रहेगा। इस परियोजना के पूरा होने से श्रद्धालुओं को वाहन पार्किंग में होने वाली परेशानी से मुक्ति मिलेगी और वृंदावन की सड़कों पर यातायात भी सुगम होगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि ब्रज तीर्थ विकास परिषद इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने व श्रद्धालुओं को सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वृंदावन का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व और अधिक बढ़ेगा।

उन्होंने बताया कि सरकार के निरंतर प्रयासों के तहत वृंदावन सहित ब्रज क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। पर्यटन विभाग मथुरा आने वाले आगंतुकों को उन्नत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए संकल्पबद्ध है जिससे न केवल उनकी यात्रा सुविधाजनक होगी, बल्कि वृंदावन का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी और अधिक बढ़ेगा।

# बैसवारा महाविद्यालय में 4 अप्रैल को आयोजित होगा रोजगार मेला

नेशनल एक्सप्रेस



लालगंज/ रायबरेलीः जिले के प्रतिष्ठित बैसवारा महाविद्यालय में दिनांक 4 अप्रैल 2025 को छात्र एवं छात्राओं के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने बताया कि ₹फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड कंपनी₹ द्वारा शुक्रवार को सुबह 11:00 से रोजगार महाविद्यालय के लेक्चर थियेटर में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस कंपनी द्वारा रोजगार लखनऊ, कानपुर और रायबरेली के जिलों में रोजगार के अवसर प्रदान किया जाएंगे । जिसके तहत रुपए 13000/- से लेकर रुपए 16000/- तक का मासिक वेतन तथा रुपए 4000/- यात्रा भत्ता, मुफ्त आवासीय सुविधा आदि प्रदान की जाएगी। महाविद्यालय के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने सभी छात्र एवं छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि सभी छात्र एवं छात्राओं को बढ़-चढ़कर इस रोजगार मेले में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए, जिससे वह रोजगार प्राप्त कर सकें।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. रमेश चंद्र यादव ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 4 अप्रैल 2025 को महाविद्यालय के लेक्चर थियेटर में सभी छात्र एवं छात्राएं आधार कार्ड , ड्राइविंग लाइसेंस,बैंक पासबुक, हाईस्कूल , इंटरमीडिएट, के अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र को साथ में लाना अनिवार्य होगा ।

इस मौके पर महाविद्यालय परिवार के प्रोफेसर निरंजन राय ,प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रोफेसर कुंदन कुमार, प्रोफेसर बीके भारद्वाज, डा अजय कुमार सिंहा, डॉ सूर्य प्रकाश मिश्रा, डा सत्यद्र सिंह, डा नवीन कुमार विश्वकर्मा, डा संजीव कुमार मिश्रा, डॉ प्रवीण सिंह, डा सुरजन यादव, डा वीरेंद्र कुमार यादव, डा संदीप कनौजिया, डा नवीन कुमार सिंह, डॉ सूर्य प्रकाश वर्मा ,डॉ के के दीक्षित, डा मनोज कुमार त्रिपाठी, विज्ञान संकाय के समस्त सदस्य अंजू सिंह, लेखाकार सुरेश कुमार गुप्ता, शिवचंद्र, हरिश्चंद्र, शिव शंकर, विशाल आदि समस्त महाविद्यालय के सदस्य उपस्थित रहे ।

# भागवत सुनने वालों का होता है कल्याण : संत ज्ञानानंद जी महाराज

नेशनल एक्सप्रेस





लालगंज/ रायबरेली - आर्ट ऑफ लिविंग परिवार रायबरेली की ओर से लालगंज कस्बे में ₹जियो गीता₹ संस्था प्रमुख संत ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का प्रवचन शान्ति गेस्ट हाउस में किया जा रहा है। आचार्य नगर लालगंज के संजीव त्रिवेदी के आवास पर संत ज्ञानानंद जी महाराज से कस्बे के प्रबुद्ध जनों ने मुलाकात कर आध्यात्मिक जिज्ञासाओं को हाल किया।

### चिकमंडी स्थित शांती उत्सव लान में आज धार्मिक उत्साह के बीच गीता

प्रवचन हुआ। इस पावन अवसर पर कुरुक्षेत्र से पधारे प्रख्यात संत ज्ञानानंद जी महाराज ने प्रवचन दिया और भक्तों को गीता के गूढ़ रहस्यों से अवगत कराया। संत ज्ञानानंद जी ने अपने प्रवचन में कहा कि कहा कि यह कोई साधारण ग्रन्थ नहीं है। ये वेद व्यास की अंतिम कृति है। कहा कि भगवान मानव को जन्म देने से पहले कहते हैं ऐसा कर्म करना जिससे दोबारा जन्म न लेना पड़े। मानव मुट्ठी बंद करके यह संकल्प दोहराते हुए इस पृथ्वी पर जन्म लेता है। प्रभु भागवत कथा के माध्यम से मानव को यह संकल्प याद दिलाते रहते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन दर्शन है। उन्होंने बताया कि गीता में जीवन की हर समस्या का समाधान छिपा है और यदि इसे सही ढंग से समझा जाए तो व्यक्ति अपने जीवन को सफल और सुखद बना सकता है। इस प्रवचन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे ।श्रीमद्भागवत कथा में स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा सुनने से विचार और मन दोनों निर्मल होते हैं। वह व्यक्ति कुटुंब के साथ समाज के मंगल के कार्य करने के लिए प्रेरित होता है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रवचन का आयोजन तीन दिन तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन गीता के विभिन्न अध्यायों पर विस्तृत चर्चा होगी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता दीपेंद्र गुप्ता, प्रशांत दीक्षित,सुनील सिंह बक्शी, पी के गुप्ता राजेश फौजी, पूर्व अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता, धीरेंद्र सिंह, पालू सरदार, सुरेश आचार्य, आशीष प्रताप सिंह आदि ने स्वामी जी का माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना : ग्रामीण लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने पर दें ध्यान

नेशनल एक्सप्रेस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के लाभार्थियों ( महिलाओं) को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ कर उनकी आजीविका संवर्धन हेतु विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होने कहा है कि स्वयं सहायता समूहों से इन लाभार्थियों के जुड़ जाने से उनकी आमदनी बढ़ेगी व पूरी तरह आत्मनिर्भरता व स्वावलम्बन के मार्ग पर अग्रसर होंगी और आगे चलकर अपनी गतिविधियों को बढ़ाते हुए लखपति दीदी की श्रेणी में पहुंचेगी, इसलिए इन लाभार्थियों को और अधिक प्रेरित करने व सहयोग करने की आवश्यकता है।

ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के अन्तर्गत आवास लाभार्थी को आवास निर्माण के लिए 1.20 लाख रुपए की धनराशि के साथ ही शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपए की धनराशि दी जाती है। इसी तरह अपने घर बनाने में उसे मनरेगा से 90 दिन की मजदूरी भी दिये जाने का प्राविधान है। इसके अलावा विद्युत कनेक्शन, गैस कनेक्शन, वाटर कनेक्शन भी प्राथमिकता के आधार पर दिया जाता है। आवास के महिला लाभार्थी को स्वयं सहायता समूह से भी जोड़नें के निर्देश भारत सरकार द्वारा दिये गये है ,जिससे आवास के साथ-साथ आजीविका के क्षेत्र में भी लाभार्थी परिवार प्रगति कर सके। आयुक्त ग्राम्य विकास की समीक्षा में पाया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। आयुक्त ग्राम्य विकास जी एस प्रियदर्शी द्वारा मिशन निदेशक उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को निर्देश दिए गए हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने के कार्य में तेजी लायी जाय और इस कार्य में शीघ्र से शीघ्र प्रगति बढ़ायी जाय।

# सरेनी के नवागत कोतवाल शिवाकांत पांड़ेय को करना होगा कई चुनौतियों का सामना

## अपनी बेलगाम कार्यशैली को लेकर काफी विवादों से घिरे शिवशंकर सिंह के तबादले के बाद शिवाकांत पांड़ेय को मिली कोतवाली की कमान

नेशनल एक्सप्रेस

सरेनी( रायबरेली ) ।अपनी बेलगाम कार्यशैली को लेकर काफी विवादों से घिरे रहे कोतवाल शिवशंकर सिंह के कोतवाली सरेनी में करीब एक वर्ष के कार्यकाल के बाद आखिरकार मंगलवार को कोतवाली से विदाई हुई,जिससे क्षेत्र के तमाम पीड़ित एवं सम्मानित,संभ्रांत लोगों को उनके आतंक से निजात मिलने के साथ ही हर्ष का माहौल दिखाई पड़ रहा है ।वहीं शिवशंकर सिंह के सलोन तबादले के बाद कोतवाली डीह में तैनात रहे शिवाकांत पांड़ेय को सरेनी कोतवाली की कमान सौंपी गई है ।जिन्होंने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया है ।लेकिन मौजूदा हालात यह हैं कि नवागत कोतवाल शिवाकांत पांड़ेय के लिए यह कोतवाली किसी कांटो भरे ताज से कम नहीं होगी ।पिछले एक वर्ष के कार्यकाल पर नजर डालें तो कोतवाली क्षेत्र में जहां एक तरफ चोरी,मारपीट,छेड़छाड़,दबंगई,

अवैध कटान,जुआं,अवैध शराब बिक्री व गरीबों का पुलिसिया उत्पीड़न आदि होने की गंभीर घटनाओं ने कोतवाली क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान उठाए,वहीं क्षेत्र में पुलिस और खनन विभाग के अवैध संरक्षण में फलफूल रहे अवैध मिट्टी खनन व वन माफियाओं से सांठगांठ कर अंधाधुंध हरे पेड़ों की कटान के कारोबार ने भी लगातार सुर्खियां बटोरीं ।सूत्रों की मानें तो क्षेत्र में जहां एक तरफ विवादित जमीनों पर पुलिसिया सेटिंग गेटिंग के चलते उस पर अवैध कब्जा व प्लाटिंग का कारोबार करने वाले लोग खुलकर अपना काम करते नजर आए,वहीं दबंगई के बल पर गरीब,असहायों की जमीन पर खुलेआम अवैध कब्जा करने वाले लोग भी नंगा नाच करते रहे ।कोतवाली क्षेत्र में



आपराधिक गंभीर घटनाएं काफी बढ़ जाने और तत्कालीन कोतवाल के द्वारा उक्त घटनाओं पर अंकुश लगाने व खुलासा करने में असफल साबित होने से क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था ।जिसकी खबरों को कुछ निर्भीक पत्रकारों द्वारा निष्पक्ष रूप से प्रमुखता से विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा रहा था ।मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के बावजूद

- **नवागत कोतवाल शिवाकांत पांड़ेय के लिए किसी कांटो भरे ताज से कम नहीं होगी सरेनी कोतवाली**
- **पूरे कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री की मंशा को दरकिनार करते हुए चलती रही स्थानांतरित कोतवाली प्रभारी की हिटलर शाही**

सरेनी कोतवाली क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन खुलेआम होता रहा और स्थानीय पुलिस प्रशासन के जिम्मेदार लोग खनन माफियाओं से प्रतिदिन व रात के हिसाब से निश्चित चढ़ावे की धनराशि मिलने से मूकदर्शक बने रहे ।इस सब के बावजूद सत्ता पक्ष के एक माननीय का संरक्षण प्राप्त होने के साथ ही विभाग के ही एक उच्चाधिकारी के विशेष कृपा पात्र व कमाऊ पूत माने जाने वाले कोतवाल शिवशंकर सिंह चंद चाटुकार दलालों के सहारे पूरी व्यवस्था को एक वर्ष तक चलाते रहे और अंततः एक मलाईदार कोतवाली से हटाकर उन्हें दूसरी मलाईदार कोतवाली की कुर्सी थमा दी गई ।पूरे कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री की मंशा को दरकिनार करते हुए कोतवाली प्रभारी की हिटलर शाही चलती रही।

इन हालातों में नवागत कोतवाल शिवाकांत पांड़ेय के लिए कोतवाली क्षेत्र में चोरी,छिनैती,छेड़छाड़,अवैध मिट्टी खनन,अवैध कटान आदि होने की गंभीर घटनाओं व पुलिसिया उत्पीड़न पर रोक लगाने के साथ-साथ लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन करने की बहुत बड़ी चुनौती होगी।अब वह इसमें कितना सफल हो पाते हैं यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बिना रजिस्ट्रेशन और नाबालिग ई-रिक्शा चालकों पर कार्यवाही, 25 ई-रिक्शा सीज



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान के तहत बिना रजिस्ट्रेशन, नाबालिगों द्वारा संचालित एवं बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के चलाए जा रहे ई-रिक्शा के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 25 ई-रिक्शा को नियमों का उल्लंघन करने पर सीज कर यातायात कार्यालय में दाखिल किया गया। यह कार्रवाई शहर में सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित करने तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से की गई है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी वाहन का संचालन केवल वैध रजिस्ट्रेशन एवं ड्राइविंग लाइसेंस के साथ ही करें। अभिभावक नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें, क्योंकि इससे न केवल उनका भविष्य प्रभावित हो सकता है बल्कि अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है।

### एसएसपी ने किया चौकी के नए भवन का लोकार्पण



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना। एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में भवन का लोकार्पण किया। एसएसपी ने अधिकारियों से बेहतर पुलिसिंग करने एवं लोगों से पुलिस का सहयोग करने का आहवान किया। बुधवार को एसएसपी सौरभ दीक्षित ने फीता काटकर थाना जसराना क्षेत्र की दिहुली पुलिस चौकी के नए भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद गणमान्य लोगों से भी मुलाकात की। लोगों से अपने क्षेत्र में होने वाली आपराधिक घटनाओं एवं हो रहे अनैतिक कार्यों की सूचना समय से पुलिस को देने का आहवान किया। वहीं एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों को चौकी पर आने वाले लोगों के साथ मित्रवत व्यवहार करने एवं उनकी समस्याओं के निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर एसपी देहात अखिलेश भदौरिया, सीओ जसराना अमरीश कुमार सिंह, सीओ शिकोहाबाद प्रवीण तिवारी, थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह, चौकी प्रभारी के साथ अन्य पुलिसकर्मी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### परीक्षा परिणाम पाकर खिले छात्र एवं छात्राओं के चेहरे



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना। प्राथमिक विद्यालय जसराना द्वितीय में छात्र एवं छात्राओं को परीक्षा परिणाम वितरण करने के साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा पांच के सफल विद्यार्थियों को विदाई दी गई। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. उमेश चंद्र पवार एवं सपा नेता सलीम राईन ने फीता काटकर कर किया। वहीं रामीतार शास्त्री ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान डॉ. उमेश चंद्र पवार ने कहा परीक्षा के बाद आने वाला परिणाम बच्चों में उत्साह का संचार करता है। वहीं कहा कम अंक लाने वाले छात्र एवं छात्राएं हतोत्साहित न होकर प्रेरणा लें। आगे आने वाली परीक्षा में कडी मेहनत पर अपना मुकाम हासिल कर सकते हैं। कक्षा एक से लेकर कक्षा पांच तक प्रत्येक कक्षा में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को परीक्षाफल देने के साथ ही पुरष्कार दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश चन्द्र अमौरिया ने की। प्रधानाध्यापक प्रेमपाल सिंह यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सोना, शुभ, संध्या यादव, सुमन कुमारी, सुषमा शर्मा, रिचा, सोनम, शबाना बेगम आदि का विशेष सहयोग रहा।

### राशन कार्ड धारक 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत करायें ई-केवाईसी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद । राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 से आच?छादित प्रदेश के समस्त राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी 30. अप्रैल.2025 तक शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाना निर्धारित करते हुए अवगत कराया गया है कि यदि दिनांक 30. अप्रैल.2025 तक प्रदेश के लाभार्थियों की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण नहीं करायी जाती है, तो इस दशा में प्रदेश को उपलब्ध कराये जाने वाले खाद्यान्न आवंटन की मात्रा में भारत सरकार स्तर से कटौती कर दी जाएगी। राशनकार्ड लाभार्थी किसी भी उचित दर विक्रेता के पास जाकर निःशुल्क ई-केवाईसी करा सकता है।

# एका में घटिया सामग्री के प्रयोग पर ग्रामीणों का हंगामा सड़क निर्माण कार्य रुकवाया

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।**



जसराना। एका परशुराम चौराहे से जेड़ा मार्ग माता मंदिर तक काली डाबर की सड़क स्वीकृत हुई थी, लेकिन निर्माण कार्य में अनियमितता को देखते हुए ग्रामीणों ने विरोध जताया। मंगलवार को जब सड़क ब्लॉक संसाधन केंद्र होते हुए हरी टेलर के सामने बस्ती में पहुंची, तो ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू कर दिया। उन्होंने सड़क डाल रहे कर्मचारियों को काम करने से रोक दिया।विरोध होने पर कर्मचारियों ने कुछ दूर आगे जाकर माता मंदिर के पास से सड़क निर्माण का कार्य पुनः शुरू कर दिया, लेकिन सड़क निर्माण सामग्री में कोई बदलाव नहीं किया गया जब ग्रामीणों ने देखा कि डाबर की जगह काले तेल का उपयोग किया जा रहा है, तो उन्होंने फिर से हंगामा करते हुए कार्य रुकवा दिया। निर्माण कार्य में लगे मेठ श्याम सिंह ने स्वयं स्वीकार किया कि डाबर की जगह काले तेल का उपयोग किया जा रहा है। इस अनियमितता को देखते हुए ग्रामीणों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और स्वीकृत मानकों के अनुसार ही निर्माण सामग्री का प्रयोग हो। प्रशासन से इस मामले में जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की मांग की जा रही है। विरोध करने वालों में शीलू सविता, उमेश चंद्र, नवरत्न सविता, संदीप चौहान,धर्मेंद्र पचौरी, अमरदीप, लालू चौहान, हरी सविता, विजय मिश्रा, शंकर कुशवाहा, दिनेश सविता, रनवीर सिंह, छोटू कठेरिया, मनोज सविता, गिरजेश शाक्य, एमपी कुशवाह, अंकित, ऋतिक, मनसुख कतराई सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# छदामी लाल जैन मंदिर के ऊपर से ओवर ब्रिज बनाए जाने का विरोध

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने छदामी लाल जैन मंदिर, सुभाष तिराहा एवं सुहाग नगर चौराहे पर ओवर ब्रिज की मंजूरी मिलने पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने इसे मंदिर के वैभव और सौंदर्य को कम करने का प्रयास बताया।

सतेन्द्र जैन सौली ने अंडरपास में जल भराव की समस्या को लेकर उठाए जा रहे सवालों का जवाब देते हुए कहा कि दिल्ली-एनसीआर सहित बड़े शहरों में सैकड़ों अंडरपास बने हुए हैं। जहां जलभराव की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कुछ अंडरपास में खराब डिजाइन की वजह से जलभराव हुआ भी है। तो इसका मतलब यह नहीं कि सभी अंडरपास बेकार हैं। प्रयागराज और वाराणसी में आधुनिक तकनीक से निर्मित अंडरपासों में जल निकासी के लिए जेट पंप लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कई स्थानों पर सेंसर युक्त गेट भी लगाए जा रहे हैं, जो जलभराव की स्थिति में स्वतः ही बंद हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि छदामी लाल जैन मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक धरोहर भी है, जहां उत्तर भारत की सबसे बड़ी भगवान बाहुबली की प्रतिमा स्थापित है। यह मंदिर देशभर में ख्यातिप्राप्त है और इसके संरक्षण का कार्य होना चाहिए था, लेकिन सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों ने इसके संरक्षण के बजाय मंदिर के ऊपर से ओवर ब्रिज बनवाने का निर्णय लिया, जिससे इसका वैभव प्रभावित होगा। स्थानीय नागरिकों और धार्मिक संगठनों ने भी इस ओवर ब्रिज के निर्माण पर आपत्ति जताई है। कई समाजसेवियों का कहना है कि प्रशासन को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए और वैकल्पिक समाधान तलाशने चाहिए। इतिहासकारों के अनुसार, यह मंदिर शहर की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है और इसके आसपास किसी भी प्रकार का निर्माण इसकी ऐतिहासिकता और आध्यात्मिकता को प्रभावित कर सकता है।

मंदिर समिति के सदस्यों का कहना है कि प्रशासन को इस क्षेत्र में यातायात सुगम बनाने के लिए अंडरपास या अन्य तकनीकी समाधान अपनाने चाहिए, जिससे मंदिर की गरिमा बनी रहे। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे इस मुद्दे को लेकर अपनी आवाज बुलंद करें और मंदिर के संरक्षण के लिए आगे आएं। सतेन्द्र जैन सौली ने इस मुद्दे पर जल्द ही एक जनसभा आयोजित करने की घोषणा की है, जिसमें स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों और धार्मिक संस्थाओं को शामिल किया जाएगा ताकि प्रशासन तक इस विरोध की गंभीरता पहुंचाई जा सके।

# लोक सभा में वक्फ बिल पेश होने को लेकर पुलिस अलर्ट



**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

सिरसागंज । लोकसभा में वक्फ बिल पेश किया गया। इसी को लेकर थाना सिरसागंज पुलिस अलर्ट मोड पर रही। एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अखिलेश भदौरिया क्षेत्र अधिकारी सिरसागंज अनिवेश कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी सिरसागंज वैभव कुमार ने भारी तादात में पुलिस फोर्स के साथ शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नगर में पैदल गश्त किया। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर , मुख्य बाजारों में एवं मिश्रित आबादी क्षेत्र में पुलिस फोर्स तैनात किया तथ मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र व संवेदनशील क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। वहीं नागरिकों से अपील की गई कि बच्चों एवं नवयुवकों को जागरुक करें कि किसी भी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें। जिससे किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुँचे । किसी भी प्रकार की कोई समस्या पर तत्काल डायल-112 पर सूचना दें ।

# युवती को रोड पर बुलेट से स्टंट करना पड़ा भारी, पुलिस ने बुलेट को किया सीज

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**



फिरोजाबाद। जनपद के थाना क्षेत्र बसई मोहम्मदपुर क्षेत्र के एक पुल पर एक युवती चालक द्वारा बुलेट से स्टंट करना भारी महंगा पड़ गया। बुलेट का स्टंट वायरल होते ही पुलिस ने बाइक का पता करते हुए बुलेट को सीज और चालान कर दिया। साथ ही वाहन मालिक से माफीनामा लिखवा कर हिदायत दी है। पूरा मामला थाना क्षेत्र बसई मोहम्मदपुर का है। एक युवती का बुलेट से स्टंट करने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए यातायात प्रभारी महेश यादव ने बाइक का 22 हजार रुपए का चालान किया। साथ ही बाइक को सीज कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया पर स्टंट का वीडियो वायरल होने कार्रवाई की गई है। पुलिस की इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी है।

फिरोजाबाद पुलिस द्वारा स्टंट करने वाले और मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ निरंतर रूप से कार्यवाही जारी है।

# सचखंड एक्सप्रेस में हुई तलवारबाजी में चार घायल

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



वृंदावन/मथुरा। नांदेड़ साहिब से अमृतसर की ओर जाने वाली सचखंड एक्सप्रेस में मथुरा जंक्शन पर सीट और सिगरेट पीने को लेकर हुए विवाद में जमकर तलवारबाजी हुई। जिसमें चार लोग घायल हो गए हैं। इस दौरान ट्रेन मथुरा जंक्शन पर लगभग डेढ़ घंटा खड़ी रही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मथुरा जंक्शन पर जनरल डिब्बे में सीट को लेकर हुआ विवाद तलवारबाजी में बदल गया। मथुरा के शांति नगर के रहने वाले यात्री प्रवीण और पंजाब के तरनतारण के रहने वाले करनप्रीत सिंह के बीच जनरल डिब्बे में सीट पर बैठने को लेकर विवाद हो गया था। इसी दौरान प्रवीण ने अपने भाई विजय सिंह को झगड़े की सूचना फोन पर दी और जैसे ही ट्रेन मथुरा जंक्शन पर पहुंची तो प्रवीण अपने भाई को साथ लेकर करनप्रीत सिंह से लड़ने पर आमादा हो गया। गाली गलौज से शुरू हुआ विवाद मारपीट में तब्दील हो गया और प्लेटफार्म नंबर दो पर करनप्रीत सिंह और प्रवीण पक्ष के लोगों में जमकर मार पिटाई होने लगी। इसी दौरान करनप्रीत सिंह के पक्ष के लोगों ने कटार और तलवारे निकाल ली। जिससे कई लोग घटना में घायल हो गए। झगड़े की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस और जीआरपी भी मौके पर पहुंच गई और झगड़े में घायल हुए लोगों को अस्पताल पहुंचा कर झगड़ा कर रहे चार लोगों को हिरासत में ले लिया।

इस दौरान एक पक्ष के लोग मौके से भाग जाने में सफल रहे। जिसका विरोध सिख यात्रियों द्वारा पुलिस की कार्यवाही को एक तरफा बता कर किया गया। इसी बात से नाराज होकर ट्रेन में सफर कर रहे सरदारों ने स्टेशन पर जमकर हंगामा काटा। हंगामा के बीच ट्रेन लगभग डेढ़ घंटा देरी से मथुरा जंक्शन से रवाना हो सकी।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को केंद्र के लिए नहीं मिल रहा राशन



## राशन लेने जाने पर राशन डीलर की पत्नी कार्यकत्रियों से कर रही अभद्र व्यवहार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

टूंडला।बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम देवखेड़ा विकासखंड टूंडला की कार्यकत्री ने केन्द्र के लिए राशन न मिलने व राशन डीलर की पत्नी द्वारा अभद्र व्यवहार के संबंध में एसडीएम टूंडला को एक प्रार्थना पत्र सौपा है।

आपको बता दें कि कार्यकत्री रश्मिता देवी ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि राशन डीलर लीलावती और राशन डीलर हरिओम द्वारा वर्ष 2024 में मई माह का राशन दिया गया था और वर्ष 2025 में तीन बार का राशन आया है जिसमें जनवरी फरवरी और मार्च का राशन है।कार्यकत्री रश्मिता जब राशन लेने गई तो राशन डीलर के द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया।और राशन देने से मना कर दिया।कार्यकत्री द्वारा पूर्ति निरीक्षक टूंडला से शिकायत की गई।इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक ने राशन डीलर लीलावती के पुत्र मनोहर को अपने ऑफिस में बुलाया और पूछा तो मनोहर ने बताया कि केवल दो माह का राशन आया था।तब कार्यकत्री ने अपने पास रखी सूची को दिखाया कि तीन माह का राशन आया है। इस पर पूर्ति निरीक्षक ने कहा कि अगर तीन माह का राशन आया है तो इनको राशन दो, तो इस पर राशन डीलर लीलावती ने कहा कि इनका राशन देवखेड़ा हरिओम राशन डीलर पर है। और आप शाम को 6:00 बजे ले लेना।जब कार्यकत्री वहां राशन लेने गई तो राशन डीलर हरिओम की पत्नी ने गाली गलौज करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और राशन देने से मना कर दिया।

# आरोपियों की कैंटर और स्विफ्ट को किया गया सीज, पुलिस ने की कार्यवाही



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। जनपद के थाना टूण्डला पुलिस ने धारा 107 बीएनएसएस के तहत अभियुक्त जुबैर व सबील की दो गाडियों कैंटर एवं स्विफ्ट कार दोनों की कीमत 22 लाख रुपए को कुर्क करते हुए जब्तीकरण किया। ये आरोपी गिरोह बनाकर राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे खड़े वाहनों के तेल टैंक का ताला तोड़कर पाइप के सहारे मशीन से तेल अपनी टैंकर में लगी अतिरिक्त टैंकों में निकाल कर उस तेल को कम दामों में होटल पर खडे वाहन चालकों को बेचकर अवैध धन अर्जित करते हैं। अवैध धन अर्जित कर दोनों वाहन कैंटर व स्विफ्ट गाडी को खरीदा गया था। सबील व जुबैर अपने अन्य साथियों तालिब व साजिद के साथ मिलकर गम्भीर अपराधों की घटनाओं को अंजाम देते थे।

अवैध सम्पत्ती अर्जित करने वाले अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में पुलिस ने अन्तर्गत संगठित गिरोह बनाकर राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे खड़े वाहनों के तेल टैंक का ताला तोड़कर पाइप के सहारे मशीन से तेल अपनी टैंकर में लगी अतिरिक्त टैंकों में निकाल कर उसी तेल को कम दामों में होटल पर खडे वाहन चालकों को बेचकर अवैध धन अर्जित करने वाले सबील पुत्र इस्लाम एवं और जुबैर पुत्र बिलाल निवासीगण हर्रा थाना सरूरपुर की दो गाडियों कैंटर नम्बर यूपी 15 एफटी 9236 एवं स्विफ्ट कार संख्या यूपी 14 एफटी 4935 को कुर्क करते जब्त किया। कैंटर व कार दोनों की कीमत 22 लाख रुपए के करीब है।

# जलभराव, गंदगी, पीने के पानी की किल्लत और अंधकार में डूबा इलाका, नगर निगम से जवाब मांग रही जनता



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद। जनपद के हिमायुपुर क्षेत्र के मोती नगर के निवासी आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। सड़कें टूटी हुई हैं, जल निकासी की व्यवस्था नहीं है, गंदगी और जलभराव ने जीवन दूभर कर दिया है, पीने का साफ पानी तक उपलब्ध नहीं, और रात के अंधेरे में लाइट की कोई व्यवस्था नहीं।

नगर निगम की लापरवाही से त्रस्त लोगों ने अब बड़ा आंदोलन छेड़ने का निर्णय लिया है। तेली महासभा फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव रश्मि कान्त राठौर के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे नगर निगम कार्यालय पर धरना देने को मजबूर होंगे।

**निगम कार्यालय पर धरने की चेतावनी:** स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है और कहा है कि यदि इस अवधि में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे निगम कार्यालय के बाहर बड़े स्तर पर धरना देंगे। तेली महासभा फाउंडेशन के महासचिव रश्मि कान्त राठौर ने कहा कि ?हमारे लोग सरकार को टैक्स देते हैं, लेकिन हमें बदले में बुनियादी सुविधाएँ भी नहीं मिलतीं। यह अन्याय अब और सहन नहीं किया जाएगा। यदि प्रशासन ने जल्द कोई कदम नहीं उठाया तो हमें मजबूरन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करना पड़ेगा।

अब देखने वाली बात होगी कि नगर निगम क्षेत्र के विकास को लेकर कोई ठोस कदम उठाता है या फिर नागरिकों को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करना ही पड़ेगा।

## क्षेत्र की प्रमुख समस्याएँ

**1. जलभराव और जल निकासी की गंभीर समस्या:** इलाके में सही नालियों का निर्माण नहीं होने के कारण बारिश के पानी और घरों का गंदा पानी गलियों में भरा रहता है।गंदा पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। पानी की निकासी न होने से घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, जिससे व्यापार, स्कूल और अन्य दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

**2. टूटी सड़कें और नालियों की कमी:** क्षेत्र में वर्षों से सड़कें नहीं बनीं, जिससे आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कीचड़ और जलभराव के कारण दुर्घटनाएँ आम हो गई हैं। स्थानीय लोग टैक्स तो भर रहे हैं, लेकिन बदले में मूलभूत सुविधाएँ भी नहीं मिल रही हैं।

**3. कूड़ा प्रबंधन की बदहाल स्थिति:** नगर निगम की कूड़ा उठाने की व्यवस्था असंतोषजनक है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे रहते हैं, जिससे बदबू और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कूड़ा न उठने से जलभराव और गंदगी की समस्या और गंभीर हो गई है।

**4. मच्छरों से बढ़ता स्वास्थ्य संकट, फॉगिंग व्यवस्था नदारद:** क्षेत्र में फॉगिंग वाहन महीनों से नहीं आया, जिससे मच्छरों की संख्या खतरनाक स्तर पर पहुँच गई है। लोगों को रात में चैन से सोना मुश्किल हो गया है और डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों का डर बना हुआ है।

**5. पीने के पानी की भारी किल्लत:** इलाके में पीने के साफ पानी की व्यवस्था नहीं है, जिससे लोगों को मजबूरी में दूषित पानी पीना पड़ता है। नगर निगम द्वारा पानी के टैंकर तक नहीं भेजे जा रहे, जिससे महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है।

**6. अंधेरे में डूबा इलाका, स्ट्रीट लाइट नहीं:** सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट नहीं होने से अंधेरे में दुर्घटनाओं और अपराध का खतरा बढ़ गया है। महिलाओं और बुजुर्गों के लिए रात में बाहर निकलना असुरक्षित हो गया है

# पुलिस ने फोर्स सहित मोहम्मदाबाद में किया गया पैदल मार्च

## मिश्रित और संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से की जा रही है निगरानी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

टूंडला। नगर में पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। पुलिस भीड़भाड़ व मिश्रित और संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को गांव मोहम्मदाबाद में क्षेत्राधिकारी विनीत कुमार व थानाध्यक्ष टूंडला अंजीश कुमार व पुलिस फोर्स द्वारा पैदल मार्च किया गया। ड्रोन द्वारा हर घर के छत पर निगरानी की गई। पुलिस इंटरनेट,सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 24 घंटे नजर रख रही है। पिछले 6 महीनों में सोशल मीडिया पर धार्मिक व अभद्र टिप्पणी के 9 मामले दर्ज किए गए हैं इनमें से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने लोगों से सोशल मीडिया का सावधानी से उपयोग करने की अपील की है।

**वैधानिक सूचना**

मेरे आधार कार्ड में मेरा का नाम अगम अंकित है , जो कि गलत है । जबकि मेरी सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल की अंकतालिका में आशुतोष यादव लिखा हुआ है, जो कि सही है तथा अब मुझे आशुतोष यादव के नाम से जाना जाये ।

- अगम उर्फ आशुतोष यादव पुत्र श्री अरविन्द कुमार निवासी - द्वारिकाधीश कोल्ड स्टोरेज यशोदा नगर , शिकोहाबाद, जिला फिरोजाबाद ( यूपी ) ।

# राजस्व मामलों में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों पर कार्यवाही के आदेश: संजय सरावगी,मंत्री

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)।राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री संजय सरावगी द्वारा अपर मुख्य सचिव तथा सचिव की मौजूदगी में विभागीय समीक्षा बैठक की गई।बैठक में मंत्री ने अधिकारियों से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा प्रदत ऑनलाइन सेवाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली।दाखिल- खारिज मामलों में विगत छःमहीनों में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुये मंत्री ने अनुशासनात्मक कार्यवाही के आदेश दिए हैं।मंत्री ने कहा कि कई छोटे-मोटे कारणों की वजह से अंचलाधिकारियों द्वारा दाखिल-खारिज के मामलों को अस्वीकृत कर दिया जाता है।जिस कारण आवेदनों को निरस्त करने का प्रतिशत काफी ज्यादा हो जाता है।प्राप्त आवेदनों को अस्वीकृत करने के आधार पर खराब प्रदर्शन



करने वाले अंचलों में लखीसराय का पिपरिया अंचल पहले स्थान पर है।इस अंचल में अंचलाधिकारी द्वारा विगत वर्ष में दाखिल खारिज के कुल प्राप्त आवेदनों में से 65.12% आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया गया है।दूसरे स्थान पर दरभंगा का जाले है जहां दाखिल खारिज आवेदनों को अस्वीकृत करने का प्रतिशत 62.96 है,तीसरे स्थान पर भोजपुर का अगियांव(55.21%), चौथे स्थान पर किशनगंज का ठाकुरगंज(55.15%), पांचवें स्थान पर जहानाबाद का मोदागंज(53.91%), छठे स्थान पर भोजपुर का बरहरा(53.52%), सातवें स्थान पर अररिया का जोकीहाट(52.38%), आठवें स्थान पर मधुबनी का जयनगर-(50.30%),नौवें स्थान पर खगड़िया का बेलदौर(50.09%) तथा दसवें स्थान पर दरभंगा का कुशेश्वर स्थान पूर्वी(49.62%) है।इसी आधार पर कैमूर के नुआंव अंचल का प्रदर्शन सबसे अच्छा है।यहां कुल प्राप्त आवेदनों में से मात्र 6.74% आवेदनों को हीं अस्वीकृत किया गया है। दूसरे स्थान पर नालंदा का एकंगरसराय(7.44%),तीसरे स्थान पर लखीसराय का हलसी(8.93%),चौथे स्थान पर कैमूर का मोहनियां(9.24%),पांचवें स्थान पर मुजफ्फरपुर का मुरौल अंचल(9.54%),छठे स्थान पर वैशाली का पातेपुर(9.60%),सातवें स्थान पर पूर्णिया का श्रीनगर अंचल(9.71%),आठवें स्थान पर सीतामढ़ी का बाजपट्टी(10.26%), नौवें स्थान पर लखीसराय का बरहिया(10.53%)तथा दसवें स्थान पर कैमूर का रामपुर अंचल(11.06%) है।

# नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का इतिहास गौरवशाली :मंगल पांडेय,मंत्री

## एनएमसीएच के अगमकुआं परिसर में नवनिर्मित प्री फैब स्किल सेंटर का स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन

## नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ने मनाया 56 वां स्थापना दिवस

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)।नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का 56 वां स्थापना दिवस एनएमसीएच कॉलेज परिसर में मनाया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री ने एनएमसीएच के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं सभी चिकित्सा कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते इस दिन को गौरवशाली बताया।अपने संबोधन में श्री पांडेय ने संस्थान के सुनहरे स्मृतियों को याद करने और आने वाले समय को और बेहतर बनाने के लिए संकल्पित होने की बात कही।श्री पांडेय ने कहा कि एनएमसीएच ने बिहार ही नहीं पूरे देश को हजारों बेहतर चिकित्सक दिए हैं।ये प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज है,जिसके विकास के लिए कई कार्य किए गए हैं और भविष्य में भी



विकास संबंधी तमाम कार्य किए जाएंगे।यहां डायग्नोस्टिक सेंटर,एमआरआई की सुविधा,पैथोलॉजी,आई बैंक एवं बीएससी नर्सिंग की पढाई जैसे कई उदाहरण हैं।जिसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई और मेरे कार्यकाल में राज्य सरकार ने शुरू किया है। खासकर कोरोना काल में इस संस्थान को कोरोना के इलाज के लिए समर्पित अस्पताल के तौर पर घोषित किया गया।जिसके बाद इस संस्थान का महत्व और बढ गया।श्री पांडेय ने कहा कि एनडीए की सरकार में 20 वर्षों में एनएमसीएच की व्यवस्था में उतरोत्तर विकास हुए और आज भी उस दिशा में कार्य जारी है।यदि संस्थान को किसी संसाधन की जरुरत होगी,तो उसे पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।आनेवाले समय में राज्य में कई अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेज खुलने जा रहे हैं।जिसका फायदा राज्य के लोगों को मिलेगा।राज्य सात महीनों से लगातार दवा उपलब्धता एवं टीकाकरण सहित कई क्षेत्रों में आगे है।बिहार को समृद्ध बनाने के लिए बिहार के लोगों को स्वस्थ रखना आवश्यक है।स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने एनएमसीएच के अगमकुआं परिसर में नवनिर्मित प्री फैब स्किल सेंटर का उद्घाटन किया। 141.88 लाख की लागत से निर्मित 56 सीटों वाले इस सेंटर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।जिसका फायदा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्टूडेंट्स,जूनियर टीचर, पारामेडिकल स्टाफ एवं नर्सेज को मिलेगा।एनएमसीएच के स्थापना दिवस के मौके पर स्वास्थ्य मंत्री के अलावे अधीक्षक डॉ रश्मि प्रसाद,आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविध्यालय अंतर्गत स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविध्यालय के कुलपति डॉ प्रो. एस.एन. सिन्हा,स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह सहित एनएमसीएच के तमाम चिकित्सा कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### वक्फ संशोधन बिल का संसद में पेश होना ऐतिहासिक पहल :मंगल पाण्डेय,मंत्री

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना( बिहार) ।स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने वक्फ संशोधन बिल-2024 को बुधवार को संसद में पेश किए जाने का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक पहल बताया है।उन्होंने कहा कि इस बिल को पारित करने के पीछे सरकार का मकसद पुराने वक्फ कानून को पारदर्शी व न्यायसंगत बनाना है।विपक्ष व मुस्लिम संगठनों का विरोध तुष्टिकरण की राजनीति से प्रेरित है।वर्ष 2022 से अब तक देश के अलग-अलग हाईकोर्ट में वक्फ एक्ट से जुड़ी करीब 120 याचिकाएं दायर कर मौजूदा कानून में कई खामियां बताई गईं।इनमें से करीब 15 याचिकाएं मुस्लिमों की तरफ से हैं।

याचिकाकताओं का सबसे बड़ा तर्क यह था कि एक्ट के सेक्शन 40 के मुताबिक वक्फ किसी भी प्रॉपर्टी को अपनी प्रॉपर्टी घोषित कर सकता है।इसके खिलाफ कोई शिकायत भी वक्फ बोर्ड ट्रिब्यूनल में ही की जा सकती है और इस पर अंतिम फैसला ट्रिब्यूनल का ही होता है।श्री पांडेय ने कहा कि पुराने वक्फ कानून की खामियों की वजह से आम लोगों के लिए वक्फ जैसी ताकतवर संस्था के फैसले को कोर्ट में चैलेंज करना आसान नहीं है।

इन याचिकाकर्ताओं की सबसे महत्वपूर्ण मांग है कि धार्मिक आधार पर कोई ट्रिब्यूनल नहीं होना चाहिए।वक्फ संपत्तियों पर फैसला सिविल कानून से हो,न कि वक्फ ट्रिब्यूनल से।श्री पाण्डेय ने कहा कि संशोधित वक्फ कानून के पारित होने व अस्तित्व में आने के बाद न केवल कई पेचीदगियों का समाधान होगा बल्कि पारदर्शी तरीके से आम व गरीब मुसलमानों के कल्याणार्थ वक्फ परिसम्पतियों का प्रबंधन भी सम्भव होगा।विभिन्न तबकों की मुस्लिम महिलाओं व गरीबों को उनका वाजिब हक मिल सकेगा।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

रायपुर(छत्तीसगढ़)।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर उन्हें



श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि शिवाजी महाराज केवल इतिहास के पन्नों में दर्ज एक नाम नहीं, बल्कि भारतमाता की आत्मा में रचा-बसा वह स्वाभिमान हैं,जिन्होंने स्वराज्य का स्वप्न देखा और उसे यथार्थ में परिणत किया। वे साहस,संकल्प और राष्ट्रभक्ति की सजीव प्रतिमूर्ति थे।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिवाजी महाराज भारतीय संस्कृति,नीति और नेतृत्व के अमिट प्रतीक हैं।उन्होंने न केवल धार्मिक सहिष्णुता,जनकल्याण और न्यायप्रिय शासन की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत की,बल्कि यह भी सिद्ध किया कि एक सच्चा शासक केवल तलवार से नहीं, नीति,मूल्य और जनसेवा से पहचाना जाता है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज जब देश नए भारत के निर्माण की दिशा में बढ़ रहा है,तब शिवाजी महाराज की सोच, उनका साहस और स्वराज्य का दर्शन हमारे लिए प्रेरणापुंज बन सकता है।उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज के जीवन से हमे यह प्रेरणा मिलती है कि जब संकल्प अडिग हो और ध्येय राष्ट्र-हित,तो कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती।मुख्यमंत्री श्री साय ने युवाओं को प्रेरित किया कि शिवाजी महाराज के राष्ट्रप्रेम के आदर्श का अनुसरण करते हुए राष्ट्र की उन्नति में अपनी ऊर्जा,प्रतिभा और समय को समर्पित कर सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

# बिहार के राज्यपाल जैन आचार्य लोकेशजी, RSS नेता इंद्रेश कुमारजी ने भारतीय नव वर्ष उत्सव को संबोधित किया

समस्त भारतीयों को नव संवत 2082 की हार्दिक शुभकामनायेँ झ्र राज्यपाल बिहार, अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है : आचार्य लोकेशजी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

पटना/ नई दिल्लीः बिहार के राज्यपाल माननीय श्री आरिफ मोहम्मद खान, अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेशजी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ नेता श्री इंद्रेश कुमार जी ने बिहार के रोहतास में विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ पर आयोजित भारतीय नव नव वर्ष उत्सव को संबोधित किया`

बिहार के राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्म्द खान ने समस्त भारतीयों को नवरात्रि के प्रथम दिन प्रारम्भ हो रहे नव संवत 2082 की हार्दिक शुभकामनायें देते हुये कहा कि यह अद्भुत





संयोग है कि नवरात्रि का शुभारंभ एव ईद एक साथ हुआ है` भारत गंगा-जमुनी तहजीब का देश है। यहां हिंदू-मुस्लिम मिलजुल कर त्योहार मनाते हैं। समस्त देशवासी इसे बड़ी श्रद्धा, खुशी और सांस्कृतिक अनुष्ठानों के साथ मना रहें है, जो नई शुरूआत, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है`

जैन आचार्य लोकेशजी ने कहा कि अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है` विविधता भरे हमारे देश में, में अगले कुछ दिनों तक इस पर्व धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, असम में 'रोंगाली बिहू', बंगाल में 'पोइला बोइशाख', कश्मीर में 'नवरेह', उत्तर भारत में शक्ति का पूजन कर`

फ्रर के वरिष्ठ नेता श्री इंद्रेश कुमार जी ने कहा कि भारतीय परम्पराओं और संस्कृति को जागृत रखना हमारा कर्तव्य है` युवा पीढ़ी तक अपने धर्म, नियमों, रीति रिवाजों को लेजकर ही उन्हे जीवित रखा जा सकता है`बिहार के पूर्व विधायक श्री राजेश्वर राज जी ने कहा कि बिहार के विभिन्न हिस्सों मे भारतीय नव वर्ष का उत्साह देखने लायक है` कहीं पूजन हो रहा है तो कहीं गीत संगीत

**■ भारतीय परम्पराओं और संस्कृति को जागृत रखना हमारा कर्तव्य : इंद्रेश कुमार जी**

का कार्यक्रम है. दीप प्रज्वल्लन के साथ प्रारम्भ हुये कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं तुलसी के पौधे से आयोजकों ने किया। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के सभापति श्री अवधेश नारायण ने अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण डी.पी.एस के निदेशक अखिलेश सिंह ने दिया। बच्चों ने कार्यक्रम के प्रारम्भ एवं समापन पर राष्ट्रगान प्रस्तुत किया।

## खेल

## न्यूज ब्रीफ

### गुजरात टाइटंस का टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला

बेंगलुरू (भाषा) गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टाइटंस के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा निजी कारणों से इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह अरशद खान को एकादश में जगह मिली है। बेंगलुरू की टीम ने अपनी एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है।

### अहमदाबाद, कोलकाता, दिल्ली, गुवाहाटी में होंगे 2025 के घरेलू सत्र में टेस्ट मैच

नयी दिल्ली (भाषा) भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को 2025 के घरेलू सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की जिसके अनुसार अहमदाबाद, कोलकाता, नयी दिल्ली और गुवाहाटी इस सत्र में घरेलू धरती पर होने वाले चार टेस्ट मैचों की मेजबानी करेंगे। इसके बाद नवंबर में दक्षिण अफ्रीका की टीम दो टेस्ट मैच खेलने के लिए भारत आएगी जिसके मैच नयी दिल्ली और गुवाहाटी में होंगे। गुवाहाटी में पहली बार टेस्ट मैच खेला जाएगा। भारत टेस्ट मैच के अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेलेगा।

भारतीय टीम के घरेलू सत्र का कार्यक्रम इस प्रकार है :

वेस्टइंडीज का भारत दौराः

पहला टेस्ट छह अक्टूबर से अहमदाबाद में।

दूसरा टेस्ट 14 अक्टूबर से कोलकाता में।

दक्षिण अफ्रीका का भारत दौराः

पहला टेस्ट 18 नवंबर से नयी दिल्ली में।

दूसरा टेस्ट 26 नवंबर से गुवाहाटी में।

# सैमसन को एनसीए से मिली हरी झंडी, रॉयल्स की कप्तानी के लिए तैयार

बेंगलुरु (भाषा) संजू सैमसन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में विकेटकीपिंग करने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मंजूरी मिल गई है और वह राजस्थान रॉयल्स के कप्तान के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच फरवरी में खेली गई टी20 श्रृंखला के दौरान तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद पर सैमसन के दाहिने हाथ की बीच की उंगली पर चोट लग गई थी जिसकी उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी।

वह राजस्थान रॉयल्स के आईपीएल में पहले तीन मैच में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेले थे तथा रियान पराग ने उनकी जगह कप्तानी का दायित्व संभाला था।

राजस्थान रॉयल्स ने विज्ञप्ति में



कहा, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को विकेटकीपिंग करने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मंजूरी मिल गई है। वह टीम के पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले अगले मैच में कप्तान के रूप में वापसी करेंगे। राजस्थान रॉयल्स को पहले तीन मैच में से दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था।

# ब्रावो ने दो हार के बाद केकेआर के बल्लेबाजों से बेसिक्स पर ध्यान देने को कहा

कोलकाता (भाषा) टी20 क्रिकेट में अधिकतर आक्रामक बल्लेबाजी देखने को मिलती है लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर (मार्गदर्शक) ड्वेन ब्रावो ने बुधवार को अपने बल्लेबाजों को याद दिलाया कि अगर बेसिक्स को नजरअंदाज किया जाए तो हर समय आक्रामक बने रहना ह्यक्रिकेट नहींह्ल है।

बल्लेबाजों के आक्रामक रवैये के कारण टीम को मौजूदा आईपीएल में तीन मैच में से दो में हार का सामना करना पड़ा है और स्पष्ट रूप से ब्रावो इस रवैये से प्रभावित नहीं हैं।

मौजूदा सत्र में गत चैंपियन टीम का सर्वोच्च स्कोर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ आठ विकेट पर 174 रन रहा जबकि मुंबई इंडियन्स ने उन्हें सिर्फ 116 रन पर ढेर कर दिया था। विरोधी के मैदान पर दो मैच खेलने के बाद केकेआर अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स पर सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करने को तैयार है। सनराइजर्स ने दो सत्र में दो बार 280 रन के आंकड़े को पार किया है। ब्रावो ने बेसिक्स पर टिके रहने के महत्व पर जोर दिया।

ब्रावो ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, जहां तक हमारे बल्लेबाजी समूह की बात है, हां, हमारे पास एक आक्रामक बल्लेबाजी क्रम है लेकिन यह क्रिकेट नहीं है।

उन्होंने कहा, मेरी टीम और खासकर बल्लेबाजों को मेरा संदेश यह है कि खेल की बुनियादी बातों की अब भी जरूरत है। खेल की समझदारी की अब भी जरूरत है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, इन लोगों को खुद को स्थिति के अनुसार



खेलना होगा। इसलिए जो मैच हम हारते हैं, वे सब सीखने जैसा है। जब आप क्रिकेट की बात करते हैं तो उन्हें इस बात का सबूत मिलना चाहिए कि हम एक बल्लेबाजी समूह के रूप में क्यों विफल हो रहे हैं। अब कोच के रूप में हमारे लिए खेल का विश्लेषण जरूरी है, इसे थोड़ा सरल बनाना और यह भरोसा दिलाना महत्वपूर्ण है कि टी20 में क्रिकेट शॉट भी जरूरी हैं। हालांकि ब्रावो ने सिर्फ दो मैच के आधार पर टीम का मूल्यांकन करने से इनकार किया।

उन्होंने कहा, एक ऐसे टूनामेंट में जहां 14 मैच होते हैं, आप सिर्फ दो मैच के आधार पर किसी खिलाड़ी का मूल्यांकन नहीं कर सकते जिसने पिछले कई वर्षों में सफलता हासिल की है।

ब्रावो ने कहा, आईपीएल में आप किसी खिलाड़ी के सभी 14 मैच में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद नहीं कर सकते लेकिन उन्हें प्रोत्साहित करते रहना और उन्हें याद दिलाना जरूरी है कि वे कितने महान हैं। वे पहले ही आईपीएल में सफल हो चुके हैं। और बस उन्हें समर्थन देने की जरूरत है।

# मुंबई को छोड़कर अब गोवा के लिये खेलेंगे यशस्वी जायसवाल

मुंबई (भाषा) भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने निजी कारणों से अपनी घरेलू टीम मुंबई को छोड़ने का फैसला किया है।

जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट संघ को मंगलवार को लिखे पत्र में कहा कि वह मुंबई छोड़कर गोवा के लिये खेलना चाहते हैं ।एमसीए ने उनका अनुरोध मान लिया। अब जायसवाल 2025 . 26 सत्र में गोवा के लिये खेलेंगे ।

एमसीए के एक अधिकारी ने बताया, यह हैरानी की बात है ।उसने कुछ सोचकर ही यह कदम उठाया होगा । उनसे हमने कहा कि उसे रिलीज कर दिया जाये और हमने उसका अनुरोध मान लिया ।

जायसवाल ने मुंबई के लिये आखिरी मैच 23 से 25 जनवरी के बीच रणजी ट्रॉफी में जम्मू कश्मीर के खिलाफ खेला था ।उन्होंने चार और



26 रन बनाये जबकि मुंबई को टूनामेंट के इतिहास में पहली बार जम्मू कश्मीर ने पांच विकेट से हराया।

गोवा क्रिकेट संघ के सचिव शंबा देसाई ने पीटीआई से कहा, वह हमारे लिये खेलना चाहता है और हम उसका स्वागत करते हैं । वह अगले सत्र से हमारे लिये खेलेगा । भारतीय टीम के लिये नहीं खेलने के समय जायसवाल गोवा की कप्तानी भी कर सकते हैं ।

इस बारे में पूछने पर देसाई ने कहा , हां, ऐसा हो सकता है । वह भारतीय क्रिकेट टीम के लिये खेलता है और वह हमारा कप्तान हो सकता है ।उसकी उपलब्धता को देखते हम बात करेंगे । अर्जुन तेंदुलकर और सिद्धेश लाड के बाद मुंबई को छोड़कर गोवा जाने वाले जायसवाल तीसरे क्रिकेटर हैं । तेंदुलकर और लाड 2022 . 23 सत्र में गोवा चले गए थे ।लाड हालांकि पिछले सत्र में मुंबई के लिये लौटे हैं ।

जायसवाल ने जुलाई 2023 में भारत के लिये टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और अब तक 19 मैचों में 52 से अधिक की औसत से रन बना चुके हैं ।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने एआईएफएफ महासचिव के रूप में प्रभाकरन की नियुक्ति पर रोक लगाई

नयी दिल्ली (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव के रूप में अनिलकुमार प्रभाकरन की नियुक्ति पर रोक लगा दी। यह रोक उस याचिका के आधार पर लगाई गई है जिसमें कहा गया है कि उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन है।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि इस मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी। अदालत ने दिल्ली फुटबॉल क्लब के निदेशक रंजीत बजाज की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस बीच प्रभाकरन की नियुक्ति पर रोक लगनी चाहिए।



न्यायाधीश ने कहा, हम अगले सप्ताह सुनवाई जारी रखेंगे लेकिन इस बीच रोक लगानी होगी। मैं अंतरिम रोक (आदेश) पारित करूंगा। मामले की अगली सुनवाई आठ अप्रैल को होगी। बजाज की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा और शिवम सिंह ने प्रभाकरन को पद से हटाने की मांग की और तर्क दिया कि वह पहले एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में चुने गए थे और इसलिए उन्हें नियुक्त नहीं किया जा सकता था।

एआईएफएफ ने पिछले साल जुलाई में केरल के रहने वाले प्रभाकरन को अपना महासचिव नियुक्त किया था।



प्राथमिक काम उत्तर प्रदेश के लोगों की सेवा करना है जो उनकी पार्टी ने उन्हें सौंपा है। उन्होंने कहा, ''मैं उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं और पार्टी ने मुझे राज्य के लोगों की सेवा करने के लिए यहां रखा है।''

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.

नई दिल्ली, गुरुवार 3 अप्रैल 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



दयाशंकर सिंह ने बक्सर के छोटका राजपुर में ब्रह्म विद्यालय व आश्रम में महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।




# विश्व के इतिहास में बड़े भाई की चरण पादुकाओं को राज सिहाँसन पर रख और अपने ख़ुद के राज्य अधिकारों को छोड़ राजपाट चलाने का उदाहरण और कहीं नहीं मिलता: भाई जी रमेश भाई ओझा









नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध कथा व्यास भाईश्री रमेश भाई ओझा ने दिल्ली के पंजाबी बाग स्टेडियम में आयोजित एकल श्री राम कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के इतिहास में बड़े भाई की चरण पादुकाओं को राज सिहाँसन पर रख और अपने ख़ुद के राज्य अधिकारों को छोड़ राजपाट चलाने का उदाहरण और कहीं नहीं मिलता । उन्होंने कहा कि ऐसा आचरण राम राज्य में ही संभव है। रामायण विश्व मानवता को यह बात भी सिखाती है कि भगवान श्री राम चौदह वर्षों के वनवास में अपने आपको तपा कर, राक्षसों का नाश कर और मानव कल्याण कर कैसे मर्यादा पुरुषोत्तम बनें ।दूसरों की समस्याओं को समझ कर और उनकी पीड़ा को हरना भगवान राम जैसा देवता ही कर सकता है।

इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उप मुख्यमंत्री, प्रवेश वर्मा और मन्त्री मनजिंदर सिंह सिरसा तथा अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद दिनेशजी, महामंत्री बजरंग बागड़ा और अन्य अतिथिगण मौजूद रहे।

एकल अभियान के अंतर्गत संचालित भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा शिक्षित, स्वस्थ एवं स्वावलंबी राष्ट्र निर्माण के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनाये जा रहें 'रजत जयंती वर्ष' के उपलक्ष्य में पर भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 चैत्र नवरात्रि पर नई दिल्ली के पंजाबी बाग स्टेडियम रिंग रोड नई दिल्ली में गुजरात के सुप्रसिद्ध कथा व्यास भाईजी रमेश भाई ओझा के सानिध्य में आयोजित भव्य एकल रामकथा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु और श्रोतागण पहुंचें ।

कथा व्यास ओझा जी ने कहा कि आज के समय में कथाकारों की बहुत जरूरत है। और मैंने एकल विद्यालय के ऐसे वनवासी कथाकारों को तैयार किया है, जो वनवासी समाज की भाषा में ही उनको कथा सुनाये, एकल श्रीहरि के बच्चियों ने जो कीर्तन सुनाया वह मुझे बहुत अच्छा लगा।

व्यास पीठ का काम विचार देना होता है और ऐसे कई सुयोग्य कथाकार काम कर रहे हैं, जिन्हें देखकर गौरव की भी

**नई दिल्ली के पंजाबी बाग स्टेडियम (जन्माष्टमी पार्क) रिंग रोड पर *एकल भारत लोक शिक्षा परिषद् के 'रजत जयंती वर्ष' के उपलक्ष्य में ''एकलश्रीरामकथा'' का भव्य आयोजन**

अनुभव होता है और संतोष की भी अनुभूति होती है कि यह यात्रा बहुत गौरवपूर्वक आगे बढ़ेगी। भगवान राम ने दुनिया को बुराइयों पर अच्छाइयों की विजय का मार्ग दिखा कर और राम राज्य स्थापित कर सम्पूर्ण मानव जाती का कल्याण किया।

इस अवसर पर एकल अभियान के प्रणेता श्याम गुप्ता, भारत लोक शिक्षा परिषद के ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन लक्ष्मी नारायण गोयल, मुख्य संयोजक सुभाष अग्रवाल, ट्रस्टी ओम प्रकाश सिंघल, विनीत कुमार गुप्ता, नरेश कुमार, सुरेश कुमार जिंदल, सुरेन्द्र पाल गुप्ता, विवेक नागपाल मुख्य यजमान अनिल गुप्ता , मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन नीरज रायजादा, राष्ट्रीय प्रधान अखिल गुप्ता, राष्ट्रीय उपप्रधान संजीव टेकड़ीवाल, राष्ट्रीय महामंत्री राजीव अग्रवाल, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुनील गुप्ता सहित कई गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अहिंसा विश्व भारती और विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश मुनि, निर्मल पंचायती अखाड़ा एवं अखिल भारतीय संत समिति निदेशक मंडल के अध्यक्ष महंत ज्ञानदेव सिंह जी, वृंदावन के स्वामी भास्करानंद जी, एकल अभियान के प्रणेता माननीय श्याम जी गुप्त, भारत लोक शिक्षा परिषद के ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन लक्ष्मी नारायण गोयल, मुख्य संयोजक सुभाष अग्रवाल, ट्रस्टी ओम प्रकाश सिंघल, विनीत कुमार गुप्ता, नरेश कुमार, सुरेश कुमार जिंदल, सुरेन्द्र पाल गुप्ता, विवेक नागपाल मुख्य यजमान अनिल गुप्ता जी, मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन नीरज रायजादा, राष्ट्रीय प्रधान अखिल गुप्ता, राष्ट्रीय उपप्रधान संजीव टेकड़ीवाल, राष्ट्रीय महामंत्री राजीव अग्रवाल, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुनील गुप्ता सहित कई गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।

इस अवसर पर 108 गाँव के बच्चे जो भगवान श्रीराम का रूप धारण करके मंच पर आये और आकर्षण के केंद्र बने। एकल श्रीराम कथा के शुभारम्भ से पहले ग्राम एवं नगर संगठन की 501 सौभाग्यशाली महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा श्री सनातन धर्म मंदिर, वेस्ट पंजाबी बाग से कथा स्थल तक भव्य शोभायात्रा निकली गयी ।कथा के दौरान 108 गांव के ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन सहस्त्र चंडी महायाग में पूजा पाठ हवन आदि वैदिक कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रतिदिन किया जा रहा है। इस आयोजन में देश भर से कई पूज्य संत, प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञ एवं सामजिक महानुभावों का आगमन भी होगा। इस अवसर पर भव्य एकल श्रीराम मंदिर की आलोकित झाँकी और एकल प्रदर्शन का आयोजन भी किया गया है साथ ही लाइव एकल स्कूल, लाइव कंप्यूटर लैब और सभी आयामों की प्रदर्शनियाँ तथा कथा का हर एकल स्कूल में लाइव प्रसारण भी किया जा रहा है।

# श्री राम जन्मभूमि मंदिर के सातों शिखरों का पूजन वैदिक परंपरा से संपन्न हुआ





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**अयोध्या** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव श्री चंपत राय जी ने आज भारतीय परंपरा अनुसार विक्रम संवत 2082 बुधवार चैत्र शुक्ल पंचमी , रोहिणी नक्षत्र , आयुष्मान योग तदनुसार 2 अप्रैल सन 2025 को श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर के सात मंदिरों के शिखरों का सामूहिक पूजन संपन्न करवाया, सभी शिखरों का अभिषेक किया गया ।

इस अवसर पर लार्सन टूब्रो ,टाटा कंसलटिंग इंजिनियर्स, तथा ट्रस्ट की ओर से सेवा प्रदान कर रहे इंजीनियर अन्य ट्रस्टी, पूज्य कमल नयन दास जी महाराज मणिराम दास छावनी अयोध्या तथा पूज्य गौरांग दास जी महाराज इस्कॉन मंदिर पालघर मुंबई महाराष्ट्र उपस्थित रहे, सेवारत सभी श्रमिकों, कारीगरो, सुरक्षा कर्मियों को प्रसाद वितरित हुआ।

# महाराष्ट्र के बुलढाणा में बस और एसयूवी की टक्कर में पांच लोगों की मौत, 12 घायल

**बुलढाणा**, (भाषा) महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में बुधवार तड़के महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस और एक 'स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल' (एसयूवी) की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह हादसा खामगांव-शेगांव राजमार्ग पर सुबह चार बजे से पांच बजे के बीच हुआ। एमएसआरटीसी की बस की टक्कर बोलेरो (एसयूवी) से हो गई। उन्होंने बताया कि इसके तुरंत बाद एक निजी बस ने दोनों वाहनों को टक्कर मार दी।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, ''एसयूवी में वाहन चालक सहित पांच लोग सवार थे, जो कोल्हापुर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एमएसआरटीसी की बस से उनकी टक्कर हो गई। राज्य परिवहन की बस पुणे से अमरावती जिले के परतवाड़ा जा रही थी।'' हादसे में एसयूवी में सवार चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि वाहन चालक बच गया। अधिकारी ने कहा, ''इस हादसे के बाद सड़क पर खड़ी एमएसआरटीसी बस से एक निजी बस आकर टकरा गई जिससे उसमें सवार एक महिला यात्री की मौत हो गई।'' एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस दुर्घटना में कुल पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने एसयूवी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

# म्यामां में भूकंप: मृतक संख्या 3000 के पार, सेना ने संघर्षविराम घोषित किया

**बैंकाक,** (एपी) म्यांमा में सत्तारूढ़ सेना ने देश में जारी गृहयुद्ध को लेकर बुधवार को अस्थायी संघर्षविराम की घोषणा की ताकि 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद राहत प्रयासों में मदद मिल सके। इस भूकंप में 3,000 से अधिक लोगों की मौत हुई है।

सेना की उच्च कमान की यह घोषणा बुधवार देर शाम सरकारी टेलीविजन एमआरटीवी पर प्रसारित की गई। घोषणा में कहा गया कि यह संघर्षविराम 22 अप्रैल तक जारी रहेगा और इसका उद्देश्य शुक्रवार के भूकंप से प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूति प्रदर्शित करना है।

यह घोषणा सैन्य शासन का विरोध करने वाले सशस्त्र प्रतिरोध संगठनों द्वारा घोषित एकतरफा अस्थायी युद्ध विराम के बाद की गई है।

सेना के बयान में कहा गया है कि इन संगठनों को राज्य पर हमला करने या फिर से संगठित होने से बचना चाहिए, अन्यथा सेना 'आवश्यक' कदम उठाएगी।

बुधवार को इससे पहले, बचावकर्मियों ने भूकंप के पांच दिन बाद देश की राजधानी में एक होटल के खंडहरों से दो लोगों को जीवित निकाला और एक अन्य शहर के गेस्टहाउस से तीसरे व्यक्ति को जीवित निकाला। लेकिन अधिकतर टीम को केवल शव ही मिल रहे थे।

शुक्रवार दोपहर भूकंप आने के कारण हज़ारों इमारतें ढह गईं, पुल ढह गए और सड़कों में जगह-जगह दरारें पड़ गईं।

# माकपा की बैठक में भाजपा को हराने पर वामपंथी दलों का ध्यान

**मदुरै** (तमिलनाडु), (भाषा) मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के अंतरिम समन्वयक प्रकाश करात ने बुधवार को कहा कि केवल वामपंथियों के पास ही हिंदुत्व के ''नव-फासीवाद'' से मुकाबला करने की क्षमता है।उन्होंने मदुरै में शुरू हुई 24वीं पार्टी कांग्रेस में कहा कि माकपा वामपंथी एकता को मजबूत करने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक ताकतों को एक साथ लाने की दिशा में काम करेगी।



मदुरै के थमुक्कम मैदान में यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) महासचिव डी. राजा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) लिबरेशन (भाकपा-माले) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) महासचिव मनोज भट्टाचार्य और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक (एआईएफबी) महासचिव जी. देवराजन भी उद्घाटन सत्र में शामिल हुए।

पार्टी कांग्रेस के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए करात ने कहा कि सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी की प्रकृति का अंदाजा तीन सवाल पूछकर लगाया जा सकता है- कौन डोनाल्ड ट्रंप (अमेरिका के राष्ट्रपति) का दोस्त होने का दावा करता है? गौतम अदाणी और मुकेश अंबानी का करीबी दोस्त कौन है? आरएसएस के प्रति कौन वफादार है? करात ने कहा, ''इन तीनों सवालों के जवाब एक ही हैं -- नरेन्द्र मोदी और भाजपा।''

करात ने दावा किया कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ''हिंदुत्व-कॉरपोरेट गठजोड़ का प्रतिनिधित्व करती है, जो अमेरिकी साम्राज्यवाद से निकटता से जुड़ा हुआ है''। उन्होंने कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल में सरकार ''नव-फासीवादी विशेषताओं'' को प्रदर्शित कर रही है, जिसमें मुस्लिम अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाना शामिल है।

करात ने कहा, ''यह वामपंथ ही है जिसके पास हिंदुत्व नव-फासीवाद से लड़ने और उसका मुकाबला करने के लिए वैचारिक क्षमता और दृढ़ विश्वास है। केवल वामपंथी ही हमारे देश में साम्राज्यवादी ताकतों के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व कर सकते हैं। वामपंथी लोकतांत्रिक विकल्प बनाने के लिए माकपा सभी वामपंथी ताकतों के साथ मिलकर काम करेगी।''

वाम एकता को मजबूत करने पर जोर देते हुए वरिष्ठ वामपंथी नेता ने यह भी कहा कि पार्टी कांग्रेस इस मुख्य मुद्दे पर विचार करेगी कि माकपा की ताकत कैसे बढ़ाई जाए। अपने संबोधन में राजा ने कहा, ''भाजपा-आरएसएस शासन के तहत वर्ग, जाति और पितृसत्ता का संरचनात्मक उत्पीड़न क्रूर हो गया है, जो पूंजीपति वर्ग के राजनीतिक हथियार के अलावा और कुछ नहीं है। भारत न केवल खराब शासन का सामना कर रहा है, बल्कि शोषण के लिए बनाई गई व्यवस्था के तहत घुट रहा है।'' उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सभी कम्युनिस्ट और वामपंथी ताकतों को ''कॉरपोरेट-सांप्रदायिक हमले'' के खिलाफ प्रतिरोध खड़ा करने के लिए सैद्धांतिक एकता बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''हमें बेजुबानों की आवाज बनना चाहिए। जय भीम, लाल सलाम और इंकलाब जिंदाबाद सिर्फ नारे नहीं हैं।''

भाकपा (माले) के भट्टाचार्य ने गृह मंत्री अमित शाह की भारत को ''नक्सल मुक्त'' बनाने की घोषणा पर चिंता व्यक्त की, और आरोप लगाया कि सरकार ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में आदिवासियों के खिलाफ ''क्रूर युद्ध'' छेड़ दिया है।

वामपंथी एकता के आह्वान को दोहराते हुए उन्होंने कहा, ''हमें राज्य सत्ता के आंतक और निगरानी के शासन को तत्काल समाप्त करने और बिना किसी निष्पक्ष सुनवाई के अनिश्चितकालीन हिरासत में रखे गए सभी कार्यकर्ताओं की रिहाई के लिए लड़ना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''हमारे सभी ऐतिहासिक मतभेदों के बावजूद, हम भाकपा (माले) में माकपा और भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन के अन्य वर्गों के साथ मिलकर पहले से कहीं अधिक निकटता से काम करने की आशा करते हैं, ताकि वर्तमान चुनौतियों का सामना किया जा सके।'' वामपंथी नेताओं ने एक स्वर में गाजा में इजराइल के हमले की निंदा की तथा अंतरराष्ट्रीय स्थिति, विशेषकर ट्रंप प्रशासन के तहत अमेरिका की स्थिति पर चिंता व्यक्त की।

आयोजन स्थल का नाम ''कॉमरेड सीताराम येचुरी नगर'' रखा गया है। यह नाम माकपा के पूर्व महासचिव सीताराम येचुरी के सम्मान में रखा गया है। यह सम्मेलन केरल के पार्टी नेता कोडियेरी बालकृष्णन के नाम पर बने हॉल में आयोजित किया जा रहा है। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए मजदूर वर्ग के लोगों और युवाओं को संगठित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 24वीं पार्टी कांग्रेस धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ताकतों को एकजुट करने का रास्ता दिखाएगी।

पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने येचुरी, कोडियेरी, बुद्धदेव भट्टाचार्य और एन शंकरैया को श्रद्धांजलि देते हुए एक संदेश पढ़ा। उन्होंने उन पार्टी कार्यकर्ताओं को भी श्रद्धांजलि दी जो ''मारे गए''। वृंदा करात ने कहा कि 2022 में आयोजित पार्टी के पिछले सम्मेलन के बाद से 22 पार्टी कार्यकर्ताओं की जान जा चुकी है।

'अखिल भारतीय पार्टी कांग्रेस' माकपा की सर्वोच्च इकाई है जिसकी बैठक आमतौर पर हर तीन साल में एक बार माकपा की केंद्रीय समिति द्वारा बुलाई जाती है।

निवर्तमान केंद्रीय समिति एक नयी केंद्रीय समिति के चुनाव के लिए नामों की सिफारिश करेगी। समिति महासचिव सहित पोलित ब्यूरो के सदस्यों का भी चुनाव करेगी।

पिछले साल सीताराम येचुरी के निधन के बाद माकपा महासचिव का पद खाली हो गया था और करात ने पार्टी के अंतरिम समन्वयक के रूप में कार्यभार संभाला था।--

# वक्फ संपत्तियों के लिए सही नहीं वक्फ संशोधन विधेयक: एआईएमपीएलबी

**लखनऊ/वाराणसी/ बरेली** (उप्र), (भाषा) ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने वक्फ संशोधन विधेयक पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि यह वक्फ संपत्तियों के लिए लाभकारी होने के बजाय नुकसानदेह होगा।

एआईएमपीएलबी के वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''एआईएमपीएलबी और अन्य मुस्लिम संगठनों ने विधेयक पर अपनी चिंताओं से संयुक्त संसदीय समिति को अवगत कराया था, लेकिन इस पर विचार नहीं किया गया। इसके बाद, दिल्ली और पटना समेत कई शहरों में विरोध प्रदर्शन किए गए जहां प्रदर्शनकारियों ने असहमति दर्ज कराने के लिए सांकेतिक रूप से काली पट्टी बांधी।'' उन्होंने कहा, ''हमने सभी सांसदों से मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को समझने और प्रस्तावित संशोधनों को खारिज करने का आग्रह किया है।' इस बीच, वाराणसी में विभिन्न अदालती मामलों में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि विधेयक में कई वक्फ बोर्ड के पहले के कुछ अधिकारों को कम करने का प्रावधान है, जो एक सकारात्मक कदम है।

जैन ने कहा, ''यह विधेयक वक्फ की परिभाषा में महत्वपूर्ण बदलाव करता है और इसकी अनियंत्रित शक्तियों को सीमित करता है। यह एक स्वागत योग्य कदम है, लेकिन कुछ पहलुओं पर अभी भी ध्यान देने और बहस की आवश्यकता है।'' उन्होंने कहा, ''वक्फ संशोधन विधेयक के माध्यम से हमें बहुत राहत मिली है। लेकिन अभी भी बहुत कुछ बाकी है। गलत तरीके से जिन संपत्तियों को वक्फ संपत्ति नामित किया गया उन्हें वापस लेने का कोई प्रावधान नहीं है। उदाहरण के लिए, किसी अन्य धर्म या न्यास की संपत्ति जो




सरकारी संपत्ति नहीं है और जिसे वक्फ संपत्ति नामित किया गया है, उसे वापस लेने का कोई प्रावधान नहीं है।''जैन ने कहा कि उन्होंने उपरोक्त मुद्दों पर कोई प्रावधान नहीं किए जाने के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया है।

बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि इसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''हम ऐसे किसी भी प्रस्तावित कानून को स्वीकार नहीं कर सकते और न ही हम संवैधानिक ढांचे से परे किसी भी चीज का समर्थन कर सकते हैं। हम लोकतांत्रिक तरीकों से वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करेंगे।''

रजा ने कहा, ''हम पर वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण करने का आरोप है, लेकिन हमारे पूर्वजों ने अपनी संपत्ति वक्फ के लिए समर्पित की थी। कई शासकों ने भी यही किया, मंदिर बनवाए और संपत्तियां उन्हें दान कर दीं। अब उन्हीं संपत्तियों को छीना जा रहा है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य मुसलमानों को परेशान करना और उनकी जमीनों पर कब्जा करना है।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.- 011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।